3 राजधानी
रेलवे स्टेशन पर महिला से गैंग रेप

6 प्रादेशिकी
बेकाबू डंपर ने छह कांवड़ियों को कुचला

9 राष्ट्रीय
चेन्नई हवाईअड्डे पर 94 लाख मूल्य के रत्न जब्त

10 विदेश
हमजा पंजाब के फिर मुख्यमंत्री बने

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 255
नई दिल्ली, रविवार, 24 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अन्नू रानी विश्व चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# बंगाल के वरिष्ठ मंत्री चटर्जी गिरफ्तार

**भर्ती घोटाला**

● स्कूल स्तर के भर्ती मामले में ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई, मंत्री के निजी सचिव भी गिरफ्त में आए, दो दिन की हिरासत में

● एक दिन पहले ही चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के घर से भारी मात्रा में मिली थी नकदी, आभूषण और दस्तावेज

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता



ईडी की हिरासत में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री पार्थो चटर्जी

**स्कूल** स्तर के भर्ती घोटाले में बंगाल के उद्योग मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थो चटर्जी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। एक दिन पहले ही ईडी ने उनकी करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के घर से भारी मात्रा में नकदी, आभूषण और दस्तावेज बरामद किए थे। अदालत ने उन्हें दो दिन के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया है।

ईडी ने शुक्रवार को पूरे बंगाल में 14 जगहों पर छापेमारी की थी। अदालत में पेश होने के तुरंत बाद अस्वस्थ होने की शिकायत करने पर चटर्जी को राज्य सरकार द्वारा संचालित एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईडी ने उन्हें केंद्र सरकार द्वारा संचालित मेडिकल अस्पताल में भेजने की अपील की थी जिसे अदालत ने ठुकरा दिया। ईडी सूत्रों ने बताया कि चटर्जी और अर्पिता के अलावा मंत्री के निजी सचिव सुकांतो आचार्य को भी गिरफ्तार किया गया है। जांच एजेंसी ने वकील से अभिनेत्री बनी अर्पिता के अपमार्केट अपार्टमेंट से 21.20 करोड़ रुपये बरामद किए थे। सूत्रों ने बताया कि उसके परिसर से जमीन जायदाद के कम से कम 10 अन्य कागजात और आभूषण एवं एक करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा बरामद की गई।

चटर्जी के एक और सहयोगी मोनालिसा दास भी ईडी के रडार पर हैं। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर दास के पास शांतिनिकेतन सहित विभिन्न स्थानों पर कम से कम 10 अपार्टमेंट और बंगले हैं। ईडी अधिकारियों ने शिक्षा विभाग के लिफाफों में लिपटी नोटों की गड्डियां बरामद की हैं। सूत्रों ने कहा (शेष पेज 8)

## तृणमूल ने बनाई चटर्जी व अन्य आरोपियों से दूरी

**तृणमूल** कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि चटर्जी और जिन लोगों से धन, आभूषण या अन्य चीजें बरामद हुईं, उनसे तृणमूल कांग्रेस का कोई संबंध नहीं है। हालांकि घोष ने इस पर आश्चर्य जताया कि नारद वीडियो में खुले तौर पर नकदी स्वीकार करते देखे गए सुवेंदु अधिकारी से सीबीआई और ईडी द्वारा पूछताछ क्यों नहीं की जा रही है। उनका नाम तो चिटफंड मामलों की प्राथमिकी में लिखा था। इसका मतलब यह है कि यदि चटर्जी भाजपा में शामिल हो गए होते तो न उनसे ईडी द्वारा पूछताछ की गई होती और न ही कुछ बरामद होता। वह भाजपा की वाशिंग मशीन में पाक-साफ हो गए होते। मंत्री फिरहाद हकीम ने कहा कि विपक्षी दल टीएमसी को फंसा रहे हैं। वे भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं का नाम क्यों नहीं ले रहे हैं, जिनके साथ मेहुल चौकसी या नीरव मोदी की तस्वीरें हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री या टीएमसी को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

## तृणमूल कांग्रेस भ्रष्टाचार का पहाड़ः अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उसे भ्रष्टाचार का पहाड़ करार दिया। उन्होंने यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल में कथित शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में राज्य के मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद की। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चटर्जी की करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को भी हिरासत में लिया है, जिनके परिसरों से 21 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई है। ठाकुर ने यहां जारी बयान में कहा, तृणमूल कांग्रेस भ्रष्टाचार का पहाड़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनके शासन में हुए घोटालों के खुलासे पर (शेष पेज 8)

# मीडिया ट्रायल लोकतंत्र के लिए हानिकारक

● न्यायपालिका की निष्पक्षता और कामकाज होता है प्रभावितः सीजेआई

● प्रिंट मीडिया में कुछ हद तक जवाबदेही बची है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक में नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची



**भारत** के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमण ने शनिवार को कहा कि मीडिया द्वारा चलाई जा रही कंगारू अदालतें और एजेंडा आधारित बहसें लोकतंत्र के लिए हानिकारक हैं। रांची में न्यायमूर्ति सत्यव्रत सिन्हा की याद में स्थापित व्याख्यान के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने यह भी कहा कि मीडिया ट्रायल से न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्ष कामकाज प्रभावित होता है।

उन्होंने कहा, मीडिया ट्रायल किसी मामले में फैसला लेने में मार्गदर्शक कारक साबित नहीं हो सकता है। पिछले कुछ समय में हमने मीडिया को कई बार उन मुद्दों को लेकर कंगारू अदालतें चलाते देखा है, जिनमें यहां तक कि अनुभवी न्यायाधीशों के लिए भी निर्णय लेना मुश्किल होता है। न्याय प्रदान करने से जुड़े मुद्दों पर गलत सूचना का प्रसार और एजेंडा आधारित बहस लोकतंत्र के लिए हानिकारक साबित हो रही है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, मीडिया द्वारा प्रचारित किए जा रहे पक्षपातपूर्ण विचार लोगों को प्रभावित कर रहे हैं, लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं और व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इससे न्याय देने की प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अपनी जिम्मेदारियों से भागकर आप हमारे लोकतंत्र को दो कदम पीछे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया में अभी भी कुछ हद तक जवाबदेही बची है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की कोई जवाबदेही नहीं है, क्योंकि यह जो दिखाता है, वह हवा में गायब हो जाता है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि कई बार मीडिया में, खासकर सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों के खिलाफ अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारियों की लगातार अनदेखी और उससे पैदा सामाजिक अशांति के कारण मीडिया के लिए सख्त नियम बनाने और जवाबदेही तय करने की मांग जोर पकड़ रही है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हालिया ट्रेंड को देखते हुए अपने शब्दों पर विचार करना और नाप-तौलकर बोलना वास्तव में मीडिया के हित में है। आपको अपनी जिम्मेदारी की अनदेखी करके सरकार या अदालतों को हस्तक्षेप करने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, न्यायाधीश तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देते। लेकिन कृपया इसे उनकी कमजोरी या लाचारी न समझें। जब आजादी का उसके अधिकार क्षेत्र में जिम्मेदारी से इस्तेमाल किया जाता है तो उचित या आनुपातिक प्रतिबंध लगाने की जरूरत नहीं पड़ती।

न्यायमूर्ति रमण ने मीडिया, खासकर इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया से जिम्मेदारी के भाव से काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शक्ति का इस्तेमाल एक प्रगतिशील, समृद्ध और शांतिपूर्ण भारत का निर्माण करने के सामूहिक प्रयास की दिशा में लोगों को शिक्षित करने और राष्ट्र को सक्रिय करने के लिए किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति रमण ने न्यायपालिका को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि न्यायाधीशों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि एक न्यायाधीश, जिसने दशकों तक पीठ में सेवाएं देते हुए कुख्यात अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला हो, एक बार जब वह सेवानिवृत्त हो जाता है तो कार्यकाल के (शेष पेज 8)

## योगी सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को दी बड़ी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2022-23 के लिए जारी बिजली की नई दरों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की है। यानी लगातार तीसरे वर्ष भी बिजली दरें यथावत ही रहेंगी। उप्र विद्युत नियामक आयोग ने बिजली दर की नई टैरिफ जारी कर दिया है। इससे पहले 3 सितंबर 2019 में बिजली दर बढ़ी थी। नई बिजली दर में घरेलू उपभोक्ताओं के अधिकतम 7 रुपये प्रति यूनिट के स्लैब को समाप्त कर दिया गया है। यानी अब घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं शहरी की अधिकतम बिजली दर 6.50 रुपये प्रति यूनिट और ग्रामीण क्षेत्र में 5.50 रुपये प्रति यूनिट ही होगी। इसके अलावा नोएडा पावर कंपनी क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को भी बड़ी राहत देते हुए बिजली दरों में 10 प्रतिशत की कमी की गई है। सरकार के इस फैसले से 500 यूनिट तक बिजली का उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं यानी मध्यम वर्ग के शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं को (शेष पेज 8)

# कांग्रेस ने गोवा में बार को लेकर ईरानी पर निशाना साधा



**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की पुत्री पर गोवा में अवैध बार चलाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने मंत्रिमंडल से ईरानी को बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के परिवार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं।

गोवा में उनकी बेटी द्वारा चलाए जा रहे रेस्त्रां पर शराब परोसने के लिए फ़र्जी लाइसेंस जारी करवाने का आरोप लगा है और यह कोई सूत्रों के हवाले से अथवा एजेंसियों द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध लेने के लिए लगाया गया आरोप नहीं है, बल्कि सूचना का (शेष पेज 8)

## केंद्रीय मंत्री ने पलटवार किया सबूत दिखाने की चुनौती दी



**नई दिल्ली।** स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, मेरी बेटी की गलती यह है कि उसकी मां सोनिया और राहुल गांधी की 5,000 करोड़ रुपए की लूट पर संवाददाता सम्मेलन करती है। उसकी गलती यह है कि उसकी मां ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा। ईरानी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस ने उनकी बेटी जोइश का चरित्र हनन किया और (शेष पेज 8)

## दिल्ली आबकारी नीति बनाने वाले नौकरशाहों अफसरों पर शिकंजा

**संजय राय।** नई दिल्ली

**दिल्ली** आबकारी नीति बनाने वाले अधिकारी और नौकरशाह निशाने पर आ गए हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य सचिव को दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने में कथित गड़बड़ी और कार्यान्वयन में अधिकारियों की भूमिका पर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। एलजी के रिपोर्ट मांगने के बाद तत्कालीन आबकारी आयुक्त, प्रमुख सचिव (वित्त) और आबकारी विभाग और वित्त विभाग के अन्य अधिकारियों की भूमिका जांच के दायरे में है। उपराज्यपाल पहले ही दिल्ली सरकार की आबकारी नीति से संबंधित नियमों के कथित उल्लंघन और प्रक्रिया में खामियों की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश कर चुके हैं, जिसमें उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को बनाने और कार्यान्वयन में कथित रूप से नियमों का उल्लंघन और जानबूझकर गलती की (शेष पेज 8)

अपील

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

माननीय उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन और दिशानिर्देशों तथा दिल्लीवासियों के सहयोग से हम निरंतर राजधानी में बेहतर नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रयासरत हैं।

इस दिशा में दिल्ली में स्थित कूड़े के पहाड़ों का वैज्ञानिक तरीके एवं जन सहयोग से उनको पूरी तरह समाप्त करने का भी प्रयास किया जा रहा है। जैसा कि आप सभी जानते हैं, सारी दिल्ली का कूड़ा गाजीपुर, ओखला तथा भलस्वा सैनिटरी लैंडफिल साईट पर जाता है। पिछले 35 से 40 वर्षों से निरन्तर कूड़ा डाले जाने के कारण, इन तीनों स्थानों पर कुल 280 लाख टन कूड़े के लगभग 50 से 60 मीटर ऊँचाई के पहाड़ बन गए हैं।

पिछले कुछ दिनों से नगर निगम की तमाम ईकाइयां इस कूड़े का निस्तारण कर इन पहाड़ों की ऊँचाई कम करने में लगी हुई है। इस क्रम में जहां एक तरफ हम प्लास्टिक कूड़े का प्रयोग Waste to Energy Plant में कर बिजली बना रहे हैं, वहीं Construction & Demolition Waste (C&D waste) और Inert Waste को भी अलग कर उन्हें उपयोगी उत्पादों में परिवर्तित कर रहे हैं, जिनका इस्तेमाल गड्ढों की भराई, इमारतों की नींव भरने, सड़क निर्माण तथा इंटर-लॉकिंग ब्लॉक बनाने इत्यादि में किया जा सकता है।

हमारी दिल्ली तथा आसपास के NCR इलाके के आम लोगों, बिल्डरों, सड़क निर्माताओं, ठेकेदारों तथा सम्बंधित सरकारी एजेंसियों से अपील है कि वह C&D तथा Inert material का अपने निर्माण कार्यो में समुचित उपयोग करें और इन पहाड़ों को खत्म करने में हमारे सहभागी बनें।

यह निर्णय लिया गया है कि कोई भी विभाग, संस्था, व्यक्ति या ठेकेदार इत्यादि इन तीनों लैंडफिल साइटों पर उपलब्ध C&D तथा Inert material को अपने प्रयोग हेतू स्वयं के साधन से निःशुल्क ले जा सकता है। इस संदर्भ में आप e-mail ID: ceprojectmcd@gmail.com पर अपनी जरूरतों का ब्यौरा देकर दिल्ली नगर निगम से अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्य के लिए, नोडल अधिकारी श्री संजय हिंगोरानी टेलीफोनः 011-23226903, 9717788196 (WhatsApp) से भी संपर्क किया जा सकता है।

आयुक्त
दिल्ली नगर निगम

R.O. No.18/DPI/MCD/2022-23

आईये हम सब मिलकर दिल्ली को कूड़े के इन पहाड़ो से मुक्त करें।

**बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,072 | |
| निफ्टी | 16,719 | |
| सोना | 50,341 | /10g |
| चांदी | 55,164 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### अब दिन-रात दोनों समय फहरा सकते हैं तिरंगा

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश की झंडा संहिता मे बदलाव किया है, जिसके तहत अब तिरंगा दिन और रात दोनों समय फहराए जाने की अनुमति रहेगी। साथ ही अब पॉलिएस्टर और मशीन से बने राष्ट्रीय ध्वज का भी उपयोग किया जा सकता है। आजादी का अमृत महोत्वस के तहत सरकार 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रही है, जिसके मद्देनजर यह कदम सामने आया है। सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सचिवों को लिखे एक पत्र मे केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का प्रदर्शन, फहराना और उपयोग भारतीय झंडा संहिता, 2002 और राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत आता है। पत्र के मुताबिक, भारतीय झंडा संहिता, 2002 मे 20 जुलाई, 2022 के एक आदेश के जरिए संशोधन किया गया है।

# दलगत राजनीति से ऊपर उठें पार्टियां: कोविंद

● अपने विदाई कार्यक्रम में बोले निवर्तमान राष्ट्रपति

**भाषा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में संसद के सेंट्रल हाल में अपने विदाई समारोह में उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित गणमान्य लोगों का अभिवादन करते रामनाथ कोविंद

**निवर्तमान** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को नागरिकों से विरोध व्यक्त करने और अपनी मांगों को आगे बढ़ाने के लिए गांधीवादी तरीकों को अपनाने की अपील की। उन्होंने राजनीतिक दलों से राष्ट्रीय हित में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लोगों के कल्याण के लिए जरूरी चीजों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आह्वान किया।

संसद के सेंट्रल हॉल में अपने विदाई भाषण में सांसदों को संबोधित करते हुए कोविंद ने भारतीय संसदीय प्रणाली की तुलना एक बड़े परिवार से की और सभी पारिवारिक मतभेदों को हल करने के लिए शांति, सद्भाव और संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपना विरोध व्यक्त करने और अपनी मांगों के समर्थन में दबाव बनाने का नागरिकों को संवैधानिक अधिकार है, लेकिन उन्हें (नागरिकों को) गांधीवादी तरीकों को अपनाकर अपने अधिकारों का शांतिपूर्वक उपयोग करना चाहिए।

कोविंद ने राजनीतिक दलों को अपने संदेश में कहा, जैसा कि किसी भी परिवार में होता है, संसद में कभी-कभी मतभेद होते हैं और विभिन्न राजनीतिक दलों के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। लेकिन हम सभी इस संसदीय परिवार के सदस्य हैं जिनकी सर्वोच्च प्राथमिकता निरंतर राष्ट्र हित में काम करने की होनी चाहिए। उनकी टिप्पणी ऐसे समय में काफी मायने रखती है, जब कई मुद्दों पर विपक्ष के विरोध के कारण संसद की कार्यवाही अक्सर बाधित हो रही है। देश के अलग-अलग हिस्सों में भी हिंसक (शेष पेज 8)

# ग्रेटर नोएडा में मिलेगी सस्ती बिजली

## उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की रिपोर्ट पर योगी सरकार का फैसला

● एनपीसीएल के सभी उपभोक्ताओं के लिए बिजली यूनिट दरों में 10 प्रतिशत की कटौती का ऐलान किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



महंगी बिजली से आजिज ग्रेटर नोएडा के लोगों को यूपी की योगी सरकार ने शनिवार को बड़ा तोहफा दिया है।

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड एनपीसीएल के सभी उपभोक्ताओं के लिए बिजली यूनिट दरों में 10 प्रतिशत की कटौती का ऐलान किया है। इससे ग्रेटर नोएडा के लाखों उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। ग्रेटर नोएडा में सैकड़ों की संख्या में सोसायटी, कालोनियों और गांवों में रहने वाले लाखों लोग बढ़े हुए बिजली दरों से परेशान थे।

दाम में कटौती का सबसे अधिक लाभ सोसायटी में रहने वाले उपभोक्ताओं को मिलेगा। एनपीसीएल ने पिछले साल उपभोक्ताओं से बिजली आपूर्ति की औसत लागत से कहीं ज्यादा कमाई की थी। इसे लेकर पिछले दिनों उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने एक बैठक की थी। इस बैठक में एनपीसीएल की चालू वित्तीय वर्ष के लिए बिजली दर के प्रस्ताव पर चर्चा हुई थी। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कंपनी द्वारा लागत से प्रति यूनिट 2.05 रुपये तक ज्यादा कमाने का मुद्दा उठाते हुए बिजली दर कम करने और मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की थी।

नोएडा पावर कंपनी का लाइसेंस अगले वर्ष 30 अगस्त को खत्म हो जाएगा। इसी के मद्देनजर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने ग्रेटर नोएडा की बिजली आपूर्ति कंपनी से वापस लेकर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम को सौंपने की मांग रखी है।

इस बाबत परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि 30 वर्ष पुराने लाइसेंस की शर्तों के तहत प्रदेश सरकार और पावर कारपोरेशन को लाइसेंस खत्म होने की तिथि से एक वर्ष पहले कंपनी को नोटिस देना होगा। ऐसे में अगले 39 दिनों में कंपनी को कानूनन नोटिस देना होगा।

नगर निगम और विद्युत विभाग में जंग

# जिलाधिकारी ने आधी रात को शुरू कराई बिजली सप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दो विभागों में चली जंग का पटाक्षेप आधीरात डीएम आरके सिंह ने आधी रात को किया। उनके हस्तक्षेप के बाद ही साईं उपवन स्थित साईं बाबा मंदिर कांवड़ सेवा शिविर का काटा गया बिजली का कनेक्शन जुड़ पाया। तब कहीं जाकर निगम के अधिकारियों और शिविर संचालकों को राहत मिली।

बिजली विभाग और नगर निगम के बीच चली आ रही जंग में एक बार फिर से उजागर हो गई। अचानक से बिजली विभाग की टीम साईं उपवन में चल रहे नगर निगम के कांवड़ सेवा शिविर पहुंची और बिजली कनेक्शन काट दिया।

बिना किसी नोटिस के की गई इस कार्रवाई के बाद निगम अधिकारियों के होश उड़ गए। बिजली विभाग की अचानक से निगम पर हुई यह कार्रवाई अब चर्चा का विषय बनी हुई है।

निगम के कई कर्मियों का मानना है कि बिजली विभाग ने साईं बाबा मंदिर कांवड़ सेवा शिविर का बिजली कनेक्शन जानबूझकर बदले की भावना से काटा है। दरअसल गत दिनों नगर निगम ने नवयुग मार्केट में बने एक नाले को पाट कर बनाए जा रहे बिजली विभाग के निर्माणाधीन ऑफिस को निगम की टीम ने तोड़ दिया। आशंका है कि इसी के बाद कल देर सायं बिजली विभाग ने निगम का बिजली कनेक्शन काट कर बदला ले लिया। अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव ने बिजली कनेक्शन जोडने के लिए विद्युत वितरण खंड सात के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखा। उनसे बिजली कनेक्शन जोडने का अनुरोध किया।

## संक्षिप्त समाचार



थाना फेस-3 व थाना बादलपुर में जन सुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं का निवारण करते पुलिस अधिकारी।

### जेनेटिक लैब शुरू, होगी बीटा थैले-सीमिया की जांच

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-30 स्थित पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीट्यूट आफ चाइल्ड हेल्थ में अनुवांशिक प्रयोगशाला की शुरुआत की गई। अस्पताल के निदेशक प्रो अजय सिंह ने बताया कि अभी तक मरीजों के जेनेटिक बीमारियों का सैंपल संस्थान से बाहर भेजा जा रहा था। लेकिन अब जेनेटिक लैब का संचालन शुरू हो गया है। जिसमें बीटा थैलेसीमिया आदि की जांच प्रारंभ शुरू हो गई है। निकट भविष्य में अन्य दुर्लभ जेनेटिक विकारों की जांच भी की जाएगी। जेनेटिक बीमारियों से संबंधित ये जांच काफी महंगी और बड़े निजी अस्पतालों में ही होती है। ऐसे में मरीजों की काफी दिक्कत होती है। पीजीआई में इस लैब के शुरू होने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा मल्टीपर्पज सभागार और व्यायामशाला की शुरुआत भी की गई। सभागार में अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों लगाए गए है जिससे सेमिनार अन्य प्रेजेंटेशन में कोई परेशानी न हो।

### पिछले 100 दिन में 370 अपराधियों गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने शनिवार को अपने 100 दिन का खाका पब्लिक के साथ शेयर किया है। पुलिस कमिश्नर में 100 दिनों के काम की रिपोर्ट शासन को भी भेजी है। नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह बताया, 100 दिनों में टॉप-10 के 370 अपराधियों को जेल भेजा। 71 माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की। 52 माफियाओं को गिरफ्तार किया। 108 के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करते हुए 82 को गिरफ्तार किया गया। टॉप 10 अपराधियों, माफियाओं व गैंगस्टर एक्ट के अपराधियों की कुल 22 करोड़ 47 लाख 16 हजार रुपये की सम्पत्ति को कुर्क किया गया है।



आलोक सिंह

### कोरोना काल में योगदान देने वाली हस्तियां सम्मानित

**नोएडा।** कोविड-19 महामारी के समय समाज के प्रति अहम भूमिका निभाने वाले लोगों को बीती रात को पब्लिक पुलिस सामाजिक संस्था ने सेक्टर 15-ए क्लब में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया। इसमें पुलिस के आला अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, मीडिया कर्मी और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस के जी बालाकृष्णन ने कहा कि पुलिस पब्लिक संस्था का कार्य समाज के लोगों और पुलिस के प्रति आपसी विश्वास और सौहार्द कायम करना तथा लोगों को न्याय दिलाना है। उन्होंने बताया कि यह संस्था देश के दर्जनभर से ज्यादा प्रांतों में मौजूदा समय में काम कर रही है, तथा इसका विस्तार जारी है। इस अवसर पर बोलते हुए गौतम बुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त आलोक सिंह ने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट बनने के बाद गौतम बुद्ध नगर में निवेश बढ़ा है।

# शराब व पैसे मांगने पर दबंग की दो युवकों ने की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● गला घोंटकर शव कविनगर फेंका, आरोपी गिरफ्तार

शराब मंगाने और पैसे मांगने पर मारपीट करने वाले दबंग दोस्त को दो युवकों ने गला घोट कर मार डाला। कविनगर क्षेत्र में 14 जुलाई की सुबह उसका शव मिला था। पुलिस ने मामले का पर्दाफाश कर शनिवार को दोनों हत्यारोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों कामगार हैं और 5-6 साल से एक.दूसरे से परिचित थे।

सीओ कविनगर अवनीश कुमार ने बताया कि शाहजहांपुर के मदनापुर थानाक्षेत्र में गिरधरपुर गांव का निवासी पिंटू यादव 28 यहां ट्रैक्टर चलाता था। 14 जुलाई की सुबह नासिरपुर फाटक के पास ट्रैक्टर की ट्राली में उसका शव मिला था। उसके गले में गमछा पड़ा था। ट्रैक्टर मालिक ने उसकी पहचान की और स्वजन को सूचना दी। भाई सोनू ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। एसएचओ अमित कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से पिंटू की मौत की पुष्टि हुई थी। पूछताछ के बाद पता चला कि 13 जुलाई को पिंटू घटनास्थल के पास ही दो लोगों के साथ बैठकर शराब पी रहा था।

पुलिस ने श्याम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने प्रेम किशोर के साथ मिलकर पिंटू की हत्या की बात स्वीकार कर ली। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों ने बताया कि पिंटू दबंग किस्म का था। वह उनसे शराब मंगा लेता था और पैसे नहीं देता था।

# ग्रेनो के 16 और गांवों को किया जाएगा विकसित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



"ग्रेटर नोएडा का समग्र विकास करना है तो गांवों में भी सेक्टरों की तरह ही इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना होगा। प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। स्मार्ट विलेज के लिए 14 गांवों को चिंहित कर काम शुरू कराने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं अब वित्तीय वर्ष इस साल के लिए 16 और गांव चिंहित कर लिए गए हैं। इन गांवों में भी शीघ्र काम शुरू कराने और समय से पूरा कराने की कोशिश रहेगी। इससे ग्रामीणों का जीवन स्तर और बेहतर होगा"

**-सुरेन्द्र सिंह, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व मंडलायुक्त मेरठ**

पिछले साल ग्रेटर नोएडा के 14 गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने की प्रक्रिया शुरू कराने के बाद अब प्राधिकरण ने इस साल के 16 गांवों को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करने के लिए चिंहित कर लिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कंसल्टेंट का चयन कर ड्रोन सर्वे के जरिए इन गांवों की डीपीआर तैयार कराएगा। उसके बाद एस्टीमेट बनवाकर टेंडर निकालेगा और कंपनी का चयन कर निर्माम शुरू कराएगा। इन 16 गांवों पर करीब 160 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत 124 गांव आते हैं। इन गांवों को स्मार्ट विलेज में तब्दील करने की योजना है। प्राधिकरण का परियोजना विभाग पिछले साल चयनित 14 गांवों को स्मार्ट बनाने पर काम कर रहा है। प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर इस साल 16 और गांवों को स्मार्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा ने बताया कि जिन 16 गांवों को चिंहित किया गया हैए उनमें घोड़ी .बछेड़ा, कुलेसरा, खैरपुर गुर्जर, इटेहरा, हैबतपुर, धूम मानिकपुर, मिलक लच्छी, देवला, कैलाशपुर, कासना, डाढ़ा, ऐच्छर, खानपुर, मुरशदपुर, लुक्सर व साकीपुर शामिल हैं। अब इन गांवों की डीपीआर बनवाने के लिए कंसल्टेंट का चयन किया जाएगा। ड्रोन सर्वे कर डीपीआर बनेगी। उसके बाद एस्टीमेट तैयार कर निर्माण कार्य कराने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा और कंपनी का चयन कर निर्माण शुरू कराया जाएगा। इन गांवों को स्मार्ट बनाने में खर्च की सटीक लागत एस्टीमेट से पता चलेगी, लेकिन 160 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

इन गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने की योजना दो चरणों में परवान चढ़ेगी। पहले चरण में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा। मसलन, हर घर को पानी व सीवर कनेक्शन से जोड़ा जाएगा। सीवर लाइनों को एसटीपी से जोड़ा जाएगा। पूर्व में सीवर लाइनें आधी.अधूरी डाल दी गईं। उनको एसटीपी से नहीं जोड़ा गया। इन गांवों की सड़कें बेहतर की जाएंगी। नाली बनाई जाएंगी। हर गली में स्ट्रीट लाइट होगी।

कम्युनिटी हॉल बनेंगे। इन गांवों में विद्युतीकरण के कार्य भी होंगे। वहीं, दूसरे चरण में लाइब्रेरी, वाई-फाई की सुविधाए युवाओं के लिए ट्रेनिंग सेंटर, स्मार्ट क्लास बोर्ड आदि की सुविधा दी जाएगी। ट्रेनिंग सेंटर में युवाओं को रोजगार परक कोर्स की जानकारी दी जाएगी।

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों/सह-कर्जदारों को जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित, बिक्री या अंतरण की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों) का नाम पानीपत शाखा | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रू.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री रोहित राणा, श्रीमती मधु पंवार (प्रॉस्पेक्ट नंबर 925431) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : सम्पत्ति खेवट नंबर 267, खसरा नंबर 45, 14(9-2), 15(8-0), 161(2-0), 2823, किते 17 खेड़ी नागल, क्षेत्रफल परिमाप 1116 वर्ग फीट, विकास नगर, पानीपत, हरियाणा, भारत | रू. 15,35,701.00/- (रूपए पंद्रह लाख पैंतीस हजार सात सौ एक मात्र) | 14-12-2021 | 19-07-2022 |

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जीटी रोड, पानीपत, हरियाणा-132103/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-4, गुरुग्राम, हरियाणा।
स्थान : पानीपत तिथि : 24-07-2022 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

INDIAN RADIOLOGICAL & IMAGING ASSOCIATION
IRIA House, C-5, Qutab Institutional Area, N.D.-110016 Tell.011-26965598, E: iria37@gmail.com
No. IRIA Election/2022/1 Dated: 24.07.2022
e-Tender Notice
Online tenders are hereby invited for conducting the elections of office bearers of the association through e-voting System.
There are approx. 15680 eligible voters. The eligible voters, who have not registered before should register, and also the new eligible voters, can register in e-voting system from 16th to 30th September. The e-voting agency should have been certified by Govt. of India and must be complying with all parameters of secured e-voting system.
The proposal along with quotation for conducting e-voting in IRIA through secure e-voting system should reach to the office of Secretary General, IRIA through email at iria37@gmail.com on or before 05.00 pm of 2nd August, 2022.
The decision of the President of IRIA on selection of e-voting agency will be final & not challengeable in any tribunal or council.
sd-
Secretary General, IRIA

PUBLIC NOTICE
To be all know that **Sh. Shekhar Verma** S/o Late Sh. Gobind Ji Soni R/o Plot No. 214, in Block No. C-3, measuring 35 Sq. Mters Situated in The Ghonda Residential Scheme, Yamuna Vihar Shahdara, Delhi-110053, Vide DDA File No.F 17 (108) 1975 / LAB. & DDA original documents has been lost in **Allotment Letter, Demand Letter, Possession Letter, Site Possession Letter, occupation certificate, And All Others DDA Original Related Documents Lost/Misplaced Etc.**FIR LR No.621321/2022 on date 23-07-2022 any person claiming any right interest having any objection or found in possession of original documents may contact Sh. Shekhar Verma Mob No.**8368232957** within 15 days from the date of publication of this notice. The person calming any right, interest,objection with respect to this property can personally inform DDA Vikas Sadan, INA, New Delhi.

जैश इंडस्ट्रीज लिमिटेड
पंजी कार्यालयः 502, एनडीएम-II, एनएसपी, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
सीआईएनः एल24302डीएल1985पीएलसी383771 वेबसाइटः www.jaschindustries.com ई-मेलः accounts@jasch.biz

30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए समीक्षित इंड-एएस वित्तीय परिणामों का उद्धरण।
(सूचीकरण विनियमों के विनियम 47(1)(बी) के तहत स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणाम) [रु. लाख में]

| क्र. स. | विवरण | पृथक्कृत | | | | समेकित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | वर्ष समाप्त |
| | | 30.06.22 | 31.03.22 | 30.06.21 | 31.03.22 | 30.06.22 | 31.03.22 |
| | | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 6199.01 | 6265.97 | 3704.21 | 21607.46 | 6199.01 | 21607.46 |
| 2 | ब्याज, मूल्यहास एवं करों से पूर्व लाभ (ईबीआईटीडीए) | 812.58 | 954.92 | 512.69 | 3073.63 | 812.58 | 3073.63 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर तथा (अपवाद मदों से पहले) | 720.87 | 867.48 | 430.36 | 2728.18 | 720.87 | 2728.18 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर से पहले (अपवाद मदों से बाद) | 720.87 | 867.48 | 430.36 | 2728.18 | 720.87 | 2728.18 |
| 5 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर पश्चात (अपवाद मदों से बाद) | 533.26 | 642.31 | 310.36 | 2024.41 | 533.26 | 2024.41 |
| 6 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है | 533.26 | 642.31 | 310.36 | 2024.41 | 533.26 | 2024.41 |
| 7 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 |
| 8 | संचेय | 8376.49 | 7843.25 | 6129.21 | 7843.25 | 8376.49 | 7843.25 |
| 9 | प्रति शेयर अर्जन (रु.10/- प्रत्येक का) मूल एवं तनुकृत | 4.71 | 5.67 | 2.74 | 17.87 | 4.41 | 17.87 |

नोटः
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज के वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.jaschindustries.com पर उपलब्ध है।
2. कंपनी के वित्तीय परिणाम भारतीय लेखामानकों (इंडएएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, जहां आवश्यक हो, पुनः समूहित किया गया है।

हस्ता/- (जे.के. गर्ग)
प्रबंध निदेशक
सोनीपत, 23 जुलाई 2022

# एसपी देहात ने छोड़ा आवास, सो रहे कांविड़यों के साथ

● शिव भक्तों की सुरक्षा व सुविधा को लेकर उठाया कदम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



कावंड़ियों के साथ कोई अप्रिय घटना न हो और उन्हें किसी तरह की असुविधा न पेश आए, इसके मददेनजर एसपी देहात डॉक्टर इरज राजा ने अपने परिवार का मोह त्यागकर सरकारी आवास भी छोड़ दिया है। यह बात इसीलिये कही जा रही है क्योंकि श्री राजा पिछले कई दिनों से अपने आवास पर ना जाकर भोलों के साथ शिविरों में ही दो घंटे की अधूरी नींद ले रहे हैं।

सूत्रों की माने तो राजा रोजाना दिन निकलने से पहले तक कांवड़ मार्गों पर पैदल भ्रमण करने के साथ कावंड़ शिविरों में बैठकर भोलों की सेवा व उनकी सुविधा का ख्याल रख रहे हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि राजा पिछले छह दिनों से मात्र दो-तीन घंटे ही विश्राम कर पा रहे हैं। बीती रात भी उन्होंने गंगनहर कांवड़ मार्ग से लेकर मेरठ कांवड़ मार्ग तक बने शिविरों का निरीक्षण करने के साथ-साथ भोलों की सेवा की और कई कांवड़ मार्गों पर पैदल भ्रमण भी किया। इस मौके पर उन्होंने कई कावंडियों को फर्स्ट ऐड भी दी।

राजा के इस उत्कृष्ट एवं उपकारपूर्ण कार्यों को देखकर उनके महकमें के अधिकारी व पुलिसकर्मी उनकी प्रशंसा मुक्त कंठ से कर रहे हैं। कावंडिये भी आभार जताकर उन्हें आशीष देते दिखाई दे रहे हैं।

### डीएम ने किया इंटीग्रेटिड कंट्रोलरूम का निरीक्षण

**गाजियाबाद।** कांवडियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट दिखाई दे रहा है। एसएसपी मुनिराज व जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने मेरठ तिराहे पर बनाये गये इंटीग्रेटिड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस मौके पर कप्तान व डीएम ने कंट्रोलरूम से ही कांवड़ मार्ग पर हो रहे कांवड़ियों के आवागमन का अवलोकन किया। एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल ने कांवड़ मार्ग पर कई किलोमीटर तक पैदल भ्रमण किया।

# डायरिया से दो बच्चों की मौत, 30 से अधिक अस्पताल में भर्ती

● दूषित पानी के चलते बीमार हो रहे है बच्चे, पांच में से चार नमून हुए फेल

**गाजियाबाद।** शहर के पाश इलाके में रहने वाले दो बच्चों की डायरिया से मौत हो गई है। मरने वालों में पांच वर्षीय कृष्णा और सात वर्षीय अनिका शामिल हैं। स्वर्णजयंती पुरम कालोनी में रहने वाले दोनों बच्चों की मौत की बाद स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र में सर्वे कराया और पानी के पांच नमूने लिए। इनमें से चार नमूने फेल पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जीडीए की कालोनी है और वहां पर दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। साफसफाई भी नहीं की जा रही है। कालोनी के आधा दर्जन डायरिया पीड़ित बच्चे जिला एमएमजी और संयुक्त अस्पताल में भर्ती हैं।

डायरिया से बचाव को लेकर स्वर्णजयंती पुरम क्षेत्र में ओआरएस के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। क्षेत्र में नगर निगम के सहयोग से साफसफ ाई कराई जा रही है। दूषित पानी की जांच को सैंपल लिए जा रहे हैं। नोडल अधिकारी नामित करते हुए पूरे क्षेत्र में बीमार बच्चों एवं बुजुर्गों का सर्वे कराया जा रहा है। ज्ञात हो पानी की सप्लाई स्वस्थ्य पर काफी प्रभाव डालती है

## कार से स्टंट पड़ा महंगा, भेजे जेल

**नोएडा।** कार के बोनट पर बैठकर रील बनाने व स्टंट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वायरल वीडियो व नागरिकों की शिकायत के पश्चात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना सेक्टर-113 प्रभारी शरदकांत ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक 21 सेकंड का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें हाई राइज बिल्डिंग के बीच सड़क पर फिल्माए गए वीडियो में युवक चलती हुई एसयूवी कार के बोनट पर बैठा हुआ दिख रहा था। इस दौरान यहां से अन्य कार तेज गति में जा रही थी। वायरल वीडियो की जांच पड़ताल की गई तो पता चला के वीडियो में दिखने वाला युवक बरौला का योगेंद्र है।

# ट्विंस टावरों के गिराने की बनेगी डॉक्यूमेंट्री

● इसकी कॉपी एडिफिस, नोएडा प्राधिकरण और सुप्रीम कोर्ट में जमा की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में सुपरटेक के दोनों टावरों के गिराने की वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। ये ड्रोन एक-एक गतिविधि को रिकॉर्ड करेंगे। इसके बाद एक डॉक्यूमेंट्री बनाया जाएगा। इसे बनाने की जिम्मेदारी एडिफिस कंपनी की होगी।

इसमें तैयारियों से लेकर ब्लास्ट तक का सारा रिकॉर्ड होगा। एडिफिस कंपनी डॉक्यूमेंट्री की एक अपने पास रखेगी। एक-एक कॉपी नोएडा प्राधिकरण और एक कॉपी सुप्रीम कोर्ट में जमा करेगी। केरल के मराडू शहर में स्थित 18 मंजिला इमारत को एडिफिस कंपनी ने 2018 में गिराया था। भारत में सबसे पहले इतनी बड़ी इमारत को ध्वस्त किया गया था।

केरल के मराडू शहर में स्थित 18 मंजिला इमारत को एडिफिस कंपनी ने 2018 में गिराया था। भारत में सबसे पहले इतनी बड़ी इमारत को ध्वस्त किया गया था। एडीफिस कंपनी के प्रोजेक्ट इंचार्ज मयूर मेहता ने बताया, यह हमारे लिए पहला मौका है, जब वे दोनों टावरों को इंप्लॉजन तकनीक से ब्लास्ट करेंगे। कंपनी की प्रोफाइल और प्रजेंटेशन के लिए ये डॉक्यूमेंट्री बहुत महत्वपूर्ण है। इस वीडियो को दक्षिण अफ्रीका भी भेजा जाएगा क्योंकि, कंपनी का हेड ऑफिस वहीं है।

मयूर मेहता ने बताया, इमारत में ब्लास्ट और जमीदोज होने तक का कुल समय करीब 9 सेकंड का होगा। इमारत के गिरने से करीब 300 मीटर तक धूल का गुबार उठेगा। ऐसे में ड्रोन को इस पोजीशन में रखा जाएगा। जिससे की ब्लास्ट की प्रत्येक एक्टिविटी को रिकॉर्ड किया जा सके। इसके लिए 2 से 3 ड्रोन का प्रयोग किया जाएगा। मयूर मेहता ने बताया, ब्लास्ट 21 अगस्त को दोपहर ढाई बजे किया जाएगा। तेज हवा या मौसम खराब होता है या कोई अन्य तकनीकी समस्या के कारण ब्लास्ट टल जाता है, तो उसे 28 अगस्त तक कभी भी ब्लास्ट किया जा सकता है।

20 अगस्त तक हम पूरी तैयारी कर इमारत को सील कर देंगे। दोनों इमारतों के बीच एक लिफ्ट लगी हुई है। 2 अगस्त से ब्लास्ट के लिए सुराखों में विस्फोटक पदार्थ भरा जाएगा। 3 अगस्त को इमारत में लगी लिफ्ट को उतारा जाएगा। दोनों इमारतों की लोड बेयरिंग कैपेसिटी को कम कर दिया गया है, ऐसे में लिफ्ट उतारना किसी चुनौती से कम नहीं है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# युवाओं को अंग्रेजी बोलना सिखाएगी सरकार

## 16 से 35 वर्ष आयु का 8वीं तक पढ़ा हर युवा ले सकेगा प्रशिक्षण, चुकाने होंगे केवल 950 रुपए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● पूरे शहर में खुलेंगे 50 केंद्र, पहले साल एक लाख युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण : केजरीवाल



राजधानी दिल्ली का 16 साल से लेकर 35 वर्ष तक का हर युवा अब फर्राटेदार अंग्रेजी बोलेगा। केजरीवाल सरकार नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश कोर्स शुरू करने जा रही है लेकिन शुरू में 950 रुपए सिक्योरिटी के तौर पर लिया जाएगा, ताकि दाखिला लेने वाले किशोर और युवा इस कोर्स को गंभीरता से लें।

जो कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे और उनकी उपस्थिति पूरी होगी, उनको 950 रुपए वापस कर दिए जाएंगे। हम पहले साल फेज वन में एक लाख पात्र किशोरों व युवाओं को अंग्रेजी बोलना सिखाया जाएगा। इसके लिए दिल्ली भर में 50 सेंटर खोले जाएंगे। दिल्ली सरकार मैक्समिलन और वर्ड्स वर्थ के साथ अनुबंध कर रही है और कैंब्रिज यूनिवर्सिटी पूरे कोर्स का मूल्यांकल करेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में ऐलान किया कि दिल्ली सरकार 12वीं कक्षा पास कर चुका और 18-35 वर्ग का कोई भी व्यक्ति इस मुहिम का हिस्सा बन सकता है और जो नौकरी कर रहे हैं।

वे भी शाम को या वीकेंड में कोर्स कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वह देखते हैं कि किस तरह से गरीबों, लोअर मिडिल क्लास और कई मिडिल क्लास के किशोरों और युवाओं का हाथ अंग्रेजी में तंग रहता है और वो अंग्रेजी ठीक से बोल नहीं पाते हैं। जिससे उनकी कम्युनिकेशंस स्किल्स कमजोर हो जाती है। इस वजह से उनको अच्छी नौकरी मिलने में दिक्कत होती है, इनको इस कोर्स से बहुत फायदा होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में जबरदस्त क्रांति हुई है। सरकारी स्कूलों में गरीबों के बच्चों को अब शानदार शिक्षा मिलने लगी है। वह नहीं चाहते हैं कि जिन बच्चों के पास सारी सुविधाएं हैं, उन बच्चों से किसी भी हाल में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे किसी भी क्षेत्र में कमजोर हों।

इसके मद्देनजर उनकी सरकार ने 16 साल के किशोर से लेकर 35 वर्ष तक के जिन युवाओं की अंग्रेजी कमजोर है, उनके लिए स्पोकन इंग्लिश का कार्यक्रम लेकर आई है। सरकार उनकी अंग्रेजी अच्छी करेंगे, उनको अच्छा अंग्रेजी बोलना सिखाएंगे और उनकी कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छी करेंगे।

ऐसे युवा, जिनकी अंग्रेजी कमजोर है और उनकी कम्युनिकेशंस स्किल अच्छी नहीं है, उनके लिए दिल्ली सरकार स्पोकन इंग्लिश का यह कार्यक्रम लेकर आई है। हमारी दिल्ली आंत्रप्रिन्योरशिप यूनिवर्सिटी इस पूरे कोर्स को चलाएगी। केजरीवाल ने कहा कि जिन्होंने 8वीं की पढ़ाई पूरी कर ली है और उनकी कम्युनिकेशन स्किल कमजोर है। उनको नौकरी मिलने में दिक्कत हो रही है। ऐसे किशोरों और युवाओं को अंग्रेजी का बेसिक ज्ञान होना चाहिए। यानी कि आठवीं तक की कम से कम अंग्रेजी का बेसिक ज्ञान होना चाहिए।

### तीन से चार महीने का होगा कोर्स



*मुख्यमंत्री ने बताया कि 3 से 4 महीने का यह कोर्स होगा। यानी की लगभग 120 से 140 घंटे तक उसको कोर्स करना पड़ेगा। ऐसे किशोर और युवा कई बार नौकरी कर रहे होते हैं। इनके लिए इवनिंग और वीकेंड कोर्स की सुविधाएं होंगी और वे इवनिंग या वीकेंड में कोर्स कर सकते हैं। वैसे तो यह कोर्स नि:शुल्क है। इसकी कोई फीस नहीं लगेगी, लेकिन शुरू में 950 रुपए सिक्योरिटी ली जाएगी, ताकि ऐसा न हो कि 16 साल के किशोर से लेकर 35 वर्ष तक के युवा आएं और कोर्स को गंभीरता से न लें। ऐसा लगता है कि इसके लिए 16 साल के किशोर से लेकर 35 वर्ष तक के युवाओं की बहुत लंबी कतार लगेगी और इनमें इस कोर्स की काफी मांग होगी। केजरीवाल ने कहा कि उनका सपना है कि देश का चाहे अमीर, गरीब बच्चा हो, सबको अच्छी से अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए। उनको नौकरी मिलने में भी सुविधा होगी और उनका पर्सनल डेवलपमेंट भी होगा।*

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● प्लेट ट्रेन लाइटिंग रूम में दो ने किया बलात्कार, दो बाहर देते रहे पहरा, चारों आरोपी रेलवे कर्मी गिरफ्तार

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर स्थित ट्रेन लाइटिंग रूम में महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। घटना शुक्रवार तड़के की है। इस शर्मसार करने वाली घटना में आरोपी चारों रेलवे कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

रेलवे के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), हरेंद्र के सिंह ने बताया कि सभी आरोपी रेलवे के विद्युत विभाग में कर्मचारी हैं। आरोपियों की पहचान सतीश कुमार (35), विनोद कुमार (38), मंगल चंद (33) और जगदीश चंद (37) के रूप में हुई है। चारों आरोपियों को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पीड़िता ने अधिकारियों को बताया कि वह पिछले एक साल से अपने पति से अलग रह रही है वह जानकार के जरिए एक शख्स के संपर्क में आई थी। उस आदमी ने उससे कहा कि वह एक रेलवे कर्मचारी है और उसके लिए नौकरी की व्यवस्था कर सकता है। रेलवे के अनुसार, 21 जुलाई को आरोपी ने उसे अपने बेटे का जन्मदिन मनाने और नया घर खरीदने के लिए एक पार्टी के लिए अपने घर पर आमंत्रित किया था। रात करीब साढ़े दस बजे उसने महिला को कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशन से लिया और रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 8-9 पर ले आया। महिला ने आरोप लगाया कि कुछ मिनटों के बाद, आरोपी अपने दोस्त के साथ कमरे के अंदर आया और उसे अंदर से बंद कर लिया। उन्होंने एक के बाद एक उसका यौन उत्पीड़न किया।

# आबकारी नीति को लेकर विपक्ष हुआ आक्रामक

## सिसोदिया के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में हुए हजारों करोड़ के शराब घोटाले का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) मुख्यालय का घेराव किया।

वहीं दिल्ली पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली में नियमों को ताक पर रखकर शराब नीति लागू करने वाले मनीष सिसोदिया को अरविन्द केजरीवाल तुरंत प्रभाव से पदमुक्त करें। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले दिन से ही केजरीवाल की शराब नीति का विरोध कर रही है और इस घोटाले की जांच की मांग को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने तत्कालीन उपराज्यपाल और पुलिस आयुक्त को लिखित शिकायत भी की थी। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मांग का ही असर है कि उपराज्यपाल ने लागू शराब नीति में हुए भारी भ्रष्टाचार की सीबीआई द्वारा जांच की सिफारिश की है।

उन्होंने कहा कि सच को छुपाया नहीं जा सकता सच यही है कि दिल्ली सरकार पूरी तरीके से भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। प्रदर्शनकारियों में पूर्व सांसद रमेश कुमार, पूर्व मंत्री प्रो. किरण वालिया, प्रदेश उपाध्यक्ष जय किशन, प्रदेश उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप गोस्वामी, पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद, अल्का लांबा, मालाराम गंगवाल आदि शामिल थे।

## उपमुख्यमंत्री के आवास पर भाजपा ने किया घेराव



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई आबकारी नीति के तहत जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा अपने जेबों में भरने का काम केजरीवाल सरकार ने किया है, यह आरोप भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने लगाया है। उन्होंने इस मामले की एलजी द्वारा सीबीआई जांच के आदेश की सिफारिश का स्वागत भी किया।

आदेश गुप्ता ने शनिवार को नई आबकारी नीति के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आबकारी नीति के सहारे केजरीवाल सरकार ने लगभग 5000 करोड़ का घोटाला किया है। गुप्ता ने मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के बाद आदेश गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी सहित भाजपा अन्य पदाधिकारियों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल ने मास्टर प्लान का उलंघन करते हुए कई शराब के ठेके खोले। जबकि मनीष सिसोदिया खुद कहते थे कि दिल्ली में ऐसे 100 वार्ड हैं जहां नई शराब नीति के तहत शराब के ठेके नहीं खोले जा सकते। विरोध प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक विजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश भाजपा महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जयवीर राणा एवं बरखा सिंह, विधायक अजय महावर, मोहन सिंह बिष्ट, अभय वर्मा एवं अनिल बाजपेयी, किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत, सहित प्रदेश, मोर्चा, जिला और मंडल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दिल्ली दंगे : जेल में ही रहेगा शरजील इमाम

**नई दिल्ली।** दंगे के कथित षड्यंत्र के मामले में गिरफ्तार शरजील इमाम अभी जेल में ही रहेगा।

दिल्ली की एक अदालत उसको अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने इमाम की अंतरिम जमानत की अर्जी अस्वीकार करते हुए रेखांकित किया कि राहत देने के लिए उसके पास पर्याप्त आधार नहीं है। इमाम के वकील अहमद ने कोर्ट से कहा कि आरोपी जमानत की शर्तों को पूरी करता है और ऐसा खतरा नहीं है कि वह गवाहों को प्रभावित करे या सबूतों से छेड़छाड़ करे।

### शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सांसद से मुलाकात

**नई दिल्ली।** 12 पूर्ण वित्त पोषित कॉलेजों के शिक्षकों की मांग को लेकर नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट के अध्यक्ष प्रो. एके भागी के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा से मुलाकात की।

सांसद से शिक्षकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने सांसद से सहयोग का अनुरोध करते हुए बताया कि विवि अनुदान आयोग द्वारा इन बारह कॉलेजों को अपने अधीन लेने से ही यह समस्या हल हो सकती है। प्रो. भागी ने अवगत कराया कि विवि के बीस कॉलेजों को दिल्ली सरकार पांच प्रतिशत अनुदान देती है।

# अमृत महोत्सव पार्क का शिलान्यास

● आईटीओ स्थित शहीदी पार्क स्वाधीनता संग्राम के नायकों के लिए विशिष्ट स्थान होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम द्वारा आईटीओ स्थित शहीदी पार्क में कचरे से कला की थीम पर आधारित आज़ादी का अमृत महोत्सव पार्क का उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को शिलान्यास किया।

आईटीओ स्थित बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग पर 4.5 एकड़ में बने शहीदी पार्क में 16.50 करोड़ की लागत से आजादी का अमृत महोत्सव पार्क बनाया जाएगा। एलजी ने कहा कि यह पार्क दिल्ली के एक प्रमुख मनोरंजन स्थल के रूप में उभरेगा जहां नक्काशी,लघु मूर्तियों और मूर्तियों माध्यम से नागरिक हमारे स्वर्णिम इतिहास एवं नायकों से परिचित होंगे।

पार्क में भारत की उत्पत्ति से लेकर वर्तमान समय से संबंधित प्रतिकृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह पार्क हमारे स्वाधीनता संग्राम से लेकर उन महापुरूषों ने जिन्होंने हमारे देश को विश्व पटल पर अलग पहचान दिलाई उन सब के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगा। यह पार्क वेस्ट टू आर्ट थीम का एक उत्कृष्ट उदाहरण साबित होगा जिसमे दिल्ली नगर निगम द्वारा एकत्रित 200 टन कबाड़ जैसे कि पुराने ट्रक, कारें,बिजली के खंबे,पाइप,एंगल आयरन एवं जब्त किए रिक्शा इत्यादि का प्रयोग किया जायेगा।

पार्क में प्रतिकृतियों के 10 सेट लगाए जायेंगे। पार्क में स्थापित प्रतिकृतियां, भारत के स्वर्णिम काल,विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध युद्ध, महान मराठा साम्राज्य, अदम्य सिख साम्राज्य,1857 का स्वाधीनता संग्राम,जन आंदोलन, स्वाधीनता संघर्ष,स्वदेशी आंदोलन एवं सत्याग्रह,भारत की स्वाधीनता, संविधान एवं रियासतों का विलय। प्रतिकृतियों के 10 सेटों के अलावा पार्क में 3 दीर्घा भी स्थापित की जायेंगी। यह दीर्घाएं भारत की गौरवशाली संस्कृति एवं इतिहास, साहस एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों पर आधारित होंगी। उपराज्यपाल पार्क के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने पार्क के केंद्रीय फव्वारे तक पानी की सुरंग बनाने, प्रवेश द्वार पर अनुवाद केंद्र एवं आगंतुकों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि यह पार्क दिसंबर 2022 तक तैयार हो जाना चाहिए ताकि 2023 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में इसे जनता को समर्पित किया जा सके।

### गाजीपुर लैंडफिल साइट का औचक निरीक्षण

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शनिवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट का औचक निरीक्षण किया। भारी मात्रा में कचरे को संसाधित करने के लिए चल रहे काम का जायजा लेने के लिए उपराज्यपाल कचरे के पहाड़ के ऊपरी हिस्से तक भी गए। तीन लैंडफिल साइट को गंभीर स्वास्थ्य खतरा और राष्ट्रीय शर्म का विषय करार देते हुए सक्सेना ने एक जुलाई को लोगों से उनके सुझाव मांगे थे, जो कचरे के अव्यवस्थित पहाड़ों से छुटकारा दिलाने में अधिकारियों के लिए मददगार साबित हो सकें।

### बिजली समस्या दूर करने के लिए लगेगी लोक अदालत

**नई दिल्ली।** टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने आज विशेष 'लोक अदालत' के आयोजन की घोषणा की है। लोक अदालत का आयोजन ज़िला बिजली कार्यालय, मंगोल पुरी में किया जाएगा।

राजधानी में उत्तर एवं उत्तर पश्चिमी दिल्ली की क़रीब 70 लाख की आबादी को बिजली आपूर्ति करने वाली अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी (डीएसएलएसए) के सहयोग से, एक विशेष लोक अदालत लगाने की घोषणा की है। इस लोक अदालत में, ग्राहकों को बिजली चोरी और डिस्कनेक्शन के मामलों में तत्काल राहत दी जाएगी।

# तिहाड़ जेल में यासीन मलिक ने शुरू की भूख हड़ताल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि मलिक ने रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े मामले में जम्मू की अदालत में शारीरिक रूप से पेश होने की मांग करने वाली याचिका दायर की थी, लेकिन सरकार से इस पर कोई जवाब नहीं मिलने पर उसने भूख हड़ताल शुरू कर दी। आठ दिसंबर, 1989 को तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े मामले में मलिक आरोपी है। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मलिक ने शुक्रवार सुबह भूख हड़ताल शुरू की। शुक्रवार की सुबह उसने जेल प्रशासन के बार-बार अनुरोध के बावजूद कुछ भी खाने-पीने से इनकार कर दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सीबीआई के विशेष न्यायाधीश के सामने पेश हुए मलिक ने इसके पहले कहा था कि वह रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े मामले में जम्मू की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होना चाहता है। मलिक ने कहा था कि 22 जुलाई तक अगर सरकार ने इस संबंध में अनुमति नहीं दी, तो वह भूख हड़ताल शुरू करेगा।

# ब्लैकमैल करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवार।** नई दिल्ली

● गिरोह के सदस्यों ने वकील से की थी वसूली



पुलिस ने हरियाणा के मेवात से संचालित एक गिरोह के दो कथित सदस्यों को एक वकील को ऑनलाइन जाल में फंसाकर उससे वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य दिल्ली-एनसीआर के लोगों को सोशल मीडिया पर मित्रता का अनुरोध भेजते थे और फिर महिला बनकर उनसे चैट करते थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान अरशद खान (30) और मुश्ताक खान (39) के तौर पर की गई है और दोनों राजस्थान के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि दोनों की ऑनलाइन वसूली, ब्लैकमेल करने और सोशल मीडिया के जरिए आपराधिक धमकी देने के आरोपों में पुलिस को तलाश थी। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) जसमीत सिंह ने बताया कि पुलिस को बृहस्पतिवार को खुफिया सूचना मिली थी कि अरशद छत्तरपुर के फूल बाजार में आ रहा है, जिसके आधार पर छापेमारी की कार्रवाई की गई।

सुबह करीब छह बजकर 15 मिनट पर अरशद को देखा गया और उसे पकड़ लिया गया। अरशद से मिली जानकारी के आधार पर मुश्ताक को राजस्थान के दौसा जिले से शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे मेवात में सद्दाम हुसैन द्वारा संचालित गिरोह के सदस्य हैं। दोनों आरोपियों ने चार-पांच और सहयोगियों के साथ मिलकर दिल्ली के एक वकील को लालच देकर पहले जाल बिछाया और ऑनलाइन माध्यम से उसका अश्लील वीडियो बना लिया।

## संक्षिप्त समाचार



राजधानी में आयोजित शिक्षा शिखर सम्मेलन में पदाधिकारी।

### शिक्षा उन्नति पर शिखर सम्मेलन संपन्न

**नई दिल्ली।** ग्लोबल इंडिया कोलैबोरेटिव एंड कॉलेज विद्या ने री-इमेजिनिंग इंडियन एजुकेशन पर एक शिक्षा शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। शिखर सम्मेलन की शुरुआत अशोक बुवानीवाला (अध्यक्ष भारत-जीआईसी) के स्वागत भाषण से हुई और उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वेद प्रताप वैदिक ने कहा, अगर हम दुनिया में आगे बढ़ना चाहते हैं तो दो कदम हैं- शिक्षा और स्वास्थ्य। फरोज बख्त अहमद ने कहा, किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मूल्यांकन करने का सबसे अच्छा पैरामीटर शिक्षा और खेल है। उन्हें भारतीय शिक्षा प्रणाली में दृढ़ विश्वास है। शिखर सम्मेलन में अनिल अग्रवाल (राज्यसभा सांसद), प्रताप चंद्र सारंगी (लोकसभा सांसद), आईएएस इरा सिंघल, प्रोफेसर अविनाश सिंह (इंडो अमेरिकन यूनिवर्सिटी के कुलपति), श्री रमेश अग्रवाल (अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स) आदि ने मंच पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए।

### कमल मॉडल-वंदना इंरनेशन के छात्रों ने लहराया परचम

**नई दिल्ली।** मोहन गार्डन स्थित कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी और द्वारका सेक्टर-10 स्थित वंदना इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पिछली बार की तरह इस बार भी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बारहवीं के छात्र आदित्य ने साइंस स्ट्रीम में 96.60 अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। कॉमर्स स्ट्रीम में सोनाली मिश्रा ने 97.80 प्रतिशत अंक , ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 95 प्रतिशत अंकों के साथ प्रतीक्षा असोप ने स्कूल का सम्मान बढ़ाया। इसके अलावा 10 कक्षा में 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ शशांक सामर प्रथम, 96.20 प्रतिशत अंकों के साथ ईशाना गर्ग दूसरे स्थान पर रहीं। उधर, वंदना इंटरनेशनल स्कूल के बारहवीं के छात्र दिव्यांश शर्मा ने साइंस स्ट्रीम में 95.20 अंकों के साथ अपने स्कूल का नाम रौशन किया। वहीं, तेजस पंत ने 98.60 अंकों के साथ परचम लहराया। इस अवसर पर वंदना इंटरनेशनल स्कूल द्वारका के चेयरमैन डॉ. वेद टंडन और कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन गार्डन के प्रधानाचार्य डॉ. वंदना टंडन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अध्यापकों को उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और उनके अथक और सार्थक प्रयासों की सराहना तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बर्खास्त आंगनबाड़ी सेविकाओं के सामने रोजी-रोटी का संकट

● काम की तलाश में भटक रही, जीवन हुआ अस्त व्यस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मानदेय बढ़ाने और काम के सम्मानजनक घंटों की मांग करते हुए एक महीने से अधिक समय से हड़ताल करने को लेकर दिल्ली की 884 आंगनबाड़ी सेविकाओं को अचानक नौकरी से बर्खास्त कर दिए जाने के बाद उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

इन कामगारों को उनके 39-दिवसीय प्रदर्शन के खिलाफ 14 मार्च को बर्खास्तगी नोटिस जारी किए गए थे। इनमें कई एकल माताएं भी शामिल हैं। उन्होंने दावा किया है कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर लगाए गए लॉकडाउन के दौरान जनता की अथक सेवा करने के बावजूद उन्हें जनवरी से वेतन नहीं मिला है और वे उधार लेकर अपना घर चला रही हैं। सोलह मार्च को बर्खास्तगी आदेश पाने वाली अनीता सिंगल मदर हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए काम की तलाश में वह दर-दर भटक रही हैं कि उनके बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। अनीता ने कहा, मैं रिश्तेदारों से पैसे उधार ले रही हूं, अंशकालिक घरेलू सहायिका के रूप में काम कर रही हूं और किसी तरह से बच्चों के स्कूल और ट्यूशन फीस का प्रबंध कर रही हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका संघ ने उन्हें बुनियादी जरूरतें मुहैया कराकर मदद करने की कोशिश की, लेकिन उनका वेतन जनवरी से लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया, कई बर्खास्त कर्मचारियों के पास मोबाइल फोन पर संदेश आ रहे हैं कि उनका वेतन जारी कर दिया गया है, लेकिन यह उनके बैंक खातों में नहीं दिख रहा है। आंगनवाड़ी सेविकाओं को इन संदेशों के साथ धोखा दिया जा रहा है, जबकि हमारे बैंक खाते खाली हैं। एक अन्य महिला कर्मी पूनम ने कहा, पांच बर्खास्त कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने महिला एवं बाल विभाग का दरवाजा खटखटाने की कोशिश की, लेकिन सचिव ने हमसे मिलने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, जब कुछ कर्मी बैंक गए तो उन्हें बैंक प्रबंधकों ने बताया कि उनके खातों में कोई रकम जमा नहीं हुई है। एक प्रतिनिधिमंडल ने 16 जुलाई को दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से मुलाकात की थी और उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा था और उपराज्यपाल ने उनकी मांगों पर गौर करने तथा जल्द ही हस्तक्षेप करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि कोई कदम न उठाए जाने पर दिल्ली राज्य आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका संघ के सदस्य बृहस्पतिवार को कश्मीरी गेट पर दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और आम आदमी पार्टी नीत दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

सेविका और सहायिका संघ का दावा है कि 884 आंगनबाड़ी सेविकाओं को बर्खास्तगी के नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अलावा, 11,942 कर्मियों को एक महीने से अधिक की हड़ताल में शामिल होने को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

### राष्ट्रीय रोजगार नीति को लेकर सभी सांसदों से करेंगे अपील

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय रोजगार नीति बनाकर संसद में कानून पास करें।

उसी संदर्भ में संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के बैनर तले आगामी 16 अगस्त से दिल्ली के जंतर मंतर पर रोजगार आंदोलन करेगी। समिति इस संबंध में देश भर के सभी सांसदों से मिलकर अपनी बात रखेगी। राजा राम मोहन राय मेमोरियल हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति ने बताया कि आगामी 16 अगस्त से संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति रोजगार आंदोलन करने जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान प्रसनजीत कुमार, नयन , वीरेंद्र गौर , गुलेश जैनर , डॉ राजेश राव , कुलदीप, निशांक, कृष्णा यादव मौजूद रहे।

# नगर निगम की दुकानों का मालिकाना हक देने में भ्रष्टाचार का अंदेशा

## नगर निगम के जेडटीओ की स्टेट विजिलेंस ब्यूरो से जांच कराने की मांग

## मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना की आड़ में भ्रष्टाचार होने का जताया अंदेशा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पत्रकार वार्ता में नगर निगम की दुकानों के मालिकाना हक में भ्रष्टाचार की जानकारी देते समाजसेवी।

**मुख्यमंत्री** स्वामित्व योजना की आड़ में तथाकथित भ्रष्टाचार का अंदेशा जताते हुए इस मामले की जांच स्टेट विजिलेंस ब्यूरो (एसवीबी) से कराई जाए। साथ ही नगर निगम के क्षेत्रीय कराधान अधिकारी (जेडटीओ) की चल-अचल संपत्ति की भी जांच कराई जाए, ताकि दूध का दूध, पानी का पानी हो सके। यह मांग आम आदमी पार्टी, शिव सेना के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सरकार से की है।

यहां पत्रकार वार्ता में समाजसेवी माइकल सैनी, मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट, शिव सेना से विक्रम यादव, हरियाणा यूथ आप के उपाध्यक्ष धीरज यादव, आप नेता पारस ने इस मामले में जानकारियां साझा की। पत्रकार वार्ता में बताया गया कि मुख्यमंत्री समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के नाम पर निगम की तहबाजारी वाली दुकानों को लेकर कहा गया है कि इन दुकानों में रजिस्ट्री के नाम पर निगम कर्मचारियों पर मोटी रकम वसूलने का आरोप है। यह खुलासा गुरुग्राम नगर निगम में ही काम करने वाले एक कर्मचारी ने किया है। आरोप है कि आउटसोर्स पर लगे एक कंप्यूटर क्लर्क ने स्कीम के नाम पर नगर निगम गुरुग्राम में प्रति दुकान मोटी रिश्वत ली है।

पत्रकार वार्ता में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना में पूरे कागजात नहीं होने पर भी रजिस्ट्रियां कर दी गई। नगर निगम गुरुग्राम की लगभग 700 दुकानों में जो 20 सालों से काबिज हैं। 31 दिसंबर 2020 तक के मालिकों को मालिकाना हक दिया जाना था, जबकि इस हक के लिए केवल 180 दुकानों के मालिकों के द्वारा ही आवेदन किया गया है।

जिन्हें मिला उन लोगों से लाखों रुपए रिश्वत लिए जाने के आरोप हैं। यह मामला अधिक गंभीर तब बन जाता है, जब एक अन्य आउटसोर्स कर्मचारी ने नौकरी से निकाले जाने और उस पर ही सभी आरोप मढ़कर उसे फंसाने व धमकी मिली।

# एनीमिया और टीबी मुक्त गुरुग्राम हमारा संकल्प : बोधराज सीकरी

## पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में पंजाबी बिरादरी महा संगठन की ओर से आयोजित जांच शिविर का शुभारंभ करते अतिथि।

**आर्य** विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7 में स्व. ठाकुर दास कालड़ा स्मृति सभागार में पंजाबी बिरादरी महा संगठन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इसमें एनीमिया व टीबी मुक्त हरियाणा की मुहिम को ध्यान में रखते हुए जांच की गई। इसमें संगठन व निरामया ट्रस्ट के माध्यम से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया।

संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने बताया कि हमने गुरुग्राम को एनीमिया और टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पोषण युक्त आहार देने के लिए भी संगठन प्रयासरत है। इसके तहत बच्चों को चने व केला दिए जाएंगे। जिन बच्चों का होमोग्लोबिन बेहतर होगा उसको पारितोषिक दिया जाएगा। छात्रा भावना वर्मा का हीमोग्लोबिन 15 से अधिक पाया गया। उसकी फोटो स्कूल के नोटिस बोर्ड पर लगेगी, ताकि बाकी बच्चे भी प्रेरणा ले सके। पंजाबी बिरादरी संगठन उस मरीज को टीकाकरण की सुविधा मुहैया कराने का पूरा प्रयास करेगा। सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। वैक्सीनेशन ड्राइव हो या जन कल्याण व स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में लाई गई योजनाएं, सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। पंजाबी बिरादरी संगठन भी स्वस्थ, स्वच्छ और एनीमिया व टीबी मुक्त गुरुग्राम के संकल्प के साथ वैक्सीनेशन कैम्प, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर आदि आयोजनों से अपने प्रयासों में अग्रसर है। डा. विरेंद्र यादव व बोधराज सीकरी ने तिरंगा लहराने का सभी से आह्वान किया। महा संगठन ने पहली बार कांवड़ियों के लिए भी शिविर लगाया। इस अवसर पर ज्योत्स्ना बजाज (महिला प्रकोष्ठ), ज्योति वर्मा (शिविर प्रभारी), ओमप्रकाश कथूरिया (वरिष्ठ उपप्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन), रामलाल ग्रोवर (महामंत्री), धमेज़्द्र बजाज (उपप्रधान), रमेश कामरा, रमेश कालरा, रमेश रवि मिनोचा, प्रमोद सलूजा, सेटलर कंवरवान वधवा राज कथूरिया, नरिंदर कथूरिया, सह महा सचिव सुभाष डुडेजा, सह सचिव दिलीप लूथरा, सुभाष गांधी, बीडी चुटानी, ओपी चुटानी, सुरेंद्र खुल्लर, बाल किशन खत्री, अनिल कुमार (उप प्रधान) व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# नागरिक अस्पताल की समस्याओं का जल्द होगा समाधान : एसएमओ




सोहना के नागरिक अस्पताल का मुख्य गेट।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अपनी** मूलभूत असुविधाओं से ग्रस्त नागरिक अस्पताल को जल्द लाखों रुपये खर्च करके खस्ता हालत को दुरुस्त किया जाएगा। नागरिक अस्पताल परिसर में टूटी सड़कों से लेकर मुख्य गेट, सीवर-पानी की लाइन, खराब बिजली सप्लाई दूर किया जाएगा। जिसके लिए सामाजिक संगठन और सरकारी विभाग मिलकर अस्पताल की खस्ता हालत को दुरुस्त करेंगे।

नागरिक अस्पताल की टूटी सड़कों से लेकर सीवर-पानी सप्लाई के दौरान की गई खुदाई के बाद परिसर के अंदर मुख्य रास्ते व सड़कों पर हो रहे गड्ढों को जल्द भरा जाएगा। ताकि यहा आने वाले आम नागरिक अब रोगियों को पैदल चलने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। नागरिक अस्पताल का मुख्य गेट टूटा होने के कारण आवारा घूमने वाले पशुओं का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मुख्य गेट से लेकर अस्पताल की सभी सड़कों बने गड्ढों को भरा जाने के साथ-साथ ठीक किया जाएगा। टूटा मुख्य गेट को एक से डेढ़ सप्ताह में ठीक किया जाएगा।

> **नागरिक** अस्पताल की खस्ता हालत को सुधारने के लिए एसडीएम जितेन्द्र गर्ग की मदद ले रहे हैं। जिसके लिए शहर की सामाजिक संगठन और दानी सज्जनों से भी सहयोग मांगा है।
>
> **डॉ.दशरथ (एसएमओ)**

### नागरिक अस्पताल जुड़ेगा बिजली हॉट लाइन से

**नागरिक** अस्पताल की ओपीडी से लेकर आपातकाल वार्ड, ब्लड बैंक, जच्चा-बच्चा वार्ड, लैब आदि में बिजली के लगने वाले कट के कारण डॉक्टर, कर्मचारी और रोगियों को परेशानी हो रही है। लेकिन नागरिक अस्पताल को 15 से 30 दिन के अंदर हॉट लाइन से जोड़ा जाएगा। नागरिक अस्पताल में 24 घंटा बिजली सप्लाई मिलने से निक्कू वार्ड को चालू किया जाएगा। नागरिक अस्पताल में एक दिन में 400 से 450 रोगी उपचार के लिए आते है। लेकिन बिजली की सुविधा सही न होने के कारण ओपीडी वार्ड में रोगी तो दूर डॉक्टर पल भर गर्मी से परेशानी के कारण बैठ नहीं पाते है।

# वैक्सीनेशन में ड्यूटी दे रहीं नर्सिंग ऑफिसर्स को प्रधान मंत्री ने भेजी डिजिटल चिट्ठी

## गुरुग्राम से सबसे पहले कोरोना संक्रमित हुई नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय को भी मिली चिट्ठी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय के नाम प्रधानमंत्री की भेजी चिट्ठी। साथ हैं नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय।

**देशवासियों** को कोरोना महामारी से बचाव के लिए वैक्सीनेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के हस्ताक्षरित चिट्ठी मिली तो उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा।

मीडिया, सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया के माध्यम से जनता से जुड़े रहने वाले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजी गई इस चिट्ठी से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में उत्साह भी देखा जा रहा है। लाखों स्वास्थ्यकर्मियों में शामिल गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय समेत अन्य कई नर्सिंग ऑफिसर को यह चिट्ठी मिली है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने चिट्ठी में लिखा है कि आपकी सक्रिय भागीदारी से भारत ने एक बार फिर इतिहास रचा है। कोविड टीकाकरण की हमारी यात्रा 16 जनवरी 2021 को शुरू हुई और 17 जुलाई 2022 को हम एक और महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंच गए। यह देश के लिए एक यादगार दिन था। क्योंकि हमने 200 करोड़ वैक्सीन खुराक का प्रबंध पूरा किया, जो कोविड-19 के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक उत्कृष्ट उपलब्धि है। जीवन बचाना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से सदी में एक बार वैश्विक महामारी के दौरान।

हमारे टीके लगाने वाले, हेल्थकेयर वर्कर, हेल्थकेयर सपोर्ट स्टाफ और फ्रंटलाइन वर्कर्स ने भारतीयों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह कर्तव्य के प्रति समर्पण और सबसे आवश्यक होने पर देने का एक प्रशंसनीय उदाहरण है। सबसे ठंडे पहाड़ों से लेकर सबसे गर्म रेगिस्तान तक, दूर-दराज के गांवों से लेकर घने जंगलों तक, कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम ने कोई पीछे नहीं छोड़ा और दिखाया कि न्यू इंडिया लास्ट माइल डिलीवरी में श्रेष्ठ है। भारत ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण कार्यक्रम को जो पैमाना और गति प्रदान की है, वह शानदार है और यह आप जैसे लोगों के प्रयासों के कारण हुआ है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम में आपके योगदान की सराहना करता हूं और इस तरह के एक महत्वपूर्ण, जीवन रक्षक मिशन में सबसे आगे रहने के लिए आपकी सराहना करता हूं। एक संकट के दौरान भारत के साहस की कहानी आने वाली पीढ़ियों द्वारा संजोई जाएगी।

आपको और आपके परिवार को मेरी शुभकामनाएं। जय हिंद। चिट्ठी में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश हित के साथ स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंट लाइन वर्कर्स को व्यक्तिगत संबोधित करते आत्मीयता जताई गई है। उनकी इस चिट्ठी में लिखी हर बात दिल को छूने वाली है।

नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय को जब यह चिट्ठी मोबाइल पर मिली तो उन्होंने अपने काम को नमन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने कोरोना काल में देशवासियों के साथ विशेष तौर पर स्वास्थ्य कर्मियों का हौंसला बढ़ाए रखा। उन पर पुष्पवर्षा करवाकर सम्मान करवाया। श्रीमती सहराय ने प्रधान मंत्री द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों का ख्याल रखने के लिए, उनके काम की सराहना के लिए भी धन्यवाद किया गया है।

# मासिक धर्म स्वच्छता अभियान के तहत बांटे गए फ्री सेनेटरी पैड्स

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के बेगमपुर खटोला के स्कूल में फ्री सेनेटरी पैड्स कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

**एनआरआई** सेल भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट रजत भार्गव ने एक अनोखी पहल के जरिए गुरुग्राम स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगमपुर खटोला वार्ड नंबर-26 सेक्टर-74 में महिलाओं और बेटियों के सम्मान के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

उन्होंने मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति बेटियों व महिलाओं को शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर फ्री सेनेटरी पैड्स वितरण किए गए तथा स्कूल के आठ होनहार बच्चे जिन्होंने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया, उन्हें आर्थिक रूप से स्पोर्ट किया। स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत एवं प्ले द्वारा शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनआरआई सेल हरियाणा प्रदेश के अध्यमक्ष संदीप देशवाल एवं विशेष अतिथि के रूप में कॉमेडियन ललित शौकीन मौजूद थे। इस मौके पर मोटिवेशनल स्पीकर कविता ढीलों ने बच्चों को मासिक धर्म स्वच्छता क्यों जरूरी है उस पर अपने विचार साझा किये।

## एसी नगर और संत नगर से डाक कांवड़ और कावड़ियों का मोटरसाइकिल जत्था रवाना

**फरीदाबाद।** रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन एसी नगर के अध्यक्ष दिनेश बंसवाल, उपप्रधान बशारत हुसैन, महासचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कपूर व अन्य सदस्यों ने हरिद्वार के लिए डाक कांवड़ और कांवड़ियों के मोटरसाईकिल जत्थे को एसी नगर और संत नगर से ढोल नगाड़ों व गाजे बाजे के साथ रवाना किया।

रवाना होने से पूर्व मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कि गई। इस मौके पर कालोनी की महिलाओं और परिजनों ने कांवडियों को तिलक लगाया और भगवान से उनकी मंगल यात्रा की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### संपन्न हुआ कृत्रिम उपकरणों के लिए पंजीकरण, अब बनेंगे उपकरण



पटौदी में कृत्रिम उपकरणों के लिए पंजीकरण कराने पहुंचे दिव्यांग।

**गुरुग्राम।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से शनिवार को पटौदी में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए निःशुल्क पंजीकरण सह-परीक्षण शिविरों का शनिवार को समापन हो गया। अंतिम शिविर पटौदी के राजकीय वरिष्ठ विद्यालय में लगाया गया। हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन में कृत्रिम अंगों के लिए पांच दिन तक शिविर लगाए गए। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि इन शिविरों में अधिक से अधिक दिव्यांगों के पहुंचने के लिए मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी कराया गया। शिविर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एम्लिका) कानपुर का विशेष सहयोग रहा। जिला प्रशिक्षण अधिकारी जतिन कौशिक, कल्पोष संस्था से राजेंद्र वांचू एवं विना वांचू, एक उड़ान संस्था की संस्थापिका व समाजसेवी कल्याणी सचान एवं रेडक्रास से अतुल पराशर आकांक्षा, कुणाल मंगला, शयामा राजपूत, कामकाजी महिला आवास वार्डन कविता सरकार, टीआई प्रोजेक्ट से समाजसेवी रोहतास, सुषमा, विनीता पीटर, सरोज, कमला, जोगिंदर, अमित आदि का योगदान रहा। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर से डाक्टर मनीष, आकाश, रवि का भी सहयोग मिला। ड्रीम फाउंडेशन के ट्रस्टी डा. एके शर्मा, रेडक्रॉस पैटर्न सदस्य एवं ड्रीम36 फाउंडेशन से दीपक शर्मा का भी अहम भूमिका रही।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता पर हुए जानलेवा हमले

**सोहना।** शहर थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ पिता के घर से कार व पांच लाख रुपये नकदी न लाने पर प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया है। विवाहिता ने आरोपियों पर जबरन गर्भपात करने से लेकर बाथरुम में बिजली का करंट छोड़ना और देवर द्वारा गलत नीयत से छेड़छाड़ करने जैसे घिनौने आरोप लगाए हैं। शहर थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसके परिवार वालों ने 11 दिसम्बर 2019 को बादशाहपुर निवासी अमित के साथ शादी करते हुए 12-13 लाख रुपये खर्च किए थे। अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष सास मूर्ति, नन्द बबीता, देवर अजय और नन्दोई सतबीर शादी के कुछ समय के बाद से कार व पांच लाख रुपये पिता के घर से लाने का दबाव बनाने लगे। उसे शादी में कम दहेज लाने पर परिवार और रिश्तेदारों में नाक कटवा देने के ताने मारने शुरू किए। लेकिन मांग पूरी न होने पर उसे सभी आरोपियों ने मिलकर जान से मार देने, जबरन गर्भपात करने, देवर द्वारा गलत कार्य न कराने पर तेजबा डालकर बदसूरत बना किसी को मुंह न दिखाने लायक छोड़ने तक की धमकियां दे जाती रही। पति द्वारा भी बाथरुम में बिजली का नंगा तार छोड़कर करंट लगने का प्रयास किया।

# मेरा लुट गया सब कुछ, कुछ रिश्ते बचाने को...

## महिला काव्य मंच गुरुग्राम इकाई ने की मासिक डिजिटल काव्य गोष्ठी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



डिजिटल काव्य गोष्ठी में रचनाएं पढ़ने वाले कविगण।

**मेरा** लुट गया सब कुछ, कुछ रिश्ते बचाने को, आज तन्हा खड़ा हूं ठूंठ सा कोई पहचानता नहीं। जीवन में रिश्तों को लेकर कवयित्री सीमा प्रताप द्वारा लिखी गई यह रचना इंसान के जीवन को प्रदर्शित करती है कि वह किस कद्र जीवन में रिश्तों को एक सूत्र में पिरोते हुए किस तरह से अकेला रह जाता है। उसकी कद्र घट जाती है।

महिला काव्य मंच गुरुग्राम इकाई हरियाणा की डिजिटल काव्य गोष्ठी मकाम के संस्थापक नरेश नाज के सानिध्य तथा गुरुग्राम इकाई की अध्यक्षा रश्मि छिकारा की अध्यक्षता में आयोजित मासिक डिजिटल काव्य गोष्ठी में यह रचना सीमा प्रताप ने सुनाई। कार्यक्रम में गुरुग्राम इकाई की सचिव कुसुम यादव द्वारा मां शारदे की आराधना के साथ किया गया। मकाम गुरुग्राम इकाई की महा सचिव अंजू सिंह ने संचालन किया।

अपनी रचनाओं में नरेश नाज से सुनाया-मेरे प्यारे देश वासियों सुनों देश का हाल, लगे अगर मैं सच कहता हूं, तुम भी देना ताल। शारदा मित्तल ने सुनाया-क्या मजला फिर गैरों की, गर हम सबमें इक सैनिक हो, अपने शौर्य और देशप्रेम का चारों और ही पैनिक हो। इंदू राज निगम ने सुनाया-बरखा रानी को ले करके आया है, देखो फिर हरियाला सावन आया है। राजेन्द्र निगम राज ने सुनाया-बादल, बिजली, बरखा के संग झूला झूलेंगे, सावन को अपनी बाहों में भरकर झूमेंगे।

नीरजा मल्होत्रा ने सुनाया-इक चिराग हूं मैं दुनिया से कैसे मुझे छुपाओगे, घना अंधेरा भी जो हुआ तो, हर शै को मुझसे ही रोशन पाओगे। अंजू सिंह ने सुनाया-खुद की खुद से हो मुलाकात तो अच्छा है, कुछ बिगड़े हैं मेरे दिल के हालात पर अच्छा है। कुसुम यादव ने सुनाया-हर इक को तो इक मिले,तुझे नहीं रविवार, इस दिन और अधिक बढ़े, तेरे कंधे भार। आभा कुलश्रेष्ठ ने सुनाया-जोश भरी लिखो गाथाएं, छोड़ो फूलों के किस्से। सीमा गुलाटी ने सुनाया-हर तरफ इक चांदनी सी छिटक रही है, कहीं ये तेरे आने की आहट तो नहीं। दिव्या शर्मा ने सुनाया-असफल प्रेम में स्त्री व्याभिचारिणी घोषित होती है, क्योंकि पुरुष, स्त्री के चरित्र तले खुद को छिपा लेता है। रश्मि छिकारा ने सुनाया-हमने मजारों पर जलाए चिराग जा जाकर, अपने ही कफन को तरसती जिंदगी अपनी।

# नाइजीरियन का फर्जी आधार कार्ड बनाने में दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राहुल तथा संजय का नाम शामिल है। आरोपी राहुल जो रोहतक के गांव कांधला का रहने वाला है और बड़खल तहसील में पिछले 1 वर्ष से आधार कार्ड बनाने का प्राइवेट तौर पर काम कर रहा था। आरोपी की बीपीटीपी एरिया की बिहारी मार्केट में आधार कार्ड बनाने की एक दुकान भी है। आरोपी संजय दिल्ली के सरिता विहार का रहने वाला है। जिसकी नेहरू प्लेस में मोहर बनाने की दुकान है। करीब 1 माह पहले आरोपी राहुल की मुलाकात कृष्टि नाम की एक नाइजीरियन महिला के साथ हुई थी। जिसने आरोपी को आधार कार्ड बनाने के लिए कहा था। नाइजीरियन महिला ने कहा कि उसके पास कोई दस्तावेज नहीं है और यदि आरोपी उसे आधार कार्ड बना कर देता है तो वह उसे 2500 रुपये प्रति आधार कार्ड के लिए देगी। आरोपी पैसों के लालच में आ गया और उसने महिला के कहने पर करीब 7-8 फर्जी आधार कार्ड बना दिए। क्राइम ब्रांच 85 की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक लैपटॉप, विधायक की फर्जी मोहर, एक कैमरा, एक बायोमेट्रिक तथा आयरिश मशीन बरामद की गई है।

आरोपी राहुल की निशानदेही पर फर्जी मोहर बनाने वाले आरोपी संजय को भी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बीपीटीपी में धोखाधड़ी और फर्जी कागजात तैयार करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी संजय को जेल भेज दिया गया है वहीं आरोपी राहुल को अदालत में पेश करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से मामले में गहनता से पूछताछ करके उसे आधार कार्ड बनवाने वाली नाइजीरियन महिला को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# सोहना में आवारा घूमने वाली गायों का आतंक, नागरिक परेशान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में भूख मिटाने के लिए कूड़े के ढेर पर मड़रातीं आवारा गायें।

**शहर** में आवारा घूमने वाली गाय का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। शहर के बाजारों से लेकर अनाज व सब्जी मंडी परिसर, नागरिक अस्पताल और शहर के चौक-चौराहों पर आवारा गाय का आतंक लोगों को पैदल निकलना भी मुश्किल कर रहा है। प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्र में आवारा घूमने वाली गाय, भैंस, सांड, सूअर पर पूर्णरुप से प्रतिबंद लगाने के साथ-साथ प्रत्येक नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम प्रशासन को सख्त हिदायतें दी हुई हैं। लेकिन स्थानीय शहर में आवारा घूमने वाली गाय के प्रति नगर परिषद प्रशासन ने पिछले करीब दो वर्ष से किसी प्रकार की कार्रवाई अमल में नहीं लाई है। जिसके चलते अपनी गाय को आवारा छोड़ने वाले मालिक को हौसला बढ़ रहा है।

**प्लास्टिक बैग से भर रही हैं पेट :** आवारा घूमने वाली गाय को सुबह 5 बजे सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। सुबह 5 बजे से गाय अनाज मंडी, सब्जी मंडी और बाजारों में लगे कूड़े के ढेरों पर अपने आप पहुंच जाती है। जहां प्रतिबंधित प्लास्टिक के बैगों में बंद कूड़ा-कचरा के साथ घरों में बचा कुचा खाने का सामान होता है। जिसे खाने के साथ-साथ गाय प्लास्टिक बैग को भी निगले जा रही है। क्योंकि मालिक गाय को सुबह-शाम दूध निकालने तक ही सीमित रहता है। वह अपने घर से सुबह भूखे पेट ही बाजार में छोड़ देता है।

**दुकानदार से लेकर आम नागरिक परेशान :** बाजार में आवारा घूमने वाली गाय दुकानदार का बाहर रखा सामान को अपनी भूख मिटाने की चाह में जमीन पर गिरा देती है। जब तक दुकानदार अपने सामान को बचा पाता है। तब तक आधा से ज्यादा सामान खराब हो चुका होता है। सड़कों पर आवारा घूमने, बैठने से आम लोगों को इनके पास से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार तो बाजार में जाम लग जाता है।

# जर्जर लाइनों के कारण लोगों के घर पहुंच रहा दूषित पेयजल

**कविता।** बल्लभगढ़

**जिले** में लगातार विकास कार्य करने के दावें किये जा रहे हैं, वहीं तेजी से विकास कार्य भी किए जा रहे हैं, लेकिन इन विकास कार्यो में करोड़ो रुपये खर्च करने के बाद भी जनता की आवश्यकता के कामों पर ध्यान नहीं दिया जाता। ऐसा ही बल्लभगढ़ में देखने को मिला।

करीब दो साल पहले मंत्री और पार्षद के द्वारा चार पम्प चालू करके बेहतर पेयजल सप्लाई का वायदा किया गया था, लेकिन यहां विभिन्न स्थानों पर लगे दो पम्प पिछले एक साल से बंद पड़े है, जिनकी ओर ध्यान नहीं दिया गया। जिस कारण लोग पानी को तरस रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बल्लभगढ़ इलाके में सीवरेज युक्त और बदबूदार पानी आने की शिकायतें लोगों के द्वारा निगम को की जा रही है। लेकिन इसके बावजूद भी इस ओर किसी तरह का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बल्लभगढ़ में आ रहा सीवरेजयुक्त और बदबूदार पानी


सीवरेज युक्त पानी से भरी बाल्टी, चार में से दोनो बंद पड़े पम्प, लॉक लगा बॉक्स

**चार में से दो पम्प बंद:** बल्लभगढ़ की चावला कालोनी में दो वर्ष पहले मंत्री और वहां के पार्षद ने चार पम्प चालू करके बेहतर पेयजल उपलब्ध करवाने के दावे किए थे, लेकिन पिछले एक वर्ष से यहां लगे दो पम्प पूरी तरह से बंद पड़े है, इसके लिए कालोनी वासियों ने कई बार निगम को बताया, लेकिन कोई भी उनकी समस्या का समाधान नहीं कर सका। जिस कारण एक वर्ष से पम्प पूरी तरह से बंद पड़े है। इन नए लगे पम्पों के बंद होने से सरकार के पैसों की बर्बादी हो रही है।

**गंदा बदबूदार पानी :** बल्लभगढ़ निवासी मिल्लू और पंकज ने बताया कि पिछले काफी समय से सीवरेज युक्त पानी आ रहा है। जिसमें या तो बदबू होती है या फिर एकदम से काला पानी आता है। जिसकी शिकायत उन्होंने नगर निगम में कई बार की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने बताया कि पेयजल के लिए पैसे खर्च करके प्लास्टिक की पाईप यहां डाली गई थी, शायद वह टुट गई है और इस कारण से ओवरफ्लो सीवरेज का गंदा पानी पेयजल सप्लाई में शामिल हो रहा है। जिससे ऐसा गंदा और बदबूदार पानी इलाकों में आ रहा है। जिसका इस्तेमाल ही नहीं किया जा सकता।

# उधार के पैसे लौटाने की मांग करने पर दोस्त ने कर दी युवक की हत्या

### पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को किया काबू, पूछताछ जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**थाना** सेक्टर आठ इलाके के इंदिरा नगर में बीती रात एक युवक ने चाकू से गोद कर अपने दोस्त की हत्या कर दी। मृतक युवक आरोपी से उधार के चार हजार रुपये मांगने के लिए गया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा शुरू हुआ था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक बीती रात डायल 112 पर किसी ने पुलिस को घटना के बारे मे सूचना दी। जिस पर ईवीआर 200 मौके पर पहुंची। जिन्होंने थाना प्रबंधक सहित उच्च अधिकारियों को सूचित किया। सूचना मिलते ही डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान, एसीपी सिटी बल्लभगढ़ मनीष सहगल, थाना प्रबंधक विजेंद्र, चौकी प्रभारी सहित एफएसएल की टीम व क्राइम ब्रांच डीएलएफ, ऊंचागांव, सेंट्रल, घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। मृतक के भाई सुभाष के शिकायत पर थाना सेक्टर-8 में हत्या की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई।


शोका कुल मृतक युवक के परिजन। इनसेट में मृतक बंटी का फाइल फोटो।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मृतक का नाम अविनाश उर्फ बंटी है। जिसकी उम्र करीब 20 वर्ष है। अविनाश आजाद नगर झुग्गी का रहने वाला है। अविनाश की हत्या उसके दोस्त इंदिरा नगर के रहने वाले 23 वर्षीय राजू ने की है। जो मूलत: इलाहाबाद का रहने वाला है। आजाद नगर झुग्गी तथा इंदिरा नगर पास पास में ही है। मृतक अविनाश पहले मसाले बेचने का काम करता था। परंतु ज्यादा कमाई ना होने की वजह से बाद में वह एस्कॉर्ट कंपनी में ठेकेदारी पर नौकरी करने लगा। वहीं आरोपी राजू मजदूरी करता था। पुलिस थाना सेक्टर-8 में मृतक के भाई सुभाष ने दी अपनी शिकायत में बताया कि अविनाश ने आरोपी राजू से मसाले के करीब 4000 रुपये लेने थे। परंतु बार-बार कहने के पश्चात भी आरोपी उसे पैसे नहीं दे रहा था। इसलिए दोनों भाई आरोपी से पैसे लेने के लिए गए थे। पैसे मांगने पर उनमें झगड़ा हो गया। जिसके पश्चात वह एक दूसरे को लात घुसा मारने लगे। दोनों लड़ते लड़ते बाहर गली में आ गए। जहां राजू ने अविनाश पर चाकू से कई वार किए। जिसकी वजह से अविनाश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। शोर सुनकर वहां पर भीड़ एकत्रित हो गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस की ईआरवी 200 भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। उधर क्राइम ब्रांच ने गुप्त सूत्रों मिली सूचना के आधार पर आरोपी को काबू कर लिया। क्राइम ब्रांच द्वारा मामले में पूछताछ की जा रही है। पूछताछ उपरांत आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आगमन के लिए सेक्टर-88 में बनाए जाएंगे तीन हेलीपैड

### सड़कों की रिपेयरिंग का काम हुआ युद्धस्तर पर शुरू


प्रधानमंत्री आगमन को लेकर सैक्टर-87 में सडक़ रिपेयरिंग हुई शुरू।

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के मां अमृतानंदमयी अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर प्रशासन ने सभी जरूरी तैयारी शुरू कर दी हैं। उद्घाटन 24 अगस्त को प्रस्तावित है। प्रशासनिक अधिकारी प्राय- प्रतिदिन ग्रेटर फरीदाबाद का दौरा कर रहे हैं।

अधिकारियों ने सेक्टर-88, सेक्टर-88-89 मास्टर रोड, जैन मंदिर के पास की खाली जमीन को भी देखा। यहां प्रधानमंत्री के हेलीकाप्टर के लिए तीन हेलीपैड बनाए जाने की योजना है। इस रोड के आसपास चारों तरफ बहुमंजिला इमारत बनी हुई हैं। यहां से सीधा 75 मीटर रोड पर प्रधानमंत्री का काफिला आ-जा सकता है। 75 मीटर रोड पर एमवीएन स्कूल के पास अस्पताल में प्रवेश के लिए सड़क तैयार की जा रही है।

उद्घाटन से पहले अस्पताल के चारों ओर की सड़कें चकाचक करने का दावा किया गया है। पिछले दिनों एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने अधिकारियों संग बैठक की थी और फिर शाम को ग्रेफ का दौरा किया था। प्रधानमंत्री के रूट का निरीक्षण किया गया। इस रूट की सड़कों को बनाने और अतिक्रमण का सफाया करने के आदेश दिए। वहीं प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर ग्रेटर फरीदाबाद की सोसायटी में रहने वाले लोगों में काफी उत्साह है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अस्पताल के उद्घाटन को लेकर कई सडक़ों को चकाचक किया जा रहा है। सालों पहले की समस्या का अब समाधान हो रहा है। वैसे भी ग्रेफ में इतना बड़ा अस्पताल बनना बड़ी बात है। इसका सबसे अधिक लाभ सोसायटी वासियों को होगा। साथ ही उनकी मांग यह भी है कि एफएमडीए अधिकारी समूचे ग्रेटर फरीदाबाद की जर्जर सडक़ों की मरम्मत कराएं तो और अधिक ठीक रहेगा। स्ट्रीट लाइटों को ठीक करें। सीवर लाइनों को दुरुस्त करें। उन्होंने बताया कि इस विषय में पीएमओ कार्यालय को लगाकार ट्वीट किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एपी स्कूल के हबीबा और गौतम ने लिए 90 प्रतिशत



**फरीदाबाद।** सेक्टर-23, संजय कालोनी स्थित एपी सिनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं और 12वीं कक्षा में बेहतर करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। एपी स्कूल का 10वीं और 12वीं कक्षा का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। जिस पर एपी स्कूल के चेयरमैन जेपी अग्रवाल तथा डायरेक्टर अमन अग्रवाल ने विद्यार्थियो, शिक्षकों को बंधाई देते हुए इसी तरह से आगे बढ़ने को कहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए उन दोनों ने बताया कि कक्षा 10वीं में हबीब और गौतम ने 90 प्रतिशत और वंशिका ने 85 प्रतिशत स्कोर किया है। जिसमें हबीबा ने साइंस में 93 और गौतम ने हिन्दी में 91 प्रतिशत लिए है। वहीं 12वीं में शिवांगी ने कोमर्स में 89 प्रतिशत, अमृता ने साईंस में 90 प्रतिशत और चांदनी ने 89 प्रतिशत अंक लिए है। उन्होंने बताया कि स्कूल में सब्जेक्ट टॉपर शिवांगी ने एकाउंट्स में 97 प्रतिशत और इकों में 85 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है। चेयरमैन जेपी अग्रवाल, डायरेक्टर अमन अग्रवाल, प्रिंसीपल भजनलाल अग्रवाल, अध्यापिका बबीता त्यागी, अनुराधा गुप्ता समेत अन्य अध्यापकों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया और उन्हें आगे बढ़कर अपने देश और जिले का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया।

### शत प्रतिशत रहा बौहरा स्कूल का परीक्षा परिणाम





**फरीदाबाद।** शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें बौहरा पाब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के विभिन्न संकायों मे बच्चों ने निम्न वरीयता प्राप्त किए जिसमें प्रथम अंशिका गुप्ता ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं द्वितीय भूमिका ने 95.6 प्रतिशत और अतुल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं तृतीय स्थान दया सागर भीगा ने 93.2 प्रतिशत अंक लेकर प्राप्त किया। अंशिका, भूमिका, हर्ष तथा भूमि मित्तल ने संस्कृत मे 100 प्रतिशत तथा करन सिंह अधिकारी ने गणित में 100 प्रतिशत लाकर स्कूल का नाम रौशन किया। 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 42 बच्चे रहें। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन परसन महेन्द्र बोहरा एवं स्कूल के प्राचार्य रोहन खन्ना ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### क्रेन के नीचे दबने से कर्मचारी की मौत



शव को लेकर हंगामा करते परिजन।

**फरीदाबाद।** गांव छायंसा स्थित स्टार वायर कंपनी में क्रेन के नीचे दबने से एक कर्मचारी की मौत हो गई। कर्मचारी के भाई की शिकायत पर कंपनी के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना छायंसा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव छायंसा निवासी सतबीर ने बताया कि उनका भाई धर्मवीर स्टार वायर कंपनी में कार्य करता है। 23 जुलाई को काम करने के दौरान धर्मवीर की क्रेन के नीचे दबने की वजह से मौत हो गई। जिस पर मृतक धर्मवीर के भाई की शिकायत पर थाना छायंसा पुलिस ने कंपनी के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना छायंसा एसएचओ सुरेंद्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है और कंपनी के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक की उम्र धर्मवीर करीब 46 साल है।

### ब्राह्मण सभा ने किया चन्द्रशेखर को याद



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-2 शहीद पं चन्द्रशेखर आजाद स्मारक पार्क व चौक बल्लभगढ़ फरीदाबाद पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर शत शत नमन कर उन्हें याद किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा शहीद चन्द्रशेखर आजाद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत तथा भारत माता के सच्चे सपूत और आजादी के दीवानों के भामाशाह थे देश की आजादी के लिए उन्होंने हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमें उनके आदर्श मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। हम उन्हीं की मेहरबानी से खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस अवसर पर टिपरचंद शर्मा, दयाचंद पार्षद, हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, राजू दादा, कैलाश दादा, मोहित, अंकित, साहिल, अनुराग, रामजीलाल, शिवकुमार, देवराज, किशोर शर्मा, ललित, चिकु, रिषी, राजू, अवधेश, पवन, गंगाराम, शंकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ऊंचा गांव सैनिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया विजय का परचम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद






**सैनिक** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिक्षा और खेल के क्षेत्र में दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। हमारे विद्यालय के बच्चे ताइक्कांडो और बॉक्सिंग में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। हमारे पास प्रशिक्षित कोच हैं (ताइक्कांडो, स्केटिंग, योग, निशानेबाजी, मुक्केबाजी) सैनिक पब्लिक स्कूल IIT/JEE/CUET/NEET प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए फाउंडेशन कक्षाएं प्रदान करता है। 30 छात्रों ने देश के विभिन्न आईआईटी में प्रवेश लिया। इस बार दसवीं और बारहवीं का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

बल्लभगढ़ ऊंचागांव स्थित सैनिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम गत वर्षो की भांति शानदार रहा कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें 15 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। विद्यालय की 10वीं की छात्रा योगिता और 12वीं की छात्रा स्नेहा ने पहला स्थान प्राप्त किया। बेहतर परीक्षा परिणाम पाने के बाद विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सैनिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर उधम सिंह अधाना से बातचीत के दौरान पता चला कि वर्ष की प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत श्रेष्ठ रहा और उन्होंने कहा की सभी विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों के सहयोग से परीक्षा में सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम के अनुसार विद्यालय की छात्रा योगिता ने 463 अंक, शिवम ने 459 अंक, पियूष ने 449 अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा बारहवीं के सभी विद्यार्थियों में से स्नेहा ने 444 अंक प्राप्त किये, चन्दन ने 438 अंक और गौरव ने 432 अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलक्ष्य पर सैनिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर उधम सिंह अधाना ने उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को शानदार परीक्षा परिणाम हासिल करने पर खुशी जताई और 80: से अधिक अंक हासिल करने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति देने की बात कही। सैनिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभी विद्यार्थियों को सम्मानित कर और अधिक मेहनत करके विद्यालय का नाम रोशन करने को कहा।

# कुन्दन ग्रीन वैली स्कूल ने बल्लभगढ़ को फिर दिये टॉपर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**विगत** वर्षों की भांति ही इस बार भी कुन्दन ग्रीन वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की बारहवीं एवम् दसवीं कक्षा में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। कक्षा 12वीं के आकाश वत्स ने 98 प्रतिशत एवम् कक्षा 10वीं के गरिमा शर्मा ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल एवम् बल्लभगढ क्षेत्र में टाप किया।

कक्षा 12वीं में आर्ट स्ट्रीम के आकाश वत्स ने 98 प्रतिशत से स्कूल में टॉप किया। कॉमर्स स्ट्रीम के अनुज 95.2 तथा साईंस स्ट्रीम के नान मेडिकल विषय में कनक ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसके अतिरिक्त आर्ट्स में निकिता ने 97.6 प्रतिशत, पलक ने 96.3 प्रतिशत, शिवानी ने 94.6 प्रतिशत, स्नेहा ने 94 प्रतिशत, कॉमर्स स्ट्रीम में मुस्कान ने 95 प्रतिशत, इशांत ने 94.3 प्रतिशत, भूमिका ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। स्कूल के 36 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत, 28 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत, 30 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत एवम् 40 विद्यार्थियो ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही 70 विद्यार्थियों ने 95 एवम् उससे अधिक अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। घोषित हुए बारहवीं की सीबीएसई परीक्षा में स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इसके साथ कक्षा दवसीं में गरिमा शर्मा ने 98.2 प्रतिशत हासिल करके बल्लभगढ क्षेत्र में नाम रोशन किया। इसके अलावा सोम्या (95.6), गरिमा छाबरा (95), प्रयांशु (95) प्रतिशत अंक हासिल किये। इस सत्र में कक्षा 10वीं में 104 विद्यार्थी बैठे थे जिसमें से 15 विद्यार्थियों ने 90 से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा 24 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत या इससे अधिक प्रतिशत अंक एवम् 48 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाकर कीर्तिमान स्थापित किया। कक्षा 10वीं में भी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन भारतभूषण शर्मा ने सीबीएसई कि परिणाम अव्वल लाने में सभी शिक्षकों और छात्रों की कड़ी मेहनत का योगदान है।

# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र देव दीक्षित ने रचा कीर्तिमान




**फरीदाबाद।** सीबीएसई की 10वीं कक्षा के घोषित हुए परिणामों में विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल, घरोड़ा के छात्रों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल की 10वीं कक्षा के सभी छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से परीक्षा पास की।

रिजल्ट के बारे में जानकारी देते हुए स्कूल के डायरेक्टर दीपक यादव ने बताया कि हर बार की तरह ही इस बार भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। साथ ही यह भी हमारे लिए खुशी की बात है कि 10वीं कक्षा के सभी छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से परीक्षा पास की है। दीपक यादव ने कहा कि सीबीएसई की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में 99 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र देव दीक्षित ने कीर्तिमान बनाया है। इस वर्ष कुल 66 छात्रों ने सीबीएसई की 10वीं कक्षा की परीक्षा दी थी। जिसमें 80 प्रतिशत छात्रों ने मेरिट हासिल की है वहीं सभी छात्र फर्स्ट डिवीजन से पास हैं। इसी प्रकार छात्र देव दीक्षित ने मैथ और रिया ने सोशल स्टडीज में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया। दीपक यादव ने बताया कि देव दीक्षित के अलावा प्राची मित्तल ने 93 प्रतिशत, रिया ने 92.2 प्रतिशत, अर्जुन अधाना ने 92 प्रतिशत, दिशा अधाना और निखिल कौशिक ने 91 प्रतिशत व रश्मि ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को शुभकामनायें दीं और साथ ही स्कूल स्टाफ को उनकी मेहनत और लगन के लिए बधाई दी।

# उमित ने किया 99 प्रतिशत के संग टॉप






**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मॉडर्न** दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर-89, ग्रेटर फरीदाबाद के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा-10 (2021-22) की परीक्षा में अद्भूत प्रदर्शन किया। विद्यालय का औसत कुल 91.97 प्रतिशत और 459.84 का गुणात्मक सूचकांक के साथ उमित अदलखा 99 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में टापर है। रिद्धि अग्रवाल 98.8 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसके साथ आयुष्मान गुरेजा और शुभम अग्रवाल 98.6 प्रतिशत, अनिकेत प्रताप सिंह, पलक सेतिया, रिया आहुजा और प्रियांशु गोयल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही 96 छात्रों में से 41 छात्रों ने 95 प्रतिशत और 70 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये।

### प्राचार्य डॉ. उदय वर्मा ने प्रशंसनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी

निदेशक प्राचार्य डॉ. उदय वर्मा ने इन चमकते सितारों, अध्यापकों तथा अभिभावकों को प्रशंसनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, प्रत्येक सफलता के साथ हम अपने स्तर को ऊँचा उठाते हैं तथा नए प्रतिमान स्थापित करते हैं। हमारी कार्य नीति असाधारण है। हम सदैव स्वयं से बेहतर की माँग करते हैं। यह हमारे उत्साह को द्विगुणित करता है।

## एमडीपीएस के छात्रों का रहा अद्भुत प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** मॉडर्न दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर-87, ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 (2021-22) की परीक्षा में अद्भुत प्रदर्शन किया । विद्यालय ने 90.73: के अभूतपूर्व औसत के साथ 453.67 का गुणात्मक सूचकांक हासिल किया। फरीदाबाद हरियाणा से अनिमेष प्रधान ने 99.8: लाकर राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान और हरियाणा में पहला स्थान प्राप्त किया। प्रजना कुमार 99.6 : लाकर दूसरे स्थान पर रही इसके साथ ही अनुष्का षर्मा व कुमार श्रीद ने 99.2: अंक प्राप्त किए। सांई षिनमयी बाथानापा व दिषांत गुप्ता और नैन्सी ने 98.8: लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उल्लेखनीय बात यह रही कि कुल 315 परीक्षार्थियों में 87 ने 95: से अधिक तथा 215 ने 90: से अधिक अंक प्राप्त किये। निदेशक प्राचार्य डॉ. उदय वर्मा ने इन चमकते सितारों, अध्यापकों तथा अभिभावकों को प्रशंसनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ''प्रत्येक सफलता के साथ हम अपने स्तर को ऊँचा उठाते हैं तथा नए प्रतिमान स्थापित करते हैं। हमारी कार्य नीति असाधारण है। हम सदैव स्वयं से बेहतर की मांग करते हैं। यह हमारे उत्साह को द्विगुणित करता है तथा हमें श्रेष्ठता की ओर अग्रसर करता है।

# भारत में नीति-से जुड़ा अनुसंधान करने में सहयोग किया




**फरीदाबाद।** इंस्टीट्यूट फॉर फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड रिसर्च (आईएफएमआर) और येल यूनिवर्सिटी के इंक्लूजन इकोनॉमिक्स ने समावेशी अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को बढ़ावा देने वाला नीति से जुड़ा अनुसंधान करने के लिये एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। यह सहयोग डेटा के अभिनव संग्रह, अत्याधुनिक अनुसंधान, नीति-निर्माताओं के साथ जुड़ाव और डेटा पर आधारित जानकारियों के संचार पर केन्द्रित होगा, ताकि आर्थिक एवं सामाजिक समावेश पर प्रमाण-आधारित संवाद को सूचित एवं प्रोत्साहित किया जा सके। आईएफएमआर का इंक्लूजन इकोनॉमिक्स इंडिया सेंटर इस महत्वपूर्ण प्रयास में करीब से शामिल होगा और क्रिया यूनिवर्सिटी रणनीतिक निरीक्षण करेगी।

इस गठजोड़ की घोषणा नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर के जकारंदा हॉल में हुई। आईएफएमआर, क्रिया यूनिवर्सिटी, येल यूनिवर्सिटी और इंक्लूजन इकोनॉमिक्स इंडिया सेंटर के प्रतिनिधियों ने इस गठजोड़ में शामिल कर्मचारियों और अन्य साझीदारों के साथ इस पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। इसके बाद इंक्लूजन इंडिया सेंटर के उद्घाटन नीति संवाद महामारी और महिलाओंकी आपबीती'' में ग्रुप के हाल में किए गए कार्यों से प्रमाण-आधारित जानकारियां दी गईं। ग्रुप ने इस पर काम किया था कि कोविड-19 महामारी ने कैसे भारतीय महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सेहत को प्रभावित किया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा आयोजन के विशिष्ट वक्ता थे, जिन्होंने कहा, सरकार हाशिये पर खड़ी महिलाओं को अर्थव्यवस्था में शामिल करने और सशक्त करने के लिये उल्लेखनीय प्रयास कर रही है। इंक्लूजन इकोनॉमिक्स इंडिया सेंटर इस प्रयास में एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने में सहायता की है कि हमारी नीतियां और कार्यक्रम डेटा एवं प्रमाण से सूचित हों।

## विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत बोले

# श्रृंगार गौरी मामले में अदालत के फैसले का करना चाहिए इंतजार

**भाषा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी** श्रृंगार गौरी मामले में उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत कुलपति तिवारी ने कहा है कि कुछ लोग जानबूझकर सिर्फ लोकप्रियता पाने के लिए ज्ञानवापी मुद्दे को लेकर यहां से लेकर दिल्ली तक दौड़ रहे हैं।

तिवारी ने कहा कि जब जिला स्तर पर मामला अदालत में चल ही रहा है तब यहां की अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में कहा कि वह हिन्दू श्रद्धालुओं की ओर से दायर दीवानी मुकदमे की स्वीकार्यता के सिलसिले में ज्ञानवापी मस्जिद समिति की आपत्तियों पर वाराणसी जिला न्यायाधीश के निर्णय का इंतजार करेगा। शीर्ष अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर हिन्दू श्रद्धालुओं की ओर से दायर दीवानी मुकदमे को 20 मई को सीनियर सिविल जज के पास से वाराणसी के जिला न्यायाधीश को स्थानांतरित कर दिया था। इस मामले पर पीटीआई-भाषा से बातचीत में आम जनमानस से लेकर धर्मगुरुओं की अलग-अलग राय सामने आई है, हालांकि हिंदू-मुसलमान सभी चाहते हैं कि काशी की गंगा-जमुनी तहजीब कायम रहे। अंजुमन इंतजामिया कमेटी के सचिव मोहम्मद यासीन ने कहा, हम जिला अदालत के फैसले का इंतजार कर रहे हैं और यदि फैसला हमारे पक्ष में नहीं



आता तब हम उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। काशी के आम जनमानस ने भी स्थानीय अदालत में ही सुनवाई और फैसले को प्राथमिकता दी है। वाराणसी के महमूरगंज निवासी स्वर्ण मुखर्जी ने स्थानीय अदालत में मामले के निपटारे पर जोर देते हुए कहा, यह मामला बनारस के हिन्दू-मुस्लिम भाइयों के बीच का है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं है। बाबा बटुक भैरव के महंत विजय पुरी ने कहा, बाबा विश्वनाथ ज्ञानवापी में स्वयं प्रकट हुए हैं, इसलिए हिंदुओं के लिए उस स्थान विशेष का महत्व है। उन्होंने जोर देकर कहा, काशी गंगा-जमुनी तहजीब को मानने वाली रही है, मुस्लिम भाइयों को अपने पूर्वजों की गलती को सुधारने का मौका मिला है, इससे उनको चूकना नहीं चाहिए। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता और हजरत अली मस्जिद कमेटी के सचिव हाजी सैयद फरमान हैदर ने अदालत के फैसले के सम्मान करने का दावा करते हुए कहा, हमने तो बनारस के घाटों पर गंगा जल से वजू करके नमाज पढ़ी है। कभी किसी ने नहीं रोका लेकिन आज देश में नमाज पढ़ने पर बवाल हो जा रहा है। हैदर ने कहा कि लाठी पीटने से पानी अलग नहीं होगा, काशी हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल रही है। मंदिर मस्जिद के लिए देश का माहौल खराब नहीं करना चाहिए। शहर ए मु2398ती मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी ने कहा, वरशिप एक्ट (उपासना स्थल अधिनियम) के तहत वैसे तो यह मुकदमा चलने योग्य ही नहीं है, फिर भी अदालत का जो फैसला आएगा वह हमें स्वीकार होगा। गौरतलब है कि हिंदू पक्ष से राखी सिंह तथा अन्य ने ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी में विग्रहों की सुरक्षा और नियमित पूजा पाठ के आदेश देने के आग्रह के संबंध में वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में याचिका दायर की थी जिसके आदेश पर पिछले मई माह में ज्ञानवापी परिसर का वीडियोग्राफी सर्वे कराया गया था। इस दौरान हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजू खाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया था। सर्वे की रिपोर्ट पिछली 19 मई को अदालत में पेश की गई थी। मुस्लिम पक्ष ने वीडियोग्राफी सर्वे पर यह कहते हुए आपत्ति की थी कि निचली अदालत का यह फैसला उपासना स्थल अधिनियम 1991 के प्रावधानों के खिलाफ है और इसी दलील के साथ उसने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। न्यायालय ने वीडियोग्राफी सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, लेकिन मामले को जिला अदालत में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसके बाद से इस मामले की सुनवाई जिला अदालत में चल रही है।

# केवल मुस्लिमों पर लागू होते हैं वक्फ कानून के प्रावधान

**भाषा।** प्रयागराज

### मंदिर पक्ष ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से कहा

**काशी** विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान मंदिर पक्ष के वकील ने कहा कि वक्फ कानून, 1995 के प्रावधान केवल मुस्लिमों पर लागू होते हैं और यह मुस्लिमों के बीच विवाद को हल करने के लिए है। न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने संबद्ध पक्षों को सुनने के बाद इस मामले की सुनवाई 26 जुलाई तक के लिए टाल दी।

यह मामला वाराणसी की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद द्वारा दायर किया गया है, जिसने वाराणसी की जिला अदालत में 1991 में दायर मूल वाद की स्वीकार्यता को चुनौती दी है। वाराणसी की अदालत में मुकदमा दायर कर उस जगह पर प्राचीन मंदिर को बहाल करने की मांग की गई है, जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद स्थित है। इस मुकदमे में यह दलील दी गई है कि उक्त मस्जिद, उस मंदिर का हिस्सा है। अदालत ने कहा, समय की कमी के चलते जिरह पूरी नहीं हो सकी। इसलिए इस मामले को 26 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। मंदिर पक्ष के अधिवक्ता विजय प्रकाश रस्तोगी ने दलील दी कि वक्फ कानून के प्रावधान हिंदुओं पर



बाध्यकारी नहीं हैं और यदि वक्फ बोर्ड और एक गैर मुस्लिम के बीच विवाद पैदा होता है तो विपक्षी को अनिवार्य रूप से एक नोटिस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा मामले में कभी कोई नोटिस नहीं दिया गया और इसलिए विवादित संपत्ति को वक्फ की संपत्ति नहीं माना जा सकता। रस्तोगी ने कहा, वक्फ कानून लागू होने के बाद गैर पंजीकृत संपत्ति या पूर्व में पंजीकृत संपत्ति को फिर से पंजीकृत कराना जरूरी था। मौजूदा मामले में विवादित संपत्ति को कभी फिर से पंजीकृत नहीं कराया गया, इसलिए इसे वक्फ की संपत्ति नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वेश्वर का मंदिर प्राचीन समय सतयुग से अभी तक अस्तित्व में है और स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर विवादित ढांचे में स्थित हैं। इसलिए संपूर्ण संपत्ति स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर में निहित है।

दूसरी ओर, वरिष्ठ अधिवक्ता एस.एफ.ए. नकवी ने अपनी दलील में कहा कि जो संपत्ति वक्फ कानून लागू होने से पूर्व पंजीकृत थी, उसे फिर से पंजीकृत कराने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि ऐसा पंजीकरण 1995 के कानून के तहत किया गया पंजीकरण माना जाएगा। नकवी ने कहा कि जहां तक उत्तर प्रदेश श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कानून, 1983 का संबंध है, यह कानून काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रबंधन के लिए है और इसका मौजूदा विवाद से कोई संबंध नहीं है। मंदिर पक्ष की ओर से यह दलील भी दी गई कि मंदिर का धार्मिक चरित्र कभी मस्जिद में तब्दील नहीं हुआ और ना ही मंदिर का ढांचा ध्वस्त किया गया।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद में पुनरीक्षण याचिका पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद में ईदगाह के सर्वे के लिए कोर्ट कमीशन की नियुक्ति की मांग संबंधी अखिल भारत हिन्दू महासभा की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए एक स्थानीय अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में पिछली सुनवाई 13 जुलाई को हुई थी, परंतु उस दिन जनपद में मुड़िया पूर्णिमा मेला होने के चलते बार एसोसिशन ने काम नहीं घोषित कर दिया था। इसलिए तब सुनवाई टाल दी गई थी और उसे 22 जुलाई के लिए नियत किया गया था। याचिकाकर्ता अखिल भारत हिन्दू महासभा के कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा के पैरोकार अधिवक्ता देवकीनन्दन शर्मा एवं दीपक शर्मा ने बताया कि आज शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (सप्तम) संजय चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। उन्होंने कहा, हमने अदालत से वरिष्ठ अधिवक्ता नियुक्त कर कोर्ट कमीशन के माध्यम से ईदगाह का सर्वे करने की मांग पर एक बार फिर जोर दिया। जिस पर अदालत ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। उन्होंने बताया , यह फैसला आ जाने के बाद ही हम अगली कार्यवाही तय करेंगे। यदि फैसला हमारे पक्ष आता है तो ठीक है, अन्यथा हम निश्चित रूप से उसके खिलाफ अपील करेंगे।

# रामपुर में चार परिवारों को जान से मारने की धमकी, मिली सुरक्षा

**रामपुर।** रामपुर जिले की शाहबाद तहसील में चार परिवारों को जान से मारने की धमकी देनेवाली चिट्ठी मिली है जिसके बाद परिवारों को सुरक्षा प्रदान की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ.संसार सिंह ने बताया कि तहसील के अनवा गांव के कुलदीप ठाकुर के आवास के बाहर सुबह सात बजे चार बंद लिफाफे दरवाजे के पास मिले। लिफाफों पर अंग्रेजी और उर्दू का इस्तेमाल किया गया था।सिंह के अनुसार कुलदीप ने जब उन चिट्ठियों को जानकार व्यक्ति से पढ़वाया तो पता चला कि उसमें उसके चाचा भानु प्रताप सिंह, वीरपाल सिंह और गांव निवासी ब्राह्मण महिला गीता देवी को जान से मारने की धमकी दी गई थी। ए धमकी भरा पत्र मिलने के बाद चारों परिवारो में दहशत का माहौल बन गया। इसकी सूचना पुलिस क्षेत्राधिकारी शाहबाद धर्म सिंह मार्शल और कोतवाली पुलिस को दी गई। एसपी ने बताया इन चिट्ठियों को भेजने वाला अपने आप को किसी आतंकवादी संगठन का सदस्य बता रहा है। चिट्ठियों पर आईएसआई लिखा हुआ है।अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ए पत्र कहां से आए हैं, और इन पत्रों का क्या मकसद है , उन सब बातों की जांच की जा रही है। उनके अनुसार फिलहाल कुलदीप समेत सभी लोगों के घर के बाहर सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात कर दी गई है।

## शातिर चोरों का गिरोह पकड़ा, पांच बदमाश धरे गए

**बरेली।** घर में घुसकर चोरी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए पुलिस ने आज 5 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने चोरी का माल और कार भी बरामद की गई ।भोजीपुरा थाना क्षेत्र में बिलवा पुल के पास आज पुलिस नें हापुड़ जिले के पिलखुआ थाना क्षेत्र के सदीक पुरा प्रहलादपुर निवासी यासीन पुत्र बाबू हापुड़ जिले के ही कोतवाली थाना क्षेत्र में गली नंबर 10 सलमान मस्जिद के पास मोहल्ला रफीक नगर नगर स्थित चूड़ी वाले के मकान मे रहने वाले सरफराज उर्फ छोटे गाजियाबाद जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के मुकीमपुर निवासी वसीम उर्फ कालिया यहीं के मसूरी थाना क्षेत्र के यासीन गढ़ी कस्बा डासना निवासी उस्मान और हापुड़ जिले के पिलखुआ थाना क्षेत्र में शिवाजी नगर तीन मूर्ति मंदिर के पास कालीचरण चादर वाले की दुकान के सामने रहने वाले नवीन शर्मा को आज कार समेत रफ्तार के लिए तलाशी के दौरान उनकी कार से पुलिस ने 464000 रुपए नगद दो घड़ी एक जोड़ी पाजेब एक गले का हार एक अंगूठी एक जोड़ी कान के झाले दो चांदी के छल्ले एक अंगूठी मर्दाना 2 जोड़ी पैरों के बिछुआ तीन सोने की अंगूठी एक जोड़ी झुमका दो मोबाइल फोन बरामद किये चोरों का एक साथी गाजियाबाद जिले के मंसूरी थाना क्षेत्र के कस्बा डासना के यासीन गली वार्ड नंबर 1 का रहने वाला फरमान पुत्र इस्लामुद्दीन मौका देकर फरार हो गयइं एसपी सिटी ने बताया कि बारादरी थाना क्षेत्र के डीडी पुरम निवासी नमन गुप्ता पुत्र प्रमोद गुप्ता ने 9 जुलाई को अपने घर में हुई लाखों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी तब पुलिस की सर्विलांस टीम और बारादरी पुलिस की संयुक्त टीम ने घटनास्थल के इर्द-गिर्द लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आज घटना का खुलासा कर दिया और भोजीपुरा क्षेत्र में कार सवार पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनकी कार से लाखों की नगदी और सोने चांदी के जेवर बरामद किए एसपी सिटी ने बताया कि घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहे अभियुक्त वसीम और फरमान में से पहले वसीम को गिरफ्तार किया गया पूछताछ के बाद उन्होंने अपने जुर्म को स्वीकार कर लिया और वसीम ने बताया कि उसने फरमान के साथ नमन गुप्ता के घर में अंदर प्रवेश करके ताले तोड़कर चोरी करने की थी गिरोह का सरगना यासीन पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है उसने घटनास्थल के पास रहकर अपनी देखरेख में घटना कारित कराई है इस गिरोह द्वारा पूर्व में चोरी नकबजनी व अन्य व्यक्ति अपराध किए गए हैं गिरोह द्वारा अक्सर बंद मकानों में ताले तोड़कर चोरी के अपराध किए जाते हैं गिरफ्तार बदमाशों पर पहले भी गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं ।

## वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**बरेली ।** सुबह तड़के सड़क पार कर रहे एक मजदूर को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मढ़ीनाथ निवासी 45 वर्षीय नरेश पाल सिंह पुत्र बुधसेन की आज सुबह तड़के संतोषी माता मंदिर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि नरेश पाल की पत्नी कि कई साल पहले मौत हो चुकी थी आज सुबह नरेश पाल टहलने के लिए घर से निकला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद जब वह सड़क पार कर रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी उसके घरवालों को भी तब बेटा धीरज मौके पर पहुंचा और नरेश पाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग महिला की जान गई

**बरेली ।** सड़क पर जा रही बुजुर्ग महिला को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव रिठौरा निवासी 65 वर्षीय चमेली देवी पत्नी मोतीराम कि आज सुबह तड़के जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई उसे अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल लाया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद घरवालों ने बताया कि चमेली देवी आज सुबह किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकली थी लेकिन जब वह सड़क पर पैदल जा रही थी तभी अचानक किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गई, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# बेकाबू डंपर ने छह कांवड़ियों को कुचला, मौत

### हाथरस में हुआ हादसा योगी ने शोक जताया

**हाथरस।** जिले में एक डंपर की चपेट में आने से छह कावंड़ियों की मौत हो गई और एक अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आगरा जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) राजीव कृष्ण ने बताया कि मध्य प्रदेश में ग्वालियर के कांवड़ियों का एक जत्था हरिद्वार से जल लेकर वापस जा रहा था। उन्होंने कहा कि शुक्रवार-शनिवार की रात करीब सवा दो बजे सादाबाद थाना क्षेत्र में डंपर ने कांवड़ियों को कुचल दिया, जिसमें सात कांवड़िए घायल हो गए। उन्होंने बताया कि छह कांवड़ियों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने हादसे में मृतकों की पहचान जबर सिंह (28), रणवीर (30), मनोज पाल (30), रमेश पाल (30), नरेश पाल (32) और विकास (25) के रूप में की है। एडीजी ने कहा कि विधिक कार्वाई पूरी की जा रही है और कांवड़ियों को ग्वालियर भेजने का इंतजाम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस डंपर चालक की तलाश कर रही है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हाथरस में सड़क हादसे में हुई लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगतों की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने और आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

## कांवड़ पर थूकने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मेरठ।** कांवड़ियों ने कांवड़ का अपमान करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-58 के एक हिस्से को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने कांवड़ का अपमान करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अपमान से गुस्साए कांवड़ियों ने कंकरखेड़ा क्षेत्र स्थित पुलिस चौकी में भी तोड़फोड़ की। राजमार्ग अवरूद्ध होने के कारण वहां से गुजरने वाले वाहनों को कई किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों द्वारा घंटों तक समझाने के बाद कांवड़ियों का गुस्सा शांत हुआ। कंकरखेड़ा थाने के प्रभारी सुबोध कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि घटना के संबंध में रिजवान नाम के एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार किया गया है। कावंड़ियों ने इस युवक पर कावंड़ पर थूकने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी ने कहा कि यह सब गलतफहमी है। उन्होंने बताया, रिजवान पिछले एक-दो दिनों से कावंड़ियों के लिए लगे एक शिविर में खाना खा रहा था। शनिवार को भी वह वहां खाना आने आया था, इसी दौरान उसने थूका जिसके छींटे पास में रखे कावंड़ पर पड़े। उन्होंने बताया कि कावंड़ियों ने इस संदेह में कि उसने जानबूझ कर थूका है उसकी पिटाई कर दी। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मामला पूरी तरह शांत है। उन्होंने बताया कि जिस कावंड़ पर थूक का छीटा पड़ा है, उसके कांवड़ियों को गंगाजल भरवाने के लिए पुलिस हरिद्वार ले जाएगी। वहीं, घटना के बारे में हिंदू जागरण मंच महानगर के अध्यक्ष सचिन सिरोही का कहना है कि राजस्थान के भरतपुर जिला निवासी लोकेश और उनके साथी कावंड़िए 21 जुलाई की शाम हरिद्वार से कांवड़ लेकर राजस्थान रवाना हुए थे। उनका कहना है कि राजस्थान के इन कावड़ियों के अनुसार कंकरखेड़ा चौकी के नजदीक पहुंचते ही एक युवक ने कांवड़ पर थूक दिया। वहीं, चौकी में तोड़फोड़ की सूचना पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण, पुलिस अधीक्षक अपराध सहित कई अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# अखिलेश यादव अगर मुख्यमंत्री बन जाते तो उप्र में डकैती पड़ जाती

**भदोही।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को दावा किया कि अगर अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बन जाते तो प्रदेश में डकैती पड़ जाती। सुंदर वन क्षेत्र में शनिवार को सावन झूला समारोह का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में स्वतंत्र देव सिंह ने कहा, इस बार चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता ने कोई गलती नहीं की, अगर जनता जरा सी भी गलती कर देती तो उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बन जाते और लूट लेते, प्रदेश में डकैती पड़ जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही वह हर तबके के बारे में सोचते हैं और उनके विकास का काम किया है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से



केंद्र और प्रदेश सरकार लोगों तक सुविधा और संसाधन पहुंचाने में जुटी हुई है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में जल शक्ति मंत्री ने कहा, इस वक्त हमारी पहली प्राथमिकता है कि अगर कम बारिश हो तो नहरों की पूरी क्षमता का उपयोग करके किसानों को सिंचाई की सुविधा दी जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ को लेकर भी सरकार ने पूरी तैयारी की है। जब उनसे पूछा गया कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर भाजपा गठबंधन में कब शामिल होंगे, तो जवाब में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह ओम प्रकाश राजभर से ही आप लोग पूछ लें कि वह कब हमारे साथ होंगे।

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई:** बरेली । उपायुक्त उद्योग श्री ऋषि रंजन गोयल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग (पिछड़ी जाति) योजनान्तर्गत प्रशिक्षण हेतु चार माह का सामूहिक प्रशिक्षण जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के माध्यम से चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण हेतु निर्धारित ट्रेड प्लंबरिंग, बढ़ई, साड़ियों की छपाई, कढ़ाई एवं टेलरिंग आदि में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षार्थियों के चयन के सम्बन्ध में 33 प्रतिशत महिलाओं एवं 4 प्रतिशत दिव्यागजनों का चयन किया जाएगा, प्रशिक्षण हेतु अभ्यार्थियों की शैक्षिक योग्यता जूनियन हाई स्कूल एवं आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आवेदन हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति (आईएफएससी कोड सहित), दिव्यांग प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, एक फोटो, जाति प्रमाण पत्र, मोबाइल नम्बर लाना अनिवार्य है।



*हर-हर महादेव:* मेरठ के कांवड़ियों का जत्था गंगा नदी से पवित्र जल लेकर भगवान शिव के रथ के साथ हरिद्वार से लौटते हुए




## प्रेशर टैक्टिस

सरकार में एक मंत्री महोदय ने इस्तीफे के जरिए प्रेशर टैक्टिस क्या अपनाई कि अब कई राज्यमंत्रियों को पछतावा हो रहा है कि उन्होंने यह कदम क्यों नहीं उठाया। हाल यह है कि जब से यह खबर मीडिया में सुर्खियों में आई तो कई राज्यमंत्रियों ने खुद ही मीडिया में बड़े भारी मन से यह बयान दिया कि उन्हें विभाग में कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि उनकी स्थिति सिर्फ नाम के लिए मंत्री जैसी है। प्रदेश में एक राज्यमंत्री का हाल यह है कि जब वह अपने विभाग के एक डिस्कॉम के एमडी से मिलने गोखले मार्ग स्थित उनके कार्यालय में गए तो एमडी महोदय राज्यमंत्री को रिसीव करने नीचे ही नहीं उतरे और उनको बेइज्जत होकर वापस लौटना पड़ा। उनकी यह पीड़ा सामने तब आई जब इस्तीफे वाली प्रेशर टैक्टिस सुर्खियां में आई। यह घटना उन्होंने अपने किसी करीबी को बताई तो उसने भी यह मामला अपने कुछ मित्र खबर नवीसों के साथ शेयर किया। मंत्री जी यह व्यथा किससे और कैसे कहें क्योंकि बात खुली तो बदनामी मंत्री जी की होगी। अब कई राज्यमंत्री हुड़क तो रहे हैं लेकिन करें तो करें क्या। इसलिए शांत रहने में ही भलाई मान रहे हैं।



## नेता जी का दरबार

योगी सरकार में पावरफुल मंत्री रह चुके एक भाजपा नेता के बदले सुर इन दिनो चर्चा में हैं। यह नेता अपने यहां आने जाने वाले पार्टी के लोगों को सिर्फ यही संदेश दे रहे हैं कि भाजपा में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत है। मंत्री पद से मुक्त होने के बाद से यह नेता हर दिन अपने घर में लगातार दरबार लगाते आ रहे हैं। इसमें कुछ पार्टी नेताओं व करीबियों को फोन करके बुलाया जाता है और कुछ ऐसे ही पहुंच रहे हैं। बहरहाल नेता जी का दरबार चल रहा है। यह अलग बात है कि आने वालों की संख्या धीरे धीरे कम होती जा रही है। मंत्री रहते नेता जी से जुड़े और अभी भी उनके साथ खड़े एक मित्र नेता जी के बदले सुर पर बहुत चकित हैं। वह कहते है कि नेता जी का कार्यकर्ता प्रेम समझ में नहीं आ रहा। जब मंत्री थे तब तो आम कार्यकर्ता को अपने पास फटकने नहीं देते थे। सड़क पर आने के बाद वही कार्यकर्ता भगवान कैसे नजर आने लगा। खैर कुछ भी हो लेकिन नेता जी का यह दरबार इन दिनों खूब चर्चा मे है। आगे कब तक रहेगा और चलेगा यह बड़ा सवाल है।

## चाहा क्या, क्या मिला...

सरकारी कारिंदों के भ्रष्टाचार पर नजर रखने और धरपकड़ करने का जिम्मा संभालने वाले खाकी महकमे की एक अहम शाखा में लंबे समय से तैनात रहे डीआईजी साहब का दांव उल्टा पड़ गया है। साइकिल के शासनकाल में कई जिलों की कमान संभाली मगर जब से भगवा सरकार सत्ता में आई जिले के दर्शन ही नहीं हुए। कप्तान रहते हुए भी इसी शाखा में समय गुजारा और डीआईजी बनने के बाद भी कुछ भला नहीं हुआ। विभागीय जानकारों का कहना है कि भगवा सरकार के मुखिया की नजर में हाईलाइट होने के लिए डीआईजी साहब इधर कुछ समय से काफी एक्टिव थे। ताबड़तोड़ छापेमारी करवाकर विशेषकर खाकी कर्मियों को रंगे हाथों उत्कोच लेते हुए जेल भिजवा रहे थे। उन्होंने मुख्य टारगेट अवध के एक अहम जिले को बना रखा था। इस जिले के बारे में पिछले दिनों बयान भी दिया था कि यहां के खाकी कर्मी सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी हैं। अभी शासन ने एसपी से डीआईजी पद पर प्रोन्नत होने वाले आईपीएस की लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में उनका भी नाम था। लिस्ट देखने के बाद डीआईजी साहब के होश फाख्ता हो गए। कहां तो वह रेंज की उम्मीद लगाए बैठे थे और उन्हें पूरी तरह से साइड लाइन करते हुए खाकी कर्मियों को प्रशिक्षित करने वाले सेंटर में भेज दिया गया। विभागीय लोगों का कहना है कि उनकी इस तैनाती के पीछे अवध वाले उस जिले के कमिश्नर साहब का काफी योगदान हैं जिनके जिले के बारे में उन्होंने टिप्पणी की थी। बहरहाल हकीकत जो भी हो लेकिन डीआईजी साहब की स्थिति 'नरक' में भी ठेलम-ठेल वाली हो गई है।

## नटवरलालों ने बढ़ायी परेशानी

बेचारे बड़े साहब नगर निगम में सुविधाएं और व्यवस्थाओं को लाने में जुटे हैं वहीं कुछ नटवरलालों के चलते साहब की परेशानियों का अंबार लगातार बढ़ता जा रहा है। स्वच्छता मिशन में सफाई के मुद्दे पर आने वाले दिनों में मैन पावर की समस्या बडे स्तर पर होगी जिस पर विभाग की लालफीताशाही मौन बैठी है। विभाग द्वारा एक कदम नौकरी की ओर बढ़ाने का प्रयास भी किया जाता है तो भ्रष्टाचार का भूत चढ़ बैठता है। हाल में दो दर्जन से अधिक नियुक्तियों में घोर लापरवाही का खुलासा हुआ है। इनमें नौकरी को पक्की करने वाले अफसरान और बाबुओं की कारगुजारी सामने कर आयी है। इसे पूर्व छोटे साहब द्वारा किये जाने के आरोप हैं। इसमें शासन से लेकर विभाग तक अधिकारियों का नाम शामिल है। कोर्ट में मामला लंबित होने के बाद भी आनन फानन में नौकरी दे दी। गयी। हालांकि बड़े साहब के पास यह मामला आने के बाद जांच शुरू कर दी गयी है। जल्दी जांच रिपोर्ट सबके सामने होगी। हालांकि मामला यही शांत नहीं हुआ बल्कि 45 कर्मचारियों की प्रोन्नति पर सवाल खड़े कर दिए गए हैं। ऐसे में बड़े साहब की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं।



## ओल्ड इज गोल्ड

चुनाव क्या हारे लोगों ने पूछना ही बंद कर दिया। बुजुर्ग बना कर किनारे छोड़ दिया। शायद इसी को ही समाजवाद कहते हैं। यह व्यवहार एक खांटी समाजवादी के साथ हो रहा है जिसे बागी बलिया भी कहा करते हैं। एक बार नहीं बल्कि आठ बार मजबूती से सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके बागी बलिया इस समय कहीं किनारे पड़े हुए हैं। कोई पूछने वाला नहीं है। एक समय था जब सदन में विपक्ष में होने के बावजूद भी उनकी आवाज गूंजती थी। सत्ता पक्ष के नेता भी उनके सामने जल्दी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते थे। आज उसी नेता को उसके दल में ही कोई नहीं पूछ रहा है। अब आलम यह है कि वह खांटी समाजवादी अपने कुनबे में आकर ठहरता है। घूमता है और चला जाता है। कोई उसे पूछता ही नहीं। सही कहा गया है सिर उगते सूरज के सामने झुकता है। ढलते सूरज के सामने नहीं। इस खाटी समाजवादी को शायद लोगों ने ढलता सूरज ही मान लिया है। मतलब यह कि ओल्ड इज गोल्ड नहीं बल्कि इस मामले में ओल्ड इज बोल्ड है।

## चतुर बनिया से भी चतुर

एक बनिया था जो व्यापार करने में निपुण था। निपुणता उसके रग रग में भरी थी कि वह जहां भी हाथ डालता उसमें उसको सफलता जरूर मिलती। व्यापार के सारे दांव पेंच उसे मालूम थे। व्यापार की राह में रुकावट कहीं आती थी तो वह अपनी चतुरता के दम पर समय आते ही सब कुछ ठीक कर देता। अगर कहीं कोई दिक्कत आती भी तो उसे हल करने में अपनी टीम को लगा देता। टीम अगर विफल होती तो वह सामने आकर अपनी मीठी बोली और चतुरता के दम पर सब कुछ हल कर देता। एक बार चतुर बनिए ने अपने घर की कीमत लगवानी चाही जबकि वह अपने घर की कीमत से परिचित था। फिर भी उसने बाहरी लोगों को आमंत्रण देकर बुलाया। बाहरी लोगों के आने से पहले उसने घर में साफ सफाई कराई जिससे घर चमक उठा। बनिए का घर ऐतिहासिक था तो रोशनी की चकाचौंध सारी कमियां भी ढक गईं। कहीं भी कोई कमी नजर नहीं आ रही थी क्योंकि सारी कमियों पर पर्दा जो पड़ गया था। बनिए ने बाहरी टीम की हर सुविधा का ख्याल रखा। लिहाजा टीम भी दिखावट के दौर में खो गई। टीम ने भी वही किया जो बनिए की इच्छा थी। टीम भी सुर में सुर मिलाती नजर आई। टीम आई और चली गई पर बनिये की आस अभी भी नम्बरों के खेल में अटकी हुई है। सम्भव है उसे उतने ही नम्बर मिले जितनी उसकी इच्छा थी। इस कथा से अभिप्राय राजधानी के आला शिक्षण संस्थान के प्रमुख की खूबियों पर नजर डालने से है।

# बुंदेलखंड के किलों को संवारेगी सरकार

## पुरातात्विक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर कॉफी टेबल बुक तैयार कराएंः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बुंदेलखंड** के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए सरकार ने इसे पर्यटन का नक्शे पर ऊपर लाने का निर्णय लिया है। सरकार के फैसले के तहत झांसी, बांदा, जालौन, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा और चित्रकूट में ऐतिहासिक दुर्ग और किले को संवार कर उन्हे खूबसूरत आकार दिया जाएगा ताकि नई पीढ़ी को इनके महत्व से रुबरू कराने के साथ-साथ पर्यटकों को आकर्शित किया जा सके।

इस संबंध में सीएम योगी ने व्यवस्थित कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा है कि बुंदेलखंड क्षेत्र में अवस्थित के प्राचीन किलों, दुर्गों का जीर्णोद्धार करके उन्हें पर्यटन के नवीन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। विशाल परिसर वाले कई किले अपनी भव्यता के साथ बेहतरीन होटल के रूप में तैयार हो सकते हैं। हमें इन संभावनाओं को आकार देना होगा। उन्होंने कहा कि कलिंजर का किला 542 हेक्टेयर के विशाल परिक्षेत्र में अवस्थित है। यहां निजी क्षेत्र की सहभागिता से लाइट एन्ड साउंड शो, कैम्पिंग.ट्रेकिंग रॉक क्लाइम्बिंग और फसाड लाइटिंग का कार्य कराया जाए। किले पर नाइट गकेजिंग तथा नेचर ट्रेल की गतिविधियों को शुरू किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि झांसी दुर्ग में पर्यटकों का आगमन होता है वहीं समीप में स्थित बरुआ सागर किला तक जाने के लिए सुगम साधन की जरूरत है। करीब 12 एकड़ परिसर वाला टहरौली किला और 4 एकड़ परिसर वाली दिगारा की गढ़ीए चिरगांव का किला, लोहागढ़ का किला, चम्पत राय का महल, रघुनाथ राव का महल की स्थिति जीर्ण-शीर्ण हो रही है। इनके पुनरोद्धार के लिए ठोस प्रयास किये जायें। इसके साथ ही उन्होंने बरूआ सागर किले, टहरौली के किले, दिगारा की गढ़ी, चम्पत राय के किले, महल महिपाल निवास, सरीला और रघुनाथ राव के महल को हेरिटेज होटल के रूप में विकसित कर फ़साड लाइटिंग की जाए। बरुआ सागर के समीप स्थित और तालबेहट किले के नीचे स्थित झीलों पर वॉटर स्पोर्ट्स एडवेंचर टूरिज्म की गतिविधियों को शुरू करने के निर्देश दिये है।

सीएम ने कहा कि मड़ावरा के किले और सौराई के किले पर पर्यटन की दृष्टि से पहुंच मार्ग, साइनेज तथा पेयजल व्यवस्था को बेहतर करें। देवगढ़, परकोटे के नीचे बेतवा नदी में वॉटर स्पोर्ट की संभावनाएं हैं। इसी प्रकार महावीर स्वामी अभ्यारण्य तथा बानपूर्वक किले को इको टूरिज्म को विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि एएसआई द्वारा संरक्षित तालबेहट दुर्ग की स्थिति बहुत अच्छी है। यह पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण है। इस किले तक पहुंचने के लिए संपर्क मार्ग को बेहतर किया जाए। चरखारी स्थित मंगलगढ़ किले को निजी क्षेत्र की सहभागिता से हेरिटेज होटल, एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिहाज से विकसित किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि बुंदेलखंड में किलों के जीर्णोद्धार के साथ टूरिज्म की संभावनाओं को आकार देने के लिए प्रोफेशनल एजेंसी द्वारा अध्ययन कराया जाए। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व वाले झांसी के 8, बांदा के 4, जालौन के 2, ललितपुर के 7, हमीरपुर के 3, महोबा के 5 और चित्रकूट के 2 किलों के पुरातात्विकए सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व से परिचय कराती कॉफी टेबल बुक भी तैयार कराने के भी सीएम ने निर्देश दिये।

# महंगाई भत्ता तीन फीसदी बढ़ने का आदेश जारी

● भविष्य निधि खाते में जमा होगा छह महीने का एरियर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते का छह महीने का एरियर आयकर और सरचार्ज की कटौती के बाद भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा। राज्य कर्मियों को जुलाई के वेतन में महंगाई भत्ते का भुगतान तीन प्रतिशत वृद्धि के साथ किया जाएगा। वित्त विभाग ने राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और पेंशनरों की महंगाई राहत तीन फीसदी बढ़ाने का आदेश शनिवार को जारी कर दिया। आदेश के मुताबिक राष्ट्रीय पेंशन योजना एनपीएस से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते का एक जनवरी से 30 जून तक के एरियर की दस फीसदी राशि कर्मचारियों के टियर-1 पेंशन खाते में जमा की जाएगी। शेष 90 प्रतिशत राशि कर्मचारी-अधिकारी को नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट एनएससी के रूप में दी जाएगी। राज्य सरकार एवं नियोक्ता की ओर से एरियर के 14 प्रतिशत के बराबर अंशदान टियर-1 पेंशन खाते में जमा किया जाएगा। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और स्थानीय निकायों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के पेंशनरों की महंगाई राहत बढ़ाने का आदेश संबंधित विभाग की ओर से अलग से जारी किया जाएगा। अखिल भारतीय सेवाओं के पेंशनरों के लिए भी महंगाई राहत बढ़ाने का आदेश अलग से जारी किया जाएगा।

# ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के रोड-शो की तैयारियां जोरों पर

## देशी-विदेशी धरती पर लघु फिल्में रखेंगी यूपी की नई तस्वीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ग्लोबल** इन्वेस्टर समिट के होने वाले रोड-शो में नुक्कड़ नाटक के अलावा यूपी पर आधारित फिल्में भी दिखाई जाएंगी। इसके लिए सरकार यूपी के बदलाव से जुड़ी कहानी पर केन्द्रित लघु फिल्में तैयार करा रही है। ये फिल्में दिल्ली, मुम्बई, बंगलौर और अहमदाबाद जैसे देश के प्रमुख बड़े शहरों के अलावा विदेशी धरती पर यूपी की नयी तस्वीर को रखेंगी, ताकि यूपी में निवेश के लिए निवेशक आकर्षित हो सकें।

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट अगले साल जनवरी माह में प्रस्तावित है। यूपी में पूंजी निवेश के इतिहास में यह पहली ग्लोबल समिट हैं। सरकार के स्तर पर समिट की जोरदार तैयारी चल रही है। निवेशकों के अनुरूप जहां विभागों में नीतियों को तैयार किया जा रहा है, वही विभिन्न जिलों में जमीन का बंदोवस्त किया जा रहा है। इस समिट में सीएम योगी ने दस लाख करोड़ से ज्यादा के पूंजी निवेश का लक्ष्य अधिकारियों को दिया है।

देश-दुनिया में समिट का महौल बनाने के लिए अक्टूबर और नवम्बर माह में रोड-शो आयोजित होने हैं। जिसमें सरकार के मंत्रियों की अगुवाई में अधिकारियों की टीम औद्योगिक जगत के लोगों से मिलकर उन्हें निवेश के लिए आमंत्रित करेगी। सरकार की योजना के तहत एक कैबिनेट मंत्री की टीम में 1 स्वतन्त्र प्रभार और 1 राज्य मंत्री हो सकते हैं। रोड-शो देश के बड़े शहरों के अलावा नीदरलैंड, जापान, स्लोवाकिया, फिनलैंड, चेक रिपब्लिक, मॉरीशस, थाईलैंड, नेपाल, बेल्जियम, यूके, यूएसए, कनाडा, यूएईए स्वीडन, सिंगापुर, नीदरलैंड, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी, साउथ कोरिया, मॉरीशस, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में होने है। रोड-शो को ध्यान मे रखकर सरकार लघु फिल्मों को तैयार करा रही है।

सरकार के मंत्रियों के विदेश दौरों से पहले फूड प्रोसेसिंग, हैण्डलूम, पॉवरलूम, आईटी, बायो फ्यूल, फिल्म एंड मीडिया, टूरिज्म, सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक वाहन, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक इंडस्ट्री, खिलौना निर्माण, सिविल एविएशन, हाउसिंग एंड रियल एस्टेट सहित एक दर्जन नई सेक्टोरल पॉलिसी को तैयार किया जाना है। जिसे मंत्रियों के नेतृत्व में जाने वाली टीम निवेशकों को देकर आमंत्रित करेगी।

# राज्य सरकार सभी परिवारों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

● सीएम ने परिवार कल्याण योजना प्रारंभ किए जाने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के अध्यासित समस्त परिवारों को रोजगार के पर्याप्त अवसर प्रदान करने, लोककल्याणकारी योजनाओं की पारदर्शिता में वृद्धि करने तथा जनसामान्य के लिए संचालित योजनाओं का आच्छादन बढ़ाने के उद्देश्य से 'परिवार कल्याण योजना' संचालित करने के निर्देश दिए हैं। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव द्वारा एक शासनादेश के माध्यम से प्रदेश के समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं सचिव को सम्बोधित तथा समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों को शासनादेश के माध्यम से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार सभी परिवारों को रोजगार के अवसर एवं आय उपार्जन के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही राज्य में संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबन्धन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन एवं योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। जनसामान्य के लिए सरकारी सुविधाओं का सरलीकरण करने के उद्देश्य से 'परिवार कल्याण योजना' प्रारम्भ किये जाने तथा प्रदेश में अध्यासित परिवार की योजना के अन्तर्गत परिवार आईडी बनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

## बहुमंजिला इमारतों में बिजली उपभोक्ता ले सकते हैं अपना अलग कनेक्शनः एम देवराज

**लखनऊ।** यूपी पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने बताया है कि उप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग के नियमों के तहत बहुमंजिला इमारतों में रह रहे निवासी, एकल बिन्दु विद्युत संयोजनों के स्थान पर बहुबिन्दु विद्युत संयोजन प्राप्त करना चाहतें हैं तो वह उपभोक्ता विद्युत वितरण निगम से अपना अलग-अलग स्वयं का विद्युत संयोजन प्राप्त कर सकते हैं। जो उपभोक्ता बहुबिन्दु विद्युत संयोजन (विद्युत विभाग से अलग-अलग विद्युत संयोजन) प्राप्त करना चाहतें हैं उनके परिसर पर प्रीपेड मोड में डीएसडीआर मीटर स्थापित किया जायेगा। इस मीटर की कीमत को अधिकतम 12 किस्तों में देने की भी सुविधा उपलब्ध है। यदि कोई उपभोक्ता मीटर की कीमत का पूर्ण भुगतान करने का इच्छुक है तो उसका पूर्ण भुगतान भी कर सकता है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के कार्य समय से किए जाएं पूरेः मुख्य सचिव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन की राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 16 जनपदों के सीडीओ तथा डीएम वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिन जिलों में धीमी गति से कार्य चल रहा है उन जिलों के डीएम और सीडीओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने इसके लिए सतत अनुश्रवण एवं स्थलीय निरीक्षण करने के भी निर्देश दिये। बैठक के दौरान ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने रूर्बन मिशन के कार्यक्रमों एवं उनकी अद्यतन प्रगति के बारे में बताया कि योजनांतर्गत 348.45 करोड़ रुपये के कार्य कराये जा चुके हैं। इस योजना को तीन फेज में लान्च किया गया है जिसमें कुल 16 जिले और 19 क्लस्टर हैं।

## कावंड़ियों पर फिर होगी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सावन** के पवित्र माह में शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए कावड़ यात्रा पर निकले शिव भक्त कांवड़ियों पर योगी आदित्यनाथ सरकार ने पहले की तरह हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की योजना बनाई है। योगी आदित्यनाथ सरकार के पहले कार्यकाल में भी मेरठ तथा सहारनपुर मंडल में कावड़ यात्रा पर निकले शिव के भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई थी, लेकिन कोरोना वायरस संक्रमण काल में इसको रोक दिया गया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक बार फिर कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

सीएम के निर्देशों के मददेनजर सहारनपुर तथा मेरठ मंडल के जिलों से कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा की शुरुआत होगी। इसके साथ ही कावड़ यात्रा के हर मार्ग की हेलीकॉप्टर तथा ड्रोन से निगरानी की जाएगी। विदित हो कि कांवड़ यात्रा को लेकर सीएम योगी ने पिछले दिनों अहम बैठक की थी।

# महिला उद्यमियों का सहयोग करे वैश्य समाजः राज्यपाल

● अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को राज्यपाल ने ऑनलान किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष से ऑनलाइन जुड़कर मथुरा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने महिला उद्यमियों एवं अन्य लघु उद्यमियों की ओर ध्यानार्षित कराते हुए कहा कि आज के सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़े हुए उद्योगपति उपस्थित हैं। मैं चाहुंगी कि आप लोग इन लघु उद्यमियों, विशेषकर महिलाओं को तकनीकी जानकारियों, उत्पाद में गुणवत्ता सुधार, उत्पादन को बेहतर करने की तकनीकी जानकारी प्रदान करके उनके उद्योग को आगे बढ़ाने में सहायता करें। उन्होंने लघु उद्यमियों की पहुंच विदेशी मार्केट तक कराने में सहायता करने की विशेष अपील सम्मेलन में की। इसी क्रम में राज्यपाल ने वैश्य समाज से कहा कि वे सब महिला जीवन को प्रभावित करने वाली कुरीतियों को अपने समाज से दूर करें।

उन्होंने कहा वैश्य समाज को महिला सशक्तिकरण की ओर सिर्फ आर्थिक प्रगति से नही बल्कि समग्रता से जुड़ना चाहिए। इसके लिए उन्हें अपने समाज की महिलाओं को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार, अपने विवाह पर स्वयं निर्णय लेने का अधिकार, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करने की छूट प्रदान करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। राज्यपाल अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के 9वें स्थापना दिवस पर आयोजित सम्मेलन में सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में वैश्य समाज ने न केवल उद्यम के क्षेत्र में अग्रणी जगह बनाई है, बल्कि राष्ट्र की सेवा के लिए कई सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन भी खड़े किये हैं। यह बहुत अच्छी बात है कि वैश्य समाज ने अपने सेवा कार्य में कभी भी धर्म या जाति को आधार नहीं बनाया है और इन सब बातों से ऊपर उठकर अपनी सेवा समाज के हर वर्ग को प्रदान की है।

उन्होंने उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश में निवेश की आदर्श स्थितियों के सृजन के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक नीतियों का निर्धारण किया गया है। प्रदेश में विकास को गतिशीलता प्रदान करने की संभावनाएं हैं। आवश्यकता इस बात की है कि उद्यमी समाज इनका लाभ लेकर उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने में सहयोग करें ताकि यह प्रदेश आर्थिक रूप से समृद्ध हो सके।

# सितंबर माह से होगा धान खरीद के लिए पंजीकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गेहूं** खरीद खत्म होने के साथ ही राज्य सरकार धान खरीद की तैयारियों में जुट गई है। धान खरीद का लक्ष्य तय करने के लिये उसकी कुल फसल और उपज को आंकलन कराने के साथ ही सरकार ने सितंबर माह की शुरूआत से पंजीकरण खोलने के निर्देश अफसरों को दिये है। विदित हो कि राज्य में पहली अक्टूबर से धान की खरीद शुरू होती है। इससे पहले केन्द्र सरकार समर्थन मूल्य घोषित करती है और राज्य सरकार उसे यहां लागू करती है। इसके बाद क्रय केन्द्र खोलने, लक्ष्य का निर्धारण सहित तमाम अन्य कार्य राज्य सरकार को करने होते है।

खरीद में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए योगी सरकार ने उन किसानों का आन लाइन पंजीकरण कराने का प्रावधान कर रखा है, जिन्हे समर्थन मूल्य पर अपना धान सरकार को बेंचना होता है। पंजीकरण का यह काम सितंबर की शुरूआत में करने जा रही है ताकि किसानों को पंजीकरण कराने के लिये पर्याप्त समय मिल सके।

## हाथरस सड़क हादसे में लोगों की मृत्यु पर सीएम ने शोक जताया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस जिले में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार कराया जाए।

# नोडल अधिकारी खफा, फटकारा!

● परसेंडी की अंगरासी ग्राम पंचायत में लगी जनचौपाल

●नोडल अधिकारी ने प्रधाव व सचिव को लगाई फटकार

संवाददाता। सीतापुर




**शासन के** निर्देश पर गांवो में जनचौपालों का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर वहां पर एक नोडल अधिकारी भी नामित किए गए है, चौपाल में आने वाली ग्रामीणों की समस्याओं को निस्तारण करने के लिए यह चौपाल लगाई जाती है लेकिन जनचौपल में कई अधिकारी ऐसे है जो वहां जाना मुनासिब नहीं समझते और ग्रामीणों सामने समस्याएं उत्पन्न होती रहती है। इसी को लेकर परसेंडी ब्लाक की ग्राम पंचायत अंगरासी में जनचौपाल का आयोजन हुआ जिसमें नोडल अधिकारी डीआईओएस देवी सहांय तिवारी ने लोगो की समस्याएं सुनी व अधिकारियों को निर्देश देते हुए ग्रामीणों की समस्याएं दूर करने की बात भी कही। जनचौपल में कई विभागो के कर्मचारी न होने पर सचिव व प्रधान को भी डीआईओएस ने फटकार

सरकार की महत्वपूर्ण जन चौपाल में नहीं पहुचे कई विभाग के कर्मचारी जिससे ग्रामीणों को होना निराश होना पड़ रहा है, जन चौपाल में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, खाद्यय एवं रशद विभाग, स्वास्थ विभाग आदि का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा था। जनचौपाल में पेयजल, आवास, स्वच्छता ,राशनकार्ड दो शिकायतें ग्रामीणों ने की। पेयजल व आवास से सम्बंधित शिकायतों को लेकर बीडीओ काजल रावत ने सचिव पवन गौतम से तत्काल हैंडपंपो की जाँच करके सही करवाने के निर्देश दिए। चौपाल में एडीओ पंचायत अशोक यादव, ज्वाइंट बीडीओ अनिल कुमार, अशोक त्रिपाठी, शिक्षा विभाग से महमूद आलम , एग्रीकल्चर से कौशल कुमार प्रधान सलीमुन, पंचायत सहायक निशा बानो क्षेत्र पंचायत सदस्य अब्बुल हसन आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बरेली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अजय पाल ने बताया कि उ.प्र. माटी कला बोर्ड द्वारा माटी कला कार्य में लगे कुम्हार परम्परागत कारीगरों उद्यमियों शिल्पियों के समन्वित विकास हेतु पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना प्रोजेक्ट कास्ट धनराशि 10 लाख रुपए तक की संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत ऋण (टर्म लोन) की धनराशि की 25 प्रतिशत धनराशि लाभार्थियों को उ.प्र. माटी कला बोर्ड, लखनऊ द्वारा अनुदान स्वरूप प्रदान की जायेगी। योजना के अन्तर्गत खिलौना निर्माण, घरेलू उपयोग के उत्पाद (प्रेशर कुकर, घड़ा, सुराही, जग, कुल्हड़, गिलास, कटोरी, अचार दानी, कप, प्लेट, डोंगे इत्यादि) भवन निर्माण सामग्री (फ्लोर टाईल्स, रूफ टाईल्स, लैट्रिन पैन, पाईप, वॉश बेसिन इत्यादि) सजावटी सामान (गुलदस्ता, गार्डन पॉट, बौनसाही पॉट, लैम्प इत्यादि) निर्माण हेतु उद्योग स्थापित करने के उद्देश्य से आवेदकों को बैंक से ऋण उपलब्ध कराये जायेंगे।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने कहा योजना के अन्तर्गत व्यक्तिगत इकाईयॉ ही स्थापित कराई जायेंगी। इस व्यवसाय से सम्बन्धित कारीगरों एवं शिल्पियों की तात्कालिक वित्तीय आवश्यकता दूर हो सकेगी तथा उन्हें मार्जिन मनी अनुदान प्राप्त होने से उन पर पड़ने वाला वित्तीय भार कम होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना हेतु आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष हो तथा माटी कलाध्माटी शिल्पकला की किसी विधा के तहत प्रशिक्षणध्प्रमाण पत्र प्राप्त हो माटी कला की परम्परागत जानकारी हो। योजना का लाभ लेने हेतु पात्र व्यक्तियों युवकों युवतियों के लिए मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 35 यू 4ए रामपुर बाग, बरेली से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2022 है।

## क्विक न्यूज

### मिश्रिख चेयरमैन ने किया उद्घाटन, लोग हुए खुश!

**मिश्रिख सीतापुर।** सीतापुर की मिश्रिख नगर पालिका के नैमिषारण्य में लगाए विद्युत पोलो में हाईमास्ट लाइट लगने से कस्बा उस समय जगमगा उठा जब चेयरमैन सरला भार्गव ने 16 मीटर ऊंची तीन हाईमास्ट लाइटों का उद्घाटन किया। आपको बता दें कि 6 माह से विद्युत पोल लगे हुए थे जिसमें हाईमास्ट लाइट नहीं लगी थी, आई इंडिया चैनल ने प्रमुख से खबर चलाई थी जिसके बाद नगर पालिका चेयरमैन ने मिश्रिख क्षेत्र में स्टेशन रोड पर जुगल किशोर सभासद पति के घर के निकट, महर्षि दधीचि गेट पर व नैमिष हनुमानगढ़ी के मार्ग पर तीन हाई मास्ट लाइट नगर पालिका मिश्रिख द्वारा लगवाई गई है जिसका उद्घाटन चेयरमैन सरला भार्गव ने कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह तीन प्रमुख लाइटें प्रमुख स्थानों पर लगाई गई हैं जिससे कांवड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को भी आने जाने में दिक्कत नहीं होगी और मार्ग भी प्रकाशमय रहेगा। इस मौके पर इंद्र पाल गौतम, सुरेश,वेद प्रकाश त्रिवेदी,राजेश कुमार, जुगुल किशोर, रमाकांत, नीतू, जुगुल किशोर ,राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

### सीतापुर रोडवेज का नाम बदलकर रखा जाए वीरागंना अवन्तीबाई लोधी चौक?

**सीतापुर ।** सीतापुर रोडवेज चौराहे को नाम बदलकर वीरागंना अवन्तीबाई लोधी चौक रखे जाने की मांग जिलाधिकारी कार्यालय में व्यापारी व भारतीय लोधी एकता समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन के माध्यम से रखी है। ज्ञापन में कहा गया है कि सीतापुर विधानसभा में लोधी समाज की ज्यादा संख्या है जिसको पहचान दिलाने के लिए महापुरूष के नाम से रोडवेज चौराहे को वीरागंना अवन्तीबाई लोधी चौक रखा जाए। इसको लेकर व्यापारी नेता भगवती गुप्ता, प्रतीक जिन्दल, लोधी सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामखेलावन, सूरज लोधी, राममनोहर, रामशंकर लोधी, प्रेमसागर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर सीतापुर में जुलूस, बांटी मिठाई !

**सीतापुर।** पहली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर सीतापुर में खुशी का माहौल है, उनके राष्ट्रपति बनने पर भाजपा पदाधिकारियों ने शहर में बैंडबाजा बजाकर जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया। आपको बता दें कि लालबाग पार्क से शहर में पैदल चलकर भाजपा अनुसूचित मोर्च के पदाधिकारियों ने जिंदाबाद के नारे लगाए। भाजपा नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी ने बताया कि यह जुलूस द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर उत्साह जुलूस निकाला गया है जोकि आज खुशी का दिन है। इस मौके पर शिवांशू मिश्रा, अभिषेक, राहुल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो मोटरसाइकिलें टकराई, एक की मौत

**बरेली ।** दो मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा नवाबगंज थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद आरिफ पुत्र अजमतउल्लाह कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि मोहम्मद आरिफ17 जुलाई को देवरनिया निवासी अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए मोटरसाइकिल पर चला था लेकिन देवरनिया में ही उसकी बाइक को सामने से आ रही दूसरी बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार जमीन पर गिर पड़े लेकिन मोहम्मद आरिफगंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल आरिफको इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भेजा और उसके पास मिले मोबाइल फोन से घरवालों को सूचना दे दी जो अस्पताल पहुंच गए और उसे इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल ले आए जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया ।

### दबंगों ने युवक को चाकू मारा

**बरेली ।** रास्ते को लेकर हुए विवाद के बाद दबंग पड़ोसी नें एक युवक के साथ मारपीट के दौरान चाकू मारकर घायल कर दिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया ।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव सरनिया निवासी 18 वर्षीय कलीम को आज दोपहर इलाज के लिए उसका पिता अब्बास जिला अस्पताल लेकर पहुंचा जहां अब्बास ने बताया कि उसका अपने पड़ोसी इसरार से कई दिन पहले विवाद हुआ था इसके बाद आज सुबह इसरार और उसके घर वाले रास्ते को बंद करने की कोशिश कर रहे थे जिसे देखकर उसका बेटा कलीम मौके पर पहुंचा और उन्होंने रास्ता बंद करने का विरोध किया जिससे गुस्साए इसरार और उसके भाई मेहरबान व कई अन्य लोगों ने कलीम के साथ मारपीट शुरू कर दी ।

# मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग एसोसिएशन की बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर मोटर** ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में उत्तर प्रदेश मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष के.एम. वाजपेई के द्वारा स्थानीय संचालकों के साथ में एक मीटिंग आहूत की गई। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य संगठन को जोड़ना, विस्तार करना तथा रोड सेफ्टी एवं ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों के संचालन में आ रही बाधाओं, तथा प्रस्तावित प्रदेशीय अधिवेशन इत्यादि विषयों पर वार्ता करना था। बैठक में न्यू शिवम मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के संचालक दिलीप मिश्रा को जनपद की कार्यकारणी का अध्यक्ष चुना गया तथा के एम बाजपेई के द्वारा उन्हें दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई एवं कार्यभार सौंपा गया। सभा को संबोधित करते हुए के.एम. बाजपेई के द्वारा उपस्थित संचालकों को यह विश्वास दिलाया गया कि एसोसिएशन सदैव उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य करती रहेगी। सभा में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन के सभी प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे तथा मुख्य रुप से संदीप श्रीवास्तव, प्रभजीत सिंह,



दुर्गेश गुप्ता तथा हरदोई जनपद के एसोसिएशन अध्यक्ष मोनू सिंह एवं आनंद मिश्रा तथा स्थानीय संचालकों में विनय कुमार रस्तोगी, प्रबंधक सीतापुर मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, सुरेश श्रीवास्तव प्रबंधक जय ओम साईं मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल तथा अन्य संचालक गण भी उपस्थित रहे।

# एक चिकित्सक के सहारे चालू हो गया सीतापुर का ट्रामा सेंटर!

● 19 दिसम्बर 2016 में सपा सरकार में बनकर तैयार हुआ था

●सीतापुर के जमैयतपुर में स्थित है करोड़ो की लागत से बना ट्रामा सेंटर

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर-सीतापुर** में बनाया गया ट्रामा सेंटर अभी तक चालू न हो पाने से लोगो को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही है, तत्कालीन सपा सरकार में बने इस ट्रामा सेंटर को औपचारिक तौर पर एक डाक्टर की तैनाती 2.0 की योगी सरकार में देकर चालू तो कर दिया गया, लेकिन 70 बेडो वाले इस ट्रामा सेंटर को बिना सुविधाएं दिए महज एक डॉक्टर कैसे चला सकता है आप अंदाजा लगा सकते है ? सपा सरकार में बने इस ट्रामा सेंटर का सीतापुर की करीब 50 लाख की आबादी इसका लाभ नहीं पा रही है, ज्यादा गंभीर होने पर मरीजों को लखनऊ ही रेफर किया जाता है, योगी की 2.0 की सरकार में भी अभी सीतापुर ट्रामा सेंटर चालू होने की रांह देख रहा है। आपको बता दें कि प्रभारी मंत्री, विधायक, सांसद, अधिकारियों सहित सभी ने इसको चलवाने का प्रयास किया लेकिन सिर्फ कागजी कार्रवाई ही रही वह चालू नहीं हो पाया, सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने पायनियर से ट्रामा सेंटर चालू कराने की बात भी कही थी लेकिन अभी तक यह सेंटर चालू नहीं हो पाया है, सीतापुर की जनता सांसद से यह अपील कर रही है और कहती कि सांसद जी इस ट्रामा सेंटर को तो चालू कराइए। एक चिकित्सक के सहारे शुरू हुए इस ट्रामा सेंटर की हकीकत जानने जब पायनियर टीम वहां पहुंची तो ट्रामा सेंटर में मौजूद चिकित्सक कमाल ने बताया कि यहां पर स्टाफ नहीं है जिससे बड़ी दिक्कते आ रही है।

# पुलिस की सुरक्षा के बीच निकला कावंड़ियों का जत्था!

संवाददाता। सीतापुर

● इमलिया सुल्तानपुर से गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना कावंडियां

●एसपी व एसडीएम ने सुरक्षा को लेकर मातहतों को दिए दिशा निर्देश

**सीतापुर के** इमलिया सुल्तानापुर थाना क्षेत्र से गोला गोकर्णनाथ के लिए निकले कावंडियो ने बम-बम भोले के जयकारे लगाकर पूरा वातावरण भक्तमय कर दिया। इमलिया कस्बे से निकले कावंड़ियां डीजे की धुन पर आगे बढ़ते नजर आए। इनकी सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पहले ही सीतापुर के एसपी सुशील घुले ने महोली जाते समय कांवडियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रोड का मुआयना किया था। एसपी के निकलने के बाद इसका असर भी देखने को मिला, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने आदेशों का पालन करते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया। जब कांवरियों का जत्था चौराहे व भीड़भाड़ इलाके में पहुंचा तो ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी उनकी सुरक्षा के लिए चौराहा क्रॉस कराते नजर आएं। इसके अलावा एसडीएम सदर भी काजीकमालपुर चौराहे पर पहुंचे और ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को कांवरियों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह मय फोर्स कस्बा, चौराहा व थाने की सीमा पर रहे तैनात रहे।

# वाणिज्य विभाग के अधिकारियों ने की व्यापारियों के साथ बैठक

**ओयल-खीरी।** जीएसटी पंजीकरण पर जोर और फायदे समझाने के लिए वाणिज्य विभाग की टीम शनिवार को कस्बा ओयल पहुंची। बस स्टाप पर राईन ट्रेडर्स पर वाणिज्य विभाग की टीम व्यापारियों व पत्रकारों से रूबरू हुई। एमपी सिंह यादव डिप्टी कमिश्नर राज्य वाणिज्य विभाग, ललित उपाध्याय असिस्टेंट कमिश्नर, अरुण कुमार यादव असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य अधिकारी, ओम प्रकाश यादव सीडीओ वाणिज्य विभाग द्वारा व्यापारियों को जीएसटी के पंजीकरण व लाभ के बारे में व्यापारियों तथा पत्रकारों को बताया गया। व्यापारियों का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन होने पर उनको सुरक्षा बीमा 1000000 रुपए तथा उनके आश्रितों को 200000 देने के बात बताई गई। एकमुश्त समाधान योजना के तहत डेढ़ करोड़ जीएसटी रिटर्न पर तिमाही किस्तों का प्रावधान किया गया है। व्यापारियों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन होने पर बैंक में भी काफी सुविधाएं



दी जाएंगी। व्यापारी अगर लोन चाह रहा है तो उसको किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। व्यापारियों को माल ले जाते समय वह माल लाते समय रास्ते में सेल टैक्स अधिकारियों द्वारा दी रजिस्ट्रेशन दिखाने पर चेक नहीं किया जाएगा। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री व्यापार मंडल शरद गुप्ता, ओयल व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय वर्मा कंछल गुट, देवेंद्र गुप्ता व पप्पू मिश्रा आदि कई व्यापारी वह पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# बाबा त्रिलोक गिरि के मंदिर पर होगा विशाल भंडारा

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**धार्मिक नगरी** छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में अति प्राचीनकाल में बाबाओं का आगमन हुआ था। जिसमें मुख्य बाबा तपस्वी महाराज, बाबा त्रिलोक गिरि महाराज व बाबा महादेव महाराज थे। इन बाबाओं में बाबा त्रिलोक गिरि ने ऊंचे टीले पर भव्य त्रिलोकीनाथ का मंदिर स्थापित कर जिंदा समाधि ली। इसमे लगाए गये वृक्षों को कटवा कर बलपूर्वक कब्जा उससे पहले दो मंजिला धर्मशाला की स्थापना कर उसमें पूजन के लिए मंदिर भी बनवाया था। जिनके भूलीन होने के बाद अवैध कब्जा कर धर्मशाला को जमीदोंज कर चारों तरफ आवासीय कालोनी बस गई है। तीसरे बाबा तपस्वी महाराज ने वर्तमान में जो पूजाघर बनवाया था उनके स्वर्गलोक जाते ही अवैध कब्जा करने के बाद उस स्थान पर सीवर प्लांट की स्थापना कर दी गई।

गौरतलब हो कि तीन बाबा जोकि सिद्धपुरुष और महापुरुष के



साथ उनके चमत्कार से भक्तों की भीड़-भाड़ उमड़ने लगी थी। सन 1962 में तीनों चमत्कारी बाबाओं का समागम होने के तमाम प्रमाणों को दबंग व अवैध कब्जेदारों ने पैसे के दम पर गायब कर दिया है पर कुछ प्रमाण आज भी मिलते है। जिनमें बाबा तपस्वी महाराज के स्थान पर स्थापित सीवर कुंआ व सीवर पाइप लाइन को जलनिगम ने डलवाया और बार बार बजट बढ़ाने के बावजूद आजतक सीवर नहीं चला जिसने आवास बनवाया था वह मानसिक रुप से ग्रसित हो चुका है। बाबा त्रिलोक गिरि ने ऊंचे टीले पर त्रिलोकीनाथ का मंदिर बनवाया और बाबा ने जैसे ही जिंदा समाधि ली कि अवैध कब्जा करने का सिलसिला चालू हो गया और धीरे धीरे मंदिर की भूमि पर आवासीय प्लाटिंग होने लगी बाद में लगे सागौनए आम व अन्य वृक्षों को काटकर कब्जा हो गया तीसरे बाबा महादेव महाराज ने धर्मशाला व पूजास्थल बनवाने के बाद भूलीन होने के बाद धर्मशाला को गायब कर आवासीय कालोनी बसा दी गई।

अवैध कब्जा करने वाले केडिया परिवार के दिन पलटने लगे और एक एक कर गोला चीनी मिल से नौकरी चली गई और कल के धनवानों का पतन चालू हो गया और आज यह परिवार जो कल तक हीरो था वह जीरो हो चुका है।1984 के बाद तक बाबा नागेश्वर गिरि ने अवैध कब्जेदारों से लोहा लिया पर उनके ब्रहमलीन के बाद समय समय पर तमाम विकास, जीर्णोद्धार अधिकारियों व क्षेत्रीय विधायक अरविंद गिरि ने करवाया।

लगभग तीस साल से अधिक समय से बराबर संचालित है। बीच कोविड की महामारी के चलते नहीं हो सका था पर इस साल पहले की तरह भूतनाथ मेला पर श्री त्रिलोकगिरि मंदिर पर बाबा का भंडारा होना सुनिश्चित है।

इस भंडारे के आयोजक होतीलाल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार ने अपने सहयोगियों व बाबा के भक्तों के साथ इसकी तैयारी भी चालू कर दी है। वह अलग की बात हर साल की तरह इस साल भी कुछ नामचीन हस्तियों ने बाबा व उनके समर्थकों का विरोध करने का मन बनाया है पर उनको बाबा ही सबक सिखाएंगे। सभी भोलेनाथ व बाबा भूतनाथ और बाबा त्रिलोकगिरि के भक्तों से अनुरोध है कि भूतनाथ मेला वाले दिन होने वाले विशाल भंडारा में आकर प्रसाद ग्रहण करें।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने किया औचक निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुंची। जहां उन्होंने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा व परखा। संबंधितों को जरूरी निर्देश दिए। कॉलेज में राज्यमंत्री रजनी तिवारी के आगमन पर एनसीसी कैडेटस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मंत्री ने एनसीसी के छात्रों की परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने महाविद्यालय संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसरए स्वर्ण जयन्ती सभागार का भ्रमण कर प्राचार्यए शिक्षकों से शैक्षिक गतिविधियों जानी। मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय का पुस्तकालयए छात्र.छात्राओं के लिए शौचालय व्यवस्थाए टीचर्स के बैठने की व्यवस्था सहित तमाम बिन्दुओं पर निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने प्राचार्य कक्ष के समक्ष फलदारए छायादारए शोभादार पौध का रोपण किया। पौधरोपण के समय एनएसएस के छात्रध्छात्रायें उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने महाविद्यालय के प्रत्येक अध्यापक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ से परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने प्राचार्य प्रो. हेमंत कुमार पाल को एनईपी-2020 के अनुसार अध्ययन अध्यापन का निर्देश दिया।

# पेज एक का शेष

## बंगाल के...

कि इन लिफाफों पर प्रभारी मंत्री का लोगो मुद्रित है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि क्या ये लिफाफे उस समय के हैं जब चटर्जी शिक्षा मंत्री थे। ईडी सूत्रों ने कहा कि अर्पिता मुखर्जी के अपार्टमेंट से बरामद नकदी को ले जाने के लिए आरबीआई अधिकारी करीब 16 ट्रंक लाए थे। ईडी सूत्रों के मुताबिक जांच अधिकारियों ने चटर्जी के एक करीबी रिश्तेदार से भी तमाम जानकारी जुटाई, जो पश्चिमी मिदनापुर की एक अर्ध-शहरी बस्ती पिंगला में इंटरनेशनल स्कूल चलाते हैं। नोटबंदी के दौरान इस स्कूल के लिए 45 करोड़ रुपये नकद देकर जमीन खरीदी गई थी। इसके बाद इस भूमि पर चटर्जी की बेटी के रिश्तेदारों के स्वामित्व और प्रबंधन वाला विशाल स्कूल खड़ा किया गया। ईडी ने चटर्जी को हिरासत में लेने की मांग करते हुए अदालत से कहा कि मंत्री की ओर से सहयोग नहीं मिल रहा है। एजेंसी ने यह भी कहा कि अर्पिता के अपार्टमेंट में मिली बड़ी रकम के तार उन लोगों से जुड़ सकते हैं, जिन्हें स्कूल सेवा आयोग द्वारा अवैध रूप से नौकरी दी गई थी। इस अपार्टमेंट मेंचटर्जी नियमित रूप से आते-जाते थे। यह पूरी घटना उन दिनों की है जब चटर्जी शिक्षा मंत्री थे। उस समय उन्होंने माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षकों एवं ग्रुप सी, डी के हजारों कर्मचारियों की भर्ती की निगरानी के लिए पांच सदस्यीय सलाहकार समिति बनाई थी।

## तृणमूल कांग्रेस...

मूकदर्शक बनी हुई हैं। दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार पर ठाकुर ने कहा कि ऐसा लगता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बनर्जी के बीच भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़ने की होड़ लगी है।

## मीडिया ट्रायल...

साथ मिलने वाली सभी सुरक्षा खो देता है? न्यायाधीशों को बिना किसी सुरक्षा या रक्षा के आश्वासन के उसी समाज में रहना पड़ता है, जिसके कुछ लोगों को उन्होंने दोषी ठहराया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, राजनेताओं, नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों और अन्य जन प्रतिनिधियों को अक्सर उनके काम की संवेदनशीलता के कारण सेवानिवृत्ति के बाद भी सुरक्षा मुहैया कराई जाती है। लेकिन, विडंबना यह है कि न्यायाधीशों को समान सुरक्षा नहीं दी जाती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में न्यायपालिका के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक निर्णय के लिए प्राथमिकता के आधार पर मामले तय करना है, क्योंकि न्यायाधीश सामाजिक हकीकतों के प्रति आंखें नहीं मूंद सकते हैं। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, मैं इस देश में न्यायपालिका के भविष्य को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर करने से कभी पीछे नहीं हटूंगा... पहले से ही कमजोर न्यायिक ढांचे पर बोझ दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। बुनियादी ढांचे का विस्तार करने के लिए कुछ विचार-विमर्श हुए हैं... हालांकि, मैंने न्यायपालिका को निकट भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने के वास्ते किसी ठोस योजना के बारे में नहीं सुना है। ऐसे में दीर्घकालिक चुनौतियों से निपटने की योजना को तो छोड़ ही दीजिए।

## योगी सरकार...

बड़ी राहत मिलेगी। उप्र नियामक आयोग मुख्यालय में शनिवार को आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह व सदस्यों ने बिजली की नई दरें जारी की। नई टैरिफ में अब 500 यूनिट से अधिक बिजली का उपभोग करने वाले उभोक्ताओं को अब 6.50 रुपये प्रति यूनिट के दर से ही भुगतान करना पड़ेगा। पहले यह दर 7 रुपये प्रति यूनिट थी। घरेलू उपभोक्ताओं से साथ व्यावसायिक उपयोग करने वालों को भी काफी राहत मिलेगी। वहीं ज्यादा बिजली खर्च करने वाले शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। इसी प्रकार शहरी घरेलू बीपीएल उपभोक्ताओं को भी 100 यूनिट बिजली उपभोग करने पर 3 रुपये प्रति यूनिट की दर से ही बिजली दर का भुगतान करना होगा। मौजूदा समय में पावर कॉर्पोरेशन में घरेलू, कमर्शियल, कृषि, इंडस्ट्री समेत अलग-अलग सेक्टर को मिलाकर 80 स्लैब थे। उनमें 21 स्लैब अब हटा दिए गए हैं। अब कुल 59 स्लैब होंगे। यूपी सरकार ने जहां ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के मामले में स्लैब के हिसाब से 3.15 रुपए प्रति यूनिट से लेकर अधिकतम स्लैब पर 1 रुपए प्रति यूनिट की सब्सिडी घोषित की है। इसी तरह ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को जीरो से 100 यूनिट तक 3.35 रुपये प्रति यूनिटए 101-150 यूनिट तक 3.85 रुपये प्रति यूनिटए 151 से 300 यूनिट तक 5.00 रुपये प्रति यूनिट और 300 से ऊपर यूनिट होने पर 5.50 रुपये प्रति यूनिट देना होगा जबकि ग्रामीण घरेलू बीपीएल परिवारों को 100 यूनिट तक तीन रुपये में बिजली दी जाएगी।

## कांग्रेस ने...

अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी में खुलासा हुआ है। उन्होंने दावा किया, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी ने अपने सिली सोल्स कैफे एंड बार के लिए फ़र्ज़ी दस्तावेज़ देकर बार लाइसेंस जारी करवाए। कांग्रेस नेता के अनुसार, 22 जून 2022 को लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए जिस एंथनी डीगामा के नाम से आवेदन किया गया, उनकी पिछले साल मई में ही मौत हो चुकी है। एंथनी के आधार कार्ड से पता चला है कि वे मुंबई के विले पार्ले के निवासी थे। आरटीआई के तहत सूचना मांगने वाले वकील को इनका मृत्यु प्रमाण-पत्र भी मिला है। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि तत्काल प्रभाव से स्मृति जुबिन ईरानी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। खेड़ा ने यह सवाल भी किया, स्मृति ईरानी को बताना चाहिए ए धांधली किसके इशारे पर हो रही है? अवैध कार्यों को अंजाम देने के पीछे कौन है? जो स्मृति ईरानी कल तक राहुल गांधी जी और सोनिया गांधी जी को लेकर तरह-तरह के सवाल पूछ रही थीं, वो आज अपने पारिवारिक भ्रष्टाचार पर चुप क्यों है? कांग्रेस ने एक कागजात जारी करते हुए दावा किया कि आबकारी विभाग की ओर से स्मृति ईरानी की पुत्री को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और जिस अधिकारी ने नोटिस दिया था, उसका कथित तौर पर तबादला किया जा रहा है।

## केंद्रीय मंत्री...

उसे निशाना बनाया। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस को उनकी बेटी द्वारा कोई गड़बड़ी किए जाने का सबूत दिखाने की चुनौती दी। महिला और बाल विकास मंत्री ईरानी ने पूछा कि क्या कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पवन खेड़ा द्वारा संवाददाता सम्मेलन में दिखाए गए कथित नोटिस में उनकी बेटी का नाम है। ईरानी ने कहा कि उनकी 18 वर्षीय बेटी कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा है और कोई बार नहीं चलाती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने गांधी परिवार के इशारे पर उनकी बेटी को निशाना बनाने के लिए संवाददाता सम्मेलन किया। स्मृति ईरानी की पुत्री की ओर से भी इन आरोपों को खारिज किया गया है। केंद्रीय मंत्री की पुत्री के वकील कीरत नागरा ने एक बयान में कहा कि उनकी मुवक्किल सिली सोल्सै नामक रेस्त्रां की न तो मालकिन है, और न ही इसका संचालन करती हैं तथा किसी प्राधिकार की तरफ से उन्हें कोई कारण बताओ नोटिस भी नहीं मिला है।

## दिल्ली आबकारी...

गई है। इसे गंभीरता से लेते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य सचिव को अधिकारियों द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। एलजी ने आबकारी से संबंधित सौदों में भी अधिकारियों द्वारा निभाई गई भूमिका की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एलजी ने मुख्यसचिव को दिए निर्देश में कहा है कि अधिकारियों का यह कर्तव्य था कि वे अपनी निगरानी में होने वाली किसी भी अनियमितता को उजागर करते और मुख्य सचिव, सक्षम प्राधिकारी के संज्ञान में लाते। मगर उन्होंने ऐसा नहीं किया, कमियों और खामियों को नजरंदाज करते रहे।

## दलगत राजनीति...

विरोध प्रदर्शन हुए हैं। निवर्तमान राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि राजनीतिक दलों और लोगों के पास अपना विरोध व्यक्त करने के लिए कई संवैधानिक तरीके हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने दूसरे पक्ष का सम्मान करते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शांति और अहिंसा का उपयोग किया था। कोविंद ने कहा कि राजनीतिक दलों की अपनी प्रणाली और राजनीतिक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए और इस बात पर विचार करना चाहिए कि नागरिकों के विकास और कल्याण के लिए क्या आवश्यक है। कोविंद के विदाई समारोह में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा कई सांसद शामिल हुए। कोविंद ने कहा कि स्वच्छ भारत के परिवर्तनकारी परिणाम हुए हैं। उन्होंने इसे सरकार और नागरिकों की ओर से महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा खुद को बड़े परिवार का हिस्सा मानते हैं, जिसमें संसद के सदस्य भी शामिल हैं। बृहस्पतिवार को देश की राष्ट्रपति निर्वाचित हुईं द्रौपदी मुर्मू सोमवार को 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगी।

# फोन टैपिंग की जांच सीबीआई से कराएगी महाराष्ट्र सरकार

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र सरकार** ने राज्य पुलिस को कथित फोन टैपिंग प्रकरण सहित दो मामले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि फोन टैपिंग मामले में मौजूदा उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेंद्र फडणवीस का बयान पुलिस ने दर्ज किया था। अधिकारी ने बताया कि दूसरा मामला भाजपा के एक अन्य नेता और राज्य के पूर्व मंत्री गिरीश महाजन से संबंधित है। उनपर जबरन वसूली और आपराधिक धमकी के आरोप हैं। उन्होंने बताया, राज्य सरकार ने इन दोनों मामलों को सीबीआई को सौंपने का आदेश जारी किया है, लेकिन मुंबई पुलिस को अब तक आदेश की प्रति नहीं मिली है।




भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी रश्मि शुक्ला कथित तौर पर नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों की फोन टैपिंग के मामले में आरोपी हैं। आरोप है कि उन्होंने इस कृत्य को तब अंजाम दिया, जब वह वर्ष 2019 के दौरान राज्य खुफिया विभाग (एसआईडी) की प्रमुख थीं। मुंबई पुलिस ने वर्ष 2021 में पहली बार सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी)साइबर पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ कथित तौर पर नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के फोन टैप करने और गोपनीय जानकारी लीक करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी। यह प्राथमिकी एसआईडी की शिकायत पर दर्ज की गई थी। वर्ष 2014 से 2019 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे फडणवीस ने शुक्ला के कथित पत्र का हवाला दिया, जिसे उन्होंने (शुक्ला ने) महाराष्ट्र के तत्कालीन पुलिस महानिदेशक को भेजा था और उसमें विभाग में हुए तबादलों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। पत्र में फोन कॉल के टैप करने की भी जानकारी थी, जिसको लेकर तत्कालीन शिवसेना नीत सरकार के नेताओं ने आरोप लगाया था कि बिना अनुमति के कथित तौर पर फोन टैप किए गए। इससे पहले, महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्य सचिव सीताराम कुंटे ने अपनी जांच रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि शुक्ला ने गोपनीय रिपोर्ट लीक की है। अधिकारी ने बताया, साइबर पुलिस टीम ने इस मामले में शुक्ला का बयान दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि इस साल मार्च में फडणवीस का बयान भी दर्ज किया गया था। मुंबई पुलिस आयुक्त संजय पांडे के निर्देश पर इस मामले को हाल में आगे की जांच के लिए, दक्षिण मुंबई के कोलाबा पुलिस थाने को स्थानांतरित किया गया था। अधिकारी ने बताया कि अब, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बनी नई सरकार ने आदेश जारी कर जांच सीबीआई को सौंपने को कहा है। उन्होंने बताया कि गिरीश महाजन के खिलाफ उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव में मामला दर्ज किया गया था।

## भाजपा ने भ्रष्टाचार के मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री की गिरफ्तारी के बाद टीएमसी पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार के कथित मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री की गिरफ्तारी के बाद शनिवार को मांग की कि जांच एजेंसियों को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शीर्ष नेतृत्व से पूछताछ करनी चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने स्कूल शिक्षकों की भर्ती में कथित घोटाले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। जब यह कथित घोटाला हुआ था, उस समय चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव चटर्जी से जांच के सिलसिले में शुक्रवार सुबह से पूछताछ की जा रही थी। उन्हें लगभग 26 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेताओं ने विभिन्न पदों पर भर्ती के सिलसिले में वर्षों से भारी धनराशि जमा की है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के स्पष्ट संदर्भ में कहा कि इस बात पर कोई विश्वास नहीं करेगा कि उसके (तृणमूल कांग्रेस के) आलाकमान को इसकी जानकारी नहीं थी। किसी का नाम लिए बगैर घोष ने यहां पत्रकारों से कहा, अब तक सामने आए सबूतों के आधार पर शीर्ष नेतृत्व से पूछताछ की जानी चाहिए। उसी संवाददाता सम्मेलन में, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बताया कि टीएमसी प्रमुख बनर्जी, केंद्रीय जांच एजेंसियों को बदनाम करने के लिए विभिन्न विपक्षी दलों के अभियान में सबसे आगे रही हैं। उन्होंने कहा कि यह चोर मचाए शोर का मामला है। ईडी ने राज्य के उद्योग मंत्री चटर्जी की करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को भी हिरासत में ले लिया है, जिनके एक परिसर से 21 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई थी। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुखर्जी के घर से जब्त नकदी के जरिए टीएमसी के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हुआ है। बनर्जी पर कटाक्ष करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि वह चटर्जी की प्रशंसा कर रही थीं और अब, लोग जानते हैं कि उनकी सराहना शायद भ्रष्टाचार के पैसे को संभालने के लिए की गई थी।सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के स्पष्ट संदर्भ में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वह इन एजेंसियों को बदनाम करने और डराने-धमकाने की कोशिश कर रही हैं, और इसी तरह का'नाटके हाल में यहां देखा गया था। चंद्रशेखर ने टीएमसी से पूछा, धरने और नाटक का समय अब समाप्त हो गया है।

## क्विक न्यूज

### चेन्नई हवाईअड्डे पर 94 लाख रुपए मूल्य के रत्न जब्त, श्रीलंकाई नागरिक गिरफ्तार

**चेन्नई।** चेन्नई हवाईअड्डे पर 94.34 लाख रुपए मूल्य के कुल1,746 रत्न जब्त किए गए और इस सिलसिले में श्रीलंका के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीमा शुल्क आयुक्त के. आर. उदय भास्कर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने हाल में कोलंबो से यहां पहुंचे एक यात्री को रोका था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि शुरुआती जांच में पता चला कि उक्त यात्री ने कीमती रत्न वाले पैकेट निगल लिए थे। अधिकारियों ने उसके पास से 56 पैकेट बरामद किए, जिनमें1,746 रत्न थे। सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की संबंधित धाराओं के तहत यह बरामदगी की गई। मामले में आगे की जांच जारी है।

### केरल पुलिस ने कन्नूर जिले में माओवादियों की मौजूदगी की जांच शुरू की

**कन्नूर (केरल)।** केरल पुलिस ने कन्नूर जिले में कर्नाटक की सीमा से लगे अय्यानकुन्नू में दिखे महिला सहित तीन माओवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को तीन सशस्त्र माओवादियों के बारे में सूचित किया था जिन्होंने इस क्षेत्र में स्थित घरों में घूमकर खाद्य सामग्री एकत्र की थी। पुलिस ने पीटीआई-भाषा को बताया, यह घटना 15 जुलाई को हुई थी। हमने इसकी जांच शुरू कर दी है। जिस हथियार को माओवादी लेकर आए थे उसकी अभी पहचान नहीं हो पाई है। राज्य पुलिस के एक विशिष्ट कमांडो बल वज्र ने इस क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न सबूत इकट्ठा किए हैं। उक्त घटना का पता तब चला जब स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया था। इरिट्टी के उपनिरीक्षक के नेतृत्व में एक टीम मामले की जांच कर रही है।

### महाराष्ट्र की पिछली एमवीए सरकार के दौरान एकनाथ शिंदे के पास पर्याप्त सुरक्षा थीः वलसे-पाटिल

**पुणे।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री दिलीप वलसे-पाटिल ने शनिवार को इस आरोप से इनकार किया कि एकनाथ शिंदे को पिछली महा विकास आघाड़ी सरकार (एमवीए) के दौरान पर्याप्त सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई थी। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शिंदे की सुरक्षा को नहीं बढ़ाए जाने संबंधी कोई भी निर्देश कभी नहीं दिया। शिवसेना के बागी विधायकों ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे को नक्सलियों से खतरा होने के बावजूद जेड-प्लस श्रेणी का सुरक्षा कवच देने से मना कर दिया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता वलसे-पाटिल ने कहा, सुरक्षा कवर के बारे में निर्णय एक विशेष समिति द्वारा लिया जाता है। तत्कालीन उपमुख्यमंत्री, गृह मंत्री और एकनाथ शिंदे को जेड स्तर की सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। उन्होंने कहा, शिंदे को धमकी भरा पत्र मिला था तो पुलिस विभाग के साथ-साथ ठाणे पुलिस को (आवश्यक कार्रवाई करने के लिए) सख्त आदेश दिए गए थे। इसलिए शिंदे की सुरक्षा को लेकर यह विवाद बेवजह है। वलसे-पाटिल ने कहा, ठाकरे ने हमें कभी निर्देश नहीं दिया कि एकनाथ शिंदे को सुरक्षा नहीं दी जानी चाहिए। वास्तव में पुलिस विभाग ने शिंदे की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि शिंदे ने कभी अतिरिक्त सुरक्षा की मांग नहीं की, लेकिन उनके बेटे ने एक पत्र सौंपा था जिसमें शिवसेना के वरिष्ठ नेता के लिए जेड-प्लस सुरक्षा का अनुरोध किया गया था। उन्होंने कहा, जब उन्हें धमकी भरा पत्र मिला, तो शिंदे को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी।

### दिल्ली की तिहाड़ जेल में यासीन मलिक ने शुरू की भूख हड़ताल

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल में कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जेल के अधिकारियों ने मलिक के भूख हड़ताल करने की वजह पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन सूत्रों ने बताया कि मलिक ने निष्पक्ष सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाया है। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मलिक ने शुक्रवार सुबह भूख हड़ताल शुरू की। प्रतिबंधित संगठन जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख मलिक को इस साल मई में दिल्ली की एक अदालत ने आतंकवाद का वित्तपोषण करने के मामले में दोषी ठहराया था। मलिक को विभिन्न अवधि की कारावास की सजा सुनाई गई थी और सारी सजा एकसाथ चल रही है। मलिक को कड़ी सुरक्षा के बीच जेल नंबर सात में एक अलग कोठरी में रखा गया है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा वर्ष 2017 में दर्ज आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में मलिक को वर्ष 2019 की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले कड़ी सुरक्षा वाली तिहाड़ जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर भी पत्नी से अतिरिक्त मुलाकात की मांग को लेकर 17 दिनों तक भूख हड़ताल पर था। चंद्रशेखर जेल नंबर छह में बंद है।

## भाजपा की प्रवास मुहिम के तहत कोलकाता में संगठनात्मक बैठक करेंगे सिंधिया, प्रधान

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और धर्मेंद्र प्रधान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के देश भर में चलाए जा रहे प्रवास अभियान के तहत शनिवार को कोलकाता में संगठनात्मक बैठकों में शिरकत करेंगे। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले 144 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने संगठन को मजबूत करने के लिए यह अभियान शुरू किया है। उसने एक केंद्रीय मंत्री या एक केंद्रीय नेता को चार-पांच लोकसभा सीटों का प्रभारी और प्रवास मंत्री बनाया है। नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया को दमदम सीट के लिए प्रवास मंत्री नियुक्त किया गया है। भाजपा 2019 के लोकसभा चुनावों में यह सीट हार गई थी। एक वरिष्ठ नेता ने कहा, सिंधिया अपने दौरे की शुरुआत दक्षिणेश्वर मंदिर में दर्शन से करेंगे। इसके बाद वह दमदम लोकसभा सीट के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

## मानसून सत्र के पहले सप्ताह में राज्यसभा में केवल 27 प्रतिशत कामकाजः अधिकारी

भाषा। नई दिल्ली

**राज्यसभा ने** मौजूदा मानसून सत्र के पहले सप्ताह में 26.90 प्रतिशत कामकाज की सूचना दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्यसभा सचिवालय ने कहा कि उच्च सदन में सप्ताह के पहले तीन दिनों के दौरान केवल एक घंटे 16 मिनट विधाई कार्य किया, जबकि पिछले दो दिनों के दौरान इसमें सुधार हुआ और यह पांच घंटे 31 मिनट हो गया। उन्होंने कहा कि व्यवधानों और जबरन स्थगन के कारण निर्धारित बैठक के कुल 18 घंटे 44 मिनट का समय नष्ट हो गया है। सप्ताह के आखिरी दिन की कार्यवाही में शुक्रवार को स्वास्थ्य के अधिकार को लेकर एक निजी विधेयक पर ढाई घंटे की चर्चा के कारण कामकाज की अवधि में कुछ हद तक सुधार संभव हुआ।

सदन में मूल्य वृद्धि पर चर्चा करने और नियम 267 के तहत जीएसटी वृद्धि पर चर्चा करने की विपक्ष की मांग पर कार्यवाही में व्यवधान देखा गया। सभापति एम. वेंकैया नायडू ने सदन को सूचित किया कि मूल्य वृद्धि पर अलग से चर्चा का निर्णय लिया गया है और सदन में सामान्य स्थिति की वापसी के लिए उन्होंने विपक्ष के कुछ नेताओं से भी बात की। अधिकारियों ने कहा कि चालू सत्र के पहले सप्ताह के दौरान, 75 सूचीबद्ध तारांकित प्रश्नों में से 22 का सदन में मौखिक उत्तर दिया गया, जबकि सदस्यों द्वारा पांच विशेष उल्लेख किए गए। सामूहिक विनाश के हथियार और उनकी वितरण प्रणाली (गैरकानूनी गतिविधियों की रोकथाम) विधेयक, 2022 पर 42 मिनट तक चर्चा हुई, जिसमें आठ सदस्यों ने भाग लिया। सप्ताह के दौरान नौ गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयक पेश किए गए।


मेरठ में कांवरिया सावन में भगवान शंकर को जल चढ़ाने को पैदल यात्रा करते हुए

## बेटे विजएंद्र में कहीं से भी चुनाव जीतने की क्षमताः एदियुरप्पा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा ने शनिवार को कहा कि उनके बेटे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष बी. वाई. विजएंद्र में कहीं से भी चुनाव जीतने की क्षमता है, लेकिन अंतिम निर्णय पार्टी आलाकमान को करना है। शिवमोगा के शिकारीपुरा विधानसभा क्षेत्र से आठ बार विधायक रहे एदियुरप्पा ने कहा कि वह अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन पार्टी आलाकमान को अपने बेटे को मैदान में उतारने का सुझाव देंगे। लिंगायत नेता एदियुरप्पा ने शुक्रवार को शिवमोगा में एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

भाजपा के दिग्गज नेता ने एक दिन पहले कही गई अपनी बात शनिवार को फिर से दोहराई। उन्होंने कहा, पार्टी आलाकमान जहां से भी चुनाव लड़ने को कहेगा, विजएंद्र चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। ईश्वर की कृपा से, उनके पास हर जगह से जीतने की ताकत है और उन्होंने अपने व्यक्तित्व का निर्माण



उसी अनुरूप किया है। हालांकि, अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री का होगा। मैं केवल सुझाव दे सकता हूं। हम उनके (प्रधानमंत्री के) फैसले पर कायम रहेंगे। एदियुरप्पा के अनुसार एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन पर अगले साल विधानसभा चुनाव में एक बार फिर शिकारीपुरा से मैदान में उतरने का दबाव डाला, लेकिन उन्होंने मना कर दिया और भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपने बेटे का नाम पेश किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एदियुरप्पा ने कहा, मैंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं अगला चुनाव नहीं लड़ूंगा, लेकिन विजएंद्र से चुनाव लड़ने के लिए कहूंगा।

## कार्यालय से दस्तावेज, सामान गायब, अन्नाद्रमुक ने पनीरसेल्वम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने शनिवार को आरोप लगाया कि पार्टी से निष्कासित नेता ओ पनीरसेल्वम के प्रति निष्ठा रखने वालों ने 11 जुलाई को पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की और दस्तावेजों तथा कीमती वस्तुओं को लूट लिया। यह घटना उस वक्त हुई जब पनीरसेल्वम और पार्टी के अंतरिम महासचिव के पलानीस्वामी के समर्थकों के बीच झड़प हुई थी। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य सी वी शनमुगम ने इस संबंध में पनीरसेल्वम और उनके कुछ सहयोगियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया कि पार्टी कार्यालय से वे विभिन्न दस्तावेज ले गए। शिकायत दर्ज कराने के बाद राज्य के पूर्व मंत्री शनमुगम ने पत्रकारों के साथ बातचीत में दावा किया कि पनीरसेल्वम के प्रति निष्ठा रखने वाले लोगों ने पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की और दस्तावेजों व अन्य सामानों को लूट लिया। उन्होंने आरोप लगाया, सभी कमरों में तोड़फोड़ की गई और कई सामान लूट लिए गए। शनमुगम ने कहा कि कार्यालय की इमारत, अन्नाद्रमुक के संस्थापक दिवंगत एम जी रामचंद्रन की पत्नी जानकी की थी, लेकिन उन्होंने इसे पार्टी को दे दिया। उन्होंने दावा किया कि कोयंबटूर और मदुरै के कार्यालय से भी संबंधित दस्तावेज पनीरसेल्वम से जुड़े एक वाहन में उनके समर्थक ले गए थे।

## कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर शिवकुमार और सिद्धरमैया गुटों के बीच वाकयुद्ध

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक में** अगले विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के सत्ता में आने की स्थिति में मुख्यमंत्री कौन होगा को लेकर पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के धड़ों के बीच घमासान मचा हुआ है। जब पार्टी विधायक बी जेड जमीर अहमद खान ने कहा कि राज्य के लोग अगले मुख्यमंत्री के रूप में सिद्धरमैया को चाहते हैं तब शिवकुमार ने सभी से अपना मुंह बंद रखने और पार्टी को सत्ता में लाने के लिए काम करने का आह्वान किया।

खान के बयान पर शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, मैं केवल उनकी बातों पर बोलूंगा जो मेरे स्तर के हैं। सभी को अपना मुंह बंद कर पार्टी को सत्ता में लाने के लिए काम करना चाहिए। वैसे अभी विधानसभा चुनाव में 10 महीने बचे हैं लेकिन कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का विषय शिवकुमार और सिद्धरमैया धड़ों के बीच बहस का विषय बना हुआ है और वाकयुद्ध छिड़ गया है। शिवकुमार से जब पूछा गया कि क्या वह खासकर खान के लिए निर्देश जारी कर रहे हैं तो उन्होंने कहा, मैं यह सभी से कह रहा हूं। पहले आप पार्टी को सत्ता में लाइए, सभी समुदायों के लोगों को पार्टी से जोड़िए और पहले अपने समुदाय को संगठित कीजिए। उन्होंने कहा, नेता के तौर पर यदि पार्टी को लेकर आप चिंतित हैं तो व्यक्तियों की पूजा करना बंद कीजिए और लोगों को पार्टी से जोड़िए। हालांकि रामनगर के कनकपुरा निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि शिवकुमार ने कहा कि यदि कर्नाटक में 224 विधायक मुख्यमंत्री बनने की इच्छा रखते हैं तो उसमें गलत कुछ नहीं है। शिवकुमार के बयान पर खान ने कहा कि यह प्रदेश कांग्रेस प्रमुख (शिवकुमार) ही थे जिन्होंने एक सार्वजनिक मंच पर अपने लिए समर्थन की मांग कर पार्टी में चर्चा शुरू की। उन्होंने कहा, किसने यह दलील शुरू की? वोक्कालिगा समुदाय के एक कार्यक्रम में उन्होंने अपने समुदाय के लोगों से उन्हें एक मौका देने का आह्वान किया। उनके बयान के बाद हम बात करने लगे। तब तक किसी ने भी यह मुद्दा नहीं उठाया था। खान ने कहा कि मुस्लिम नेता सिद्धरमैया को पसंद करते हैं और उन्हें फिर मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, (लेकिन) हमारी आलाकमान आधारित पार्टी है। यहां कोई अन्य निर्णय नहीं ले सकता है। सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को छोड़कर कोई और निर्णय नहीं ले सकता है।

## उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मुस्लिम कानून में 18 साल से कम उम्र की लड़कियों की शादी पर जवाब मांगा

भाषा। नैनीताल (उत्तराखंड)

**उत्तराखंड उच्च** न्यायालय ने 18 साल से कम उम्र की लड़कियों की शादी, जिसकी अनुमति मुस्लिम कानून देता है, को अवैध घोषित करने संबंधी एक जनहित याचिका पर राज्य और केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। यह जनहित याचिका यूथ बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से दायर की गई है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति आर. सी. कोल्बी की खंडपीठ ने शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और उत्तराखंड सरकार को इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

याचिका में कहा गया है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ 18 साल से कम उम्र की लड़कियों की शादी की इजाजत देता है। इसके कारण, अदालतें उन युवा विवाहित लड़कियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बाध्य हैं, जो अब तक 18 वर्ष की नहीं हुई हैं। जनहित याचिका में कहा गया है कि इस तरह का विवाह उन कम उम्र की लड़कियों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण बनता है, जो शारीरिक संबंध के बाद गर्भवती हो जाती हैं या इतनी कम उम्र में बच्चे को जन्म देती हैं। इसने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़कियों को शादी की अनुमति देना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक अपराध है।याचिका में कहा गया है कि इस तरह की शादियों को न केवल अवैध घोषित किया जाना चाहिए, बल्कि शादी की आड़ में 18 साल से कम उम्र की महिलाओं से शारीरिक संबंध बनाने वालों पर भी पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए।


बाल गंगाधर तिलक की जन्मजयंती पर संसद में उनकी चित्र पर पुष्पांजलि देते लोस अध्यक्ष ओम बिरला, रास उपसभापति हरिवंश सिंह व पीयूष गोयल

## साधु की मौत पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना, पार्टी की जांच समिति गठित की

**जयपुर।** भरतपुर के डीग में आत्मदाह का प्रयास करने वाले साधु विजय दास की मृत्यु को लेकर राजस्थान में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की कांग्रेस नीत सरकार पर निशाना साधा और इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार बताया। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी की एक जांच समिति गठित की है जो मौके पर जाकर इसकी छानबीन करके उन्हें रिपोर्ट सौंपेगी। उल्लेखनीय है कि साधु विजय दास की शुक्रवार देर रात नई दिल्ली के अस्पताल में मृत्यु हो गई। डीग क्षेत्र में खनन गतिविधियों को बंद करने की मांग को लेकर जारी साधु-संतों के आंदोलन के बीच उन्होंने बुधवार को आत्मदाह का प्रयास किया था। उनका नई दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा था। मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि अगर अधिकारी और सत्ता से जुड़े राजनेताओं ने समय रहते संतों की बात सुनी होती तो एक साधु की जान नहीं जाती। उन्होंने कहा, घटना के बाद मुख्यमंत्री असहाय हो कर स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि प्रदेश में अवैध खनन नहीं रुक रहा। इससे स्पष्ट है कि संत की मौत का जिम्मेदार अगर कोई है तो वह राज्य सरकार है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने आरोप लगाया कि संत विजय दास की मौत का अगर कोई जिम्मेदार है तो वह खनन माफिया को संरक्षण देने वाली राजस्थान की कांग्रेस सरकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की सरकार खनन माफिया की गिरफ्त में है और राज्य के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत जगत प्रकाश नड्डा ने संत विजय दास के निधन पर शोक व्यक्त किया है। घटना की जांच के लिए चार सदस्ईय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति घटनास्थल का दौरा कर जानकारी एकत्रित करेगी और शीघ्र ही रिपोर्ट नड्डा को सौंपेगी। पार्टी के प्रवक्ता ने बताया कि समिति में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद सत्यपाल सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं सांसद बृजलाल यादव को शामिल किया गया है।

## बड़े साहब की तरह चुपके से शराब का आनंद लें, शराबबंदी वाले बिहार में गरीबों को मांझी की सलाह

भाषा। पटना

**बिहार के** पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को राज्य के गरीबों को सलाह दी कि वे शराब पीने की कला अमीर लोगों से सीखें, जो नशा के बाद हंगामा नहीं करते और चुपचाप सो जाते हैं। बिहार में शराबबंदी लागू है। मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन में भागीदार है। मांझी ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। मांझी ने एक शराबी व्यक्ति की गिरफ्तारी के बारे में मीडिया में आई खबरों का जिक्र करते हुए कहा, अनर्थ हो रहा है। मामले में एक व्यक्ति काम के बाद शराब पीकर सड़क किनारे बैठकर हंगामा कर रहा था तभी पुलिस वहां पहुंच जाती है। सांस की जांच के बाद उस व्यक्ति को जेल भेज दिया गया।



मांझी ने कहा कि एक या दो पैग लेने में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा, उन्हें बड़े साहबों का अनुकरण करना चाहिए जो चुपचाप रात में कुछ घूंट का आनंद लेते हैं और सो जाते हैं। इसलिए, कभी पकड़े नहीं जाते। मांझी ने चिकित्सकीय आधार पर सीमित मात्रा में शराब के फायदे बताने वाले अखबार के लेखों का भी हवाला दिया। बिहार में अप्रैल 2016 से शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध है। विधानसभा चुनावों के दौरान राज्य की महिलाओं से नीतीश कुमार के वादे के बाद प्रतिबंध का यह कदम उठाया गया था। मांझी के बेटे संतोष सुमन राज्य के मंत्री हैं। मांझी ने कहा, गरीब, मजदूर चाहे वे किसी भी जाति, धर्म के हों, दिनभर कठिन मेहनत के बाद आराम चाहते हैं। लेकिन पीने के बाद हंगामा के कारण वे बदनाम हैं। अगर वे सही से पीना सीख जाएं और संयमित रहें तो कोई परेशानी नहीं होगी। राज्य के कई नेता दबी जुबान से शराबबंदी के कारण असुविधा की बात कहते हैं हालांकि मांझी जैसे कुछ ही नेता हैं जो सरेआम ऐसे सवालों पर अपनी राय जाहिर करते रहे हैं। मुख्यमंत्री कुमार कह चुके हैं कि जब तक वह पद पर रहेंगे शराबबंदी कानून रहेगा और जिन लोगों या बाहर से आने वालों को इस कानून से असुविधा होती है उन्हें या तो आदत बदल लेनी चाहिए या राज्य आने से परहेज करना चाहिए।

# शहबाज के बेटे हमजा पंजाब के फिर सीएम बने

**भाषा।** लाहौर (पाकिस्तान)

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शरीफ ने नाटकीय घटनाक्रम के बीच महज तीन मतों के अंतर से जीत हासिल करते हुए शनिवार को पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हमजा की जीत की घोषणा होने के बाद देशभर में प्रदर्शन हुए और विपक्षी उम्मीदवार ने इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। पंजाब के गवर्नर बलीगुर रहमान ने हमजा (47) को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह पंजाब में गवर्नर हाउस में हुआ। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए मतदान हुआ। हमजा को चुनाव में विजेता घोषित किया गया। हालांकि, उनकी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के पास 17 जुलाई को हुए अहम उपचुनावों के बाद विधानसभा में बहुमत नहीं है।हमजा नाटकीय घटनाक्रम के बीच महज तीन मतों के अंतर से इस पद पर पुनः निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष ने उनके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार के 10 महत्वपूर्ण मतों को खारिज कर दिया था। विधानसभा उपाध्यक्ष दोस्त मोहम्मद माजरी ने संविधान के अनुच्छेद 63-ए का हवाला देते हुए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-क्यू (पीएमएल-क्यू) पार्टी के उम्मीदवार चौधरी परवेज इलाही के 10 मतों को खारिज कर दिया, जिसके बाद हमजा महज तीन मतों के अंतर से पंजाब के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर फिर से आसीन हो सके। पीएमएल-क्यू पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का सहयोगी दल है। पंजाब की 368 सदस्यीय विधानसभा में हमजा की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को 179 वोट मिले जबकि इलाही की पार्टी को 176 वोट मिले। इलाही की पीएमएल-क्यू के 10 मतों को इस आधार पर नहीं गिना गया कि उन्होंने अपने पार्टी के प्रमुख चौधरी शुजात हुसैन के आदेशों का उल्लंघन किया था।मजारी ने कहा कि पार्टी प्रमुख हुसैन ने पीएमएल-क्यू के सदस्यों को इलाही के बजाय हमजा को वोट देने का निर्देश दिया था। मजारी ने कहा, मैंने पीएमएल-क्यू के 10 मतों को खारिज करने का फैसला दिया क्योंकि उसके प्रमुख चौधरी शुजात हुसैन ने मुझे एक पत्र लिखकर कहा था कि उनकी पार्टी के विधायकों को पीटीआई-पीएमएलक्यू उम्मीदवार के लिए वोट नहीं करना चाहिए था। मैंने फोन पर शुजात से बात की और उन्होंने अपने पत्र में इसका जिक्र होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि हमजा ने तीन मतों से पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री पद की कुर्सी फिर से हासिल कर ली। बहरहाल, पीटीआई-पीएमएलक्यू के विधायकों ने उपाध्यक्ष के फैसले का विरोध किया। यह दूसरी बार है जब हमजा ने पंजाब के मुख्यमंत्री पद पर इलाही को हराया है। पिछली बार उन्हें 16 अप्रैल को जीत मिली थी लेकिन उन्हें शपथ दिलाने में कई दिनों की देरी हुई थी क्योंकि तत्कालीन गवर्नर उमर सरफराज चीमा ने उन्हें शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था। बाद में नेशनल असेंबली के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने लाहौर उच्च न्यायालय के निर्देशों पर 30 अप्रैल को उन्हें शपथ दिलाई थी। पीएमएल-क्यू के 10 सदस्यों के मतों को खारिज करने के मजारी के फैसले के बाद पीटीआई ने कहा कि वह इस निर्णय को चुनौती देने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। इमरान खान के समर्थकों के शुक्रवार देर रात को देशभर में प्रदर्शन किए और उन्होंने मुख्यमंत्री के चुनाव को गैरकानूनी बताया। लाहौर, पंजाब प्रांत के कुछ अन्य हिस्सों, कराची, इस्लामाबाद और पेशावर में व्यापक प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। इलाही ने शनिवार को उपाध्यक्ष के विवादास्पद फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी।



ब्रिटेन में चुनाव अभियान के दौरान ऋषि सुनक अपनी पत्नी और बेटियों के साथ

## दक्षिणी ईरान में बाढ़ के कारण कम से कम अब तक 17 लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के सूखाग्रस्त दक्षिणी फार्स प्रांत में अचानक आई बाढ़ में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई है। यहां के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह जानकारी दी। शहर के गवर्नर युसेफ कारेगर के अनुसार, इस्ताहबन शहर में भारी बारिश के कारण रूदबल नदी का पानी भर गया। कारेगर ने कहा कि बचाव दल ने बाढ़ में फंसे 55 लोगों को सुरक्षित बचाया था, लेकिन कम से कम छह लोग अब भी लापता हैं। ईरान के मेट्रोलॉजी विभाग ने देश भर में संभावित रूप से भारी मौसमी बारिश के बारे में चेतावनी दी थी जो जलवायु परिवर्तन की वजह से दशकों से सूखे का सामना कर रहा है। नदी के किनारों के पास इमारतों और सड़कों के निर्माण से अचानक बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है।

## श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने एक हफ्ते के भीतर हालात सामान्य बनाने के तरीकों पर चर्चा की

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** के मंत्रिमंडल ने नव-निर्वाचित राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की अगुवाई में पहली बार बैठक की और आर्थिक संकट से जूझ रहे देश में एक सप्ताह के भीतर स्थिति सामान्य करने के तरीकों पर चर्चा की। मीडिया की एक रिपोर्ट में शनिवार को बताया गया कि बैठक में प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रपति सचिवालय जैसे सरकारी संस्थानों के कामकाज को नियमित करके एक हफ्ते के भीतर स्थिति सामान्य करने के तरीकों पर चर्चा की गई। डेली मिरर अखबार में प्रकाशित एक खबर के अनुसार, शुक्रवार को नए मंत्रिमंडल की नियुक्ति के बाद राष्ट्रपति ने बैठक बुलाई। अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया कि उन्होंने इस पर चर्चा की कि देश में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति सचिवालय जैसे सरकारी संस्थानों और स्कूलों का कामकाज नियमित करके एक सप्ताह के भीतर स्थिति सामान्य होनी चाहिए। मंत्रिमंडल को सूचित किया गया कि एक महीने के लिए पर्याप्त ईंधन है और कोटा व्यवस्था के तहत वितरण तेज किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा कि उन्होंने सुरक्षाबलों को संविधान बरकरार रखने तथा ऐसा माहौल बनाने का अधिकार दिया है, जिसमें लोग बिना डर के रह सकें। मंत्रिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से बातचीत पर भी चर्चा की, जो वित्तीय सहायता हासिल करने के लिए की जा रही है। इस बीच, विपक्ष ने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने से 25 जुलाई को संसद सत्र बुलाने का अनुरोध किया ताकि सुरक्षाबलों द्वारा शुक्रवार को गाले फेस में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर की कार्वाई तथा देश के मौजूदा हालात पर चर्चा की जा सके। गौरतलब है कि असॉल्ट राइफल तथा लाठी-डंडों से लैस श्रीलंकाई सुरक्षाबलों और पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रपति कार्यालय के बाहर डेरा जमाए सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को जबरन हटा दिया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आवासों तथा प्रधानमंत्री के कार्यालय को खाली कर दिया है, जिस पर उन्होंने नौ जुलाई को कब्जा जमाया था लेकिन उन्होंने राष्ट्रपति सचिवालय के कुछ कमरों पर अब भी कब्जा जमाया हुआ था। उन्होंने विक्रमसिंघे को नया राष्ट्रपति स्वीकार करने से भी इनकार कर दिया। नौ अप्रैल के बाद से राष्ट्रपति कार्यालय तक प्रवेश बाधित करने वाले मुख्य प्रदर्शनकारी समूह ने कहा कि विक्रमसिंघे के इस्तीफा देने तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। श्रीलंका की नई सरकार की सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को हटाने में बल का इस्तेमाल करने के लिए आलोचना की गई है। गौरतलब है कि 2.2 करोड़ की आबादी वाला देश श्रीलंका सात दशकों में सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है, जिसके चलते लोग खाद्य पदार्थ, दवा, ईंधन और अन्य जरूरी वस्तुएं खरीदने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## पाक के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने आतंकवादी समूह टीटीपी के साथ जारी शांति वार्ता पर चर्चा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) संगठन के साथ जारी शांति वार्ता पर चर्चा की है। एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई।समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार यह इस तरह की पहली बैठक थी, जिसमें सभी सशस्त्र सेनाएं शामिल थीं। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टॉफ कमेटी (जेसीएससी) के अध्यक्ष जनरल नदीम रजा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक शुक्रवार को हुई। खबर के अनुसार बैठक में सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों - सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा, नौसेना प्रमुख एडमिरल मुहम्मद अमजद खान नियाजी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू, आईएसआई महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम, पेशावर कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## पीएम चुना गया तो पहले दिन से ब्रिटेन को संकट से निकालने के लिए काम पर लग जाऊंगा : सुनक

**भाषा।** लंदन

**ऋषि** सुनक ने ब्रिटेन की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के चुनाव में जीत के लिए सप्ताहांत गहन अभियान की शुरुआत की। उन्होंने शनिवार को वादा किया कि अगर वह प्रधानमंत्री चुने जाते हैं तो पहले दिन से ही ब्रिटेन के सकंट से निपटने के लिए काम [8364]शुरू कर देंगे।
ब्रिटेन के 42 वर्षीय पूर्व चांसलर ने द टाइम्स को दिए गए साक्षात्कार में कहा कि जो चल रहा है उसे चलने देने का रुख देश के सामने मौजूद गंभीर आर्थिक चुनौती से निपटने के लिए कारगर नहीं होगा। उन्होंने कहा, सरकार के भीतर रहने की वजह से मेरा मानना है कि जो व्यवस्था चल रही है वह काम नहीं कर रही, जैसा की उसे करना चाहिए। मैं जिन चुनौतियों की बात कर रहा हूं वे कल्पना नहीं है...। सुनक ने कहा, वे चुनौतियां हमारे सामने आ रही है और जैसा चल रहा, उसे चलने दें की मानसिकता उनसे मुकाबला नहीं कर सकती। इसलिए , कार्यालय में (प्रधानमंत्री के) दाखिल होने के पहले दिन से हम संकट से निपटने के प्रयास कर देंगे। वर्ष 1980 के दौरान ब्रिटेन की प्रधानमंत्री रहीं मार्गरेट थैचर के गृह नगर पूर्वी इंग्लैंड के ग्रैंथम में होने वाली बहस से पहले कंजर्वेटिव पार्टी के दोनों नेता (प्रधानमंत्री पद के दावेदार) सुनक और उनकी प्रतिद्वंद्वी लिज ट्रस अपने पारंपरिक मतदाताओं को पक्ष में करने के लिए थैचर को अपना आदर्श बता रहे हैं। ब्रिटेन के साउथम्पटन में जन्मे भारतीय मूल के सुनक ने रेखांकित किया कि कैसे उनके परिवार के फार्मेसी कारोबार को कंजर्वेटिव मूल्यों ने दिशा दी। सुनक ने कहा कि महंगाई को राष्ट्रीय आपात स्थिति की तरह निपटने के साथ वह धन के बेहतर मूल्य को लेकर ध्यान केंद्रित करेंगे, करदाताओं से प्राप्त धन, उनसे वित्तपोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) पर जोर देंगे।

## दुनियाभर में बढ़ रही महंगाई, लोग खानपान में कटौती के लिए मजबूर

**एपी।** सिंगापुर

**दुनिया** भर में आसमान छूती महंगाई के बीच लोगों को सबसे ज्यादा परेशान खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतें कर रही हैं। विकासशील देशों के अलावा सिंगापुर जैसी उन्नत अर्थव्यवस्था वाला देश भी इसकी मार से अछूता नहीं है। घरेलू कीमतों को काबू में करने के लिए कई देशों ने खाद्य निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। मलेशिया ने पिछले महीने जिंदा ब्रॉइलर चिकन के निर्यात पर रोक लगा दी। मलेशिया से बड़ी संख्या में पोल्ट्री का आयात करने वाला सिंगापुर भी इस फैसले से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तेल से लेकर चिकन तक की कीमतें बढ़ने से खानपान कारोबार से जुड़े प्रतिष्ठानों को भी दाम बढ़ाने पड़े हैं। इस वजह से लोगों को खानपान की चीजों के लिए 10-20 फीसदी तक ज्यादा दाम चुकाना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं को समान मात्रा की वस्तु के लिए या तो ज्यादा रकम देनी पड़ रही है या फिर अपने खानपान में कटौती करनी पड़ रही है। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र खाद्य कार्यक्रम लोगों को भोजन खरीदने के लिए नकद दे रहा है। बेरुत की रहने वाली ट्रेसी सलिबा कहती हैं, मैं अब केवल आवश्यक सामान और भोजन ही खरीद रही हूं। आर्थिक अनुसंधान एजेंसी कैपिटल इकोनॉमिक्स के मुताबिक उभरते बाजारों में खाद्य वस्तुओं की कीमतें इस वर्ष करीब 14 फीसदी और विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सात फीसदी से अधिक बढ़ी हैं। एजेंसी ने अनुमान जताया है कि अधिक मुद्रास्फीति के कारण विकसित बाजारों में इस साल और अगले साल भी खान-पान की वस्तुओं पर परिवारों को अतिरिक्त सात अरब डॉलर खर्च करने पड़ेंगे। विश्व खाद्य कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र की चार अन्य एजेंसियों की वैश्विक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष 2.3 अरब लोगों को गंभीर या मध्यम स्तर की भूखमरी का सामना करना पड़ा। सूडान में हालात बेहद खराब हैं जहां मुद्रास्फीति इस वर्ष 245 फीसदी के अविश्वसनीय स्तर तक पहुंच सकती है। वहीं ईरान में भी मई के महीने में चिकन, अंडे और दूध के दाम 300 फीसदी तक बढ़ चुके है। अकाल, आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे, ऊर्जा के ऊंचे दाम और उर्वरक की कीमतों के कारण दुनियाभर में खाद्य वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसकी ज्यादा मार विकासशील देशों के निम्न वर्ग के लोगों पर पड़ रही है और उनके लिए भरपेट खाने का इंतजाम कर पाना भी मुश्किल हो गया है।

## रूस एवं यूक्रेन ने युद्ध के 150वें दिन एक दूसरे पर मिसाइल हमले किए

**कीव।** रूस की सेना ने मध्य यूक्रेन के एक हवाई क्षेत्र में शनिवार को मिसाइलें दागीं, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और यूक्रेनी सेना ने रूसी कब्जे वाले दक्षिणी क्षेत्र में नदी पार रॉकेट हमले किए। यूक्रेन पर रूस के हमले के 150वें दिन अहम बुनियादी ढांचों पर हमले युद्ध में बढ़त हासिल करने की दोनों पक्षों की ताजा कोशिश हैं। यूक्रेन के मध्य स्थित किरोवोह्रादस्का क्षेत्र में एक हवाई क्षेत्र और एक रेलवे प्रतिष्ठान पर 13 रूसी मिसाइल दागी गईं। गवर्नर एंड्रिय रेलकोविच ने कहा कि इन हमलों में कम से कम एक कर्मी और दो गार्ड की मौत हो गई। क्षेत्रीय प्रशासन ने बताया कि किरोवोह्राद शहर के निकट हुए हमलों में 13 अन्य लोग घायल हो गए हैं। इस बीच, हमले की शुरुआत में रूसी बलों द्वारा कब्जाए गए दक्षिणी खेरसोन क्षेत्र में यूक्रेनी बलों ने दनीपर नदी के पार रॉकेट दागे और रूसी बलों के लिए आपूर्ति बाधित करने की कोशिश की। ए ताजा हमले ऐसे समय में किए गए हैं, जब इससे कुछ ही घंटों पहले रूस और यूक्रेन ने तुर्की और संयुक्त राष्ट्र के साथ अलग-अलग समझौते कर लाखों टन यूक्रेनी अनाज तथा रूसी खाद्यान्न एवं उवर्क के निर्यात का मार्ग प्रशस्त किया। इन समझौतों के साथ ही, दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को लेकर बना गतिरोध समाप्त हो गया है।

## यस बैंक का शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ हुआ

**भाषा।** नई दिल्ली

**फंसे** कर्जों में कमी आने और आय बढ़ने से निजी क्षेत्र के यस बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 207 करोड़ रुपए रहा था। अप्रैल-जून 2022 की तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 5,916 करोड़ रुपए हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 5,394 करोड़ रुपए रही थी। बैंक के लाभ में बढ़ोतरी की बड़ी वजह फंसे कर्जों के अनुपात में आई गिरावट रही है। उसके सकल ऋण में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का अनुपात घटकर 13.45 प्रतिशत पर आ गया जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह अनुपात 15.60 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में शुद्ध एनपीए यानी फंसे कर्जों का अनुपात भी 5.78 प्रतिशत से घटकर 4.17 प्रतिशत पर आ गया। फंसे कर्जों एवं अन्य आकस्मिक खर्चों के लिए वित्तीय प्रावधान की जरूरत भी आलोच्य तिमाही में घटकर 175 करोड़ रुपए रह गई जो अप्रैल-जून 2021 की तिमाही में 457 करोड़ रुपए रही थी। यस बैंक ने कहा कि उसके वैकल्पिक बोर्ड के गठन के साथ पुनर्गठन योजना भी गत 15 जुलाई से अमल में आ गई है। हालांकि इसे अभी शेयरधारकों की मंजूरी मिलनी बाकी है। बैंक के मुताबिक, नए बोर्ड ने प्रशांत कुमार को नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर तीन साल के लिए नियुक्त करने की अनुशंसा की है। इसके अलावा बैंक ने करीब 48,000 करोड़ रुपए की तनावग्रस्त परिसंपत्तियों की बिक्री के मकसद से जेसी फ्लॉवर्स के साथ मिलकर एक परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी बनाने के लिए बाध्यकारी समझौता किए जाने की जानकारी भी शेयर बाजारों को दी है।

## चीन, पाकिस्तान ने आर्थिक गलियारे में दिलचस्पी रखने वाले अन्य देशों को भी दिया न्योता

**भाषा।** इस्लामाबाद

**चीन** और पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच बन रहे अरबों डॉलर के आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का हिस्सा बनने में दिलचस्पी रखने वाले दूसरे देशों को इसका न्योता देते हुए कहा है कि यह आपसी सहयोग का एक खुला एवं समावेशी मंच है। वर्ष 2013 में शुरू हुआ यह आर्थिक गलियारा पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनझियांग क्षेत्र में स्थित काशगर से जोड़ने वाला है। इसके जरिए दोनों देश ऊर्जा, परिवहन एवं औद्योगिक सहयोग करेंगे। सीपीईसी के अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं समन्वय संबंधी संयुक्त कार्य समूह की शुक्रवार को तीसरी बैठक वर्चुअल माध्यम से हुई। इसमें दोनों देशों ने आर्थिक गलियारे का हिस्सा बनने की दिलचस्पी रखने वाले अन्य देशों को भी शामिल होने का न्योता दिया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, विदेश सचिव सोहैल महमूद और चीन के सहायक विदेश मंत्री वू जियानझाओ ने इस कार्यसमूह की बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। इस दौरान सीपीईसी से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा किए जाने के अलावा साझा रूप से सहमत हुए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि चीन की महत्वाकांक्षी योजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत शुरू की गई सीपीईसी परियोजना ने खासकर अफगानिस्तान के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय संपर्क को सशक्त करने में नया मुकाम हासिल किया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों ही पक्षों ने एक खुले एवं समावेशी मंच के तौर पर सीपीईसी से लाभान्वित होने में दिलचस्पी रखने वाले तीसरे पक्षों का स्वागत किया। चीन और पाकिस्तान के बीच के इस आर्थिक गलियारे का भारत खुलकर विरोध करता रहा है। भारत इस गलियारे के पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरने के आधार पर इसका विरोध करता आ रहा है। पाकिस्तान के विदेश सचिव ने सीपीईसी में हुई प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि चीन और पाकिस्तान की दोस्ती बहुत गहरी है और यह परियोजना दोनों देशों के बीच की गहराई तक पैठ वाली आपसी सद्भावना को दर्शाती है। हालांकि तमाम पश्चिमी विश्लेषकों का मानना है कि सीपीईसी दरअसल पाकिस्तान को चीन के आर्थिक नियंत्रण में लेने का एक जरिया है और आगे चलकर पाकिस्तान कर्ज के भारी बोझ तले दब सकता है।

## बाइडन की सेहत में सुधार हो रहा है : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** कोरोना वायरस से संक्रमित अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अपने शीर्ष आर्थिक दल के साथ बैठक की और इस दौरान उनके गले में खराश और खांसी थीं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह बेहतर महसूस कर रहे हैं। वह हाल के हफ्तों में गैस कीमतों में गिरावट पर चर्चा करने के लिए बैठक कर रहे थे और बैठक की शुरुआत में उन्होंने अपने चेहरे से मास्क हटाया और पानी पीया। पत्रकारों को बैठक की कुछ मिनटों की कार्यवाही देखने के लिए व्हाइट हाउस के सभागार में प्रवेश की अनुमति थी और जब उन्होंने बाइडन की तबीयत के बारे में पूछा तो उन्होंने अंगूठा (थम्स अप) से इशारा कर अपने ठीक होने का संकेत दिया। राष्ट्रपति के चिकित्सकों ने कहा कि उन्हें कोविड-19 के हल्के लक्षण हैं, जिससे वह अब उबर रहे हैं। व्हाइट हाउस बाइडन की बीमारी के बावजूद उनके काम में व्यस्त रहने की छवि पेश करने की कोशिश कर रहा है।

## टेक महिंद्रा का महिंद्रा यूनिवर्सिटी के साथ समझौता ज्ञापन

**नई दिल्ली।** टेक महिंद्रा और महिंद्रा यूनिवर्सिटी ने क्वांटम कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मेटावर्स के क्षेत्र में शोध एवं विकास के लिए एक नई मेकर्स लैब बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सक्रिय टेक महिंद्रा के दुनिया भर में पहले से ही 10 मेकर्स लैब हैं। हैदराबाद स्थित महिंद्रा यूनिवर्सिटी में बनने वाली नई प्रयोगशाला उसकी 11वीं मेकर्स लैब होगी। टेक महिंद्रा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सी पी गुरनानी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उद्योग इस समय क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा सेंटर एवं 5जी तकनीक के आने से बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। इसकी वजह से डेटा विस्फोट जैसी स्थिति पैदा हो रही है जिसमें मेकर्स लैब की जरूरत बढ़ जाती है। महिंद्रा यूनिवर्सिटी के कुलपति याजुलू मेडूरी ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के जरिए उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश की गई है। इससे यूनिवर्सिटी के शिक्षक एवं छात्र उद्योग की जरूरतों के अनुरूप नए समाधान तैयार करने में मदद देंगे। इस मौके पर टेक महिंद्रा की मेकर्स लैब इकाई के वैश्विक प्रमुख निखिल मल्होत्रा ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग में इस समय काफी तीव्र गतिविधियां चल रही हैं और इस साझेदारी से क्वांटन प्रौद्योगिकी की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

## एडीबी ने हिमाचल प्रदेश में पेयजल के लिए कर्ज मंजूर किया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने हिमाचल प्रदेश में सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना के वित्तपोषण के लिए 9.63 करोड़ डॉलर (लगभग 770 करोड़ रुपए) का कर्ज मंजूर किया है। एडीबी ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि यह ऋण हिमाचल प्रदेश ग्रामीण पेयजल सुधार और आजीविका परियोजना के तहत दिया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश की 90 फीसदी से अधिक ग्रामीण आबादी की पेयजल तक पहुंच है लेकिन जलापूर्ति ढांचा पुराना एवं खस्ताहाल है जिससे सेवा की गुणवत्ता खराब रहती है। एडीबी की इस परियोजना के तहत हिमाचल प्रदेश के 75,800 घरों को इस सेवा से जोड़ा जाएगा।

## त्रिपुरा में खुबल गैस क्षेत्र के लिए ओएनजीसी ने किए बिक्री समझौते

**भाषा।** अगरतला

**सार्वजनिक** क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी ने त्रिपुरा के खुबल में विकसित किए जा रहे गैस क्षेत्र के मौद्रीकरण के लिए गेल इंडिया और असम गैस कंपनी लिमिटेड (एजीसीएल) के साथ गैस बिक्री करार किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस बिक्री करार के तहत खुबल गैस गैदरिंग स्टेशन (जीजीएस) से गेल और एजीसीएल को 50,000-50,000 घन मीटर गैस की आपूर्ति की जाएगी। उत्पादन शुरू होने के साथ नॉर्थ त्रिपुरा जिले में स्थित खुबल इस राज्य में ओएनजीसी का दसवां उत्पादन क्षेत्र होगा। खुबल स्टेशन की क्षमता 4,40,000 घन मीटर गैस के प्रसंस्करण की होगी। ओएनजीसी त्रिपुरा में परिसंपत्ति प्रबंधक तरुण मलिक ने कहा, यह न केवल ओएनजीसी, गेल और एजीसीएल के लिए बल्कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों के लिए भी अहम पल है। अब उद्योगों और लोगों के घरों तक अधिक मात्रा में गैस पहुंचेगी। खुबल गैस क्षेत्र से उत्पादन वर्ष 2024 से शुरू होने की उम्मीद है। उस समय तक इंद्रधनुष गैस ग्रिड लाइन (आईजीजीएल) पाइपलाइन भी शुरू हो जाएगी जो पूर्वोत्तर के गैस क्षेत्र के लिए बड़े स्तर की अवसंरचना परियोजना है।

## कोटक महिंद्रा बैंक का पहली तिमाही का लाभ बढ़ा

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा बैंक का वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 26 फीसदी बढ़कर 2,071.15 करोड़ रुपए रहा है। फंसे कर्ज में कमी आने से उसका लाभ बढ़ा है। कोटक महिंद्रा बैंक ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि 2021-22 की समान तिमाही में उसे।,641.92 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था। अप्रैल-जून 2022 तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 8,582.25 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 8,062.81 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन तिमाही में ब्याज से प्राप्त आय बढ़कर 7,338.49 करोड़ रुपए हो गई। पिछले वर्ष अप्रैल-जून में यह 6,479.78 करोड़ रुपए थी। शुद्ध ब्याज आय 19 फीसदी बढ़कर 4,697 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वर्ष अप्रैल-जून तिमाही में 3,942 करोड़ रुपए थी। जून के अंत तक परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में सकल गैर-निष्पादित संपत्तियां (एनपीए) घटकर सकल अग्रिम का 2.24 फीसदी रह गई। 30 जून, 2021 में यह 3.56 फीसदी थीं। शुद्ध एनपीए यानी फंसा कर्ज भी 1.28 फीसदी से घटकर 0.62 फीसदी रह गया।

## पहली तिमाही में आईसीआईसीआई बैंक के शुद्ध लाभ में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत बढ़कर 6,905 करोड़ रुपए हो गया। देश के दूसरे बड़े निजी बैंक ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 4,616 करोड़ रुपए रहा था। वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 28,336.74 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले की इसी तिमाही में 24,379.27 करोड़ रुपए थी। बैंक को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ब्याज से आय भी बढ़कर 23,671.54 करोड़ रुपए हो गई। पिछले साल की समान तिमाही में यह 20,383.41 करोड़ रुपए रही थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में भी बीती तिमाही बैंक के लिए अच्छी साबित हुई। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घटकर कुल ऋण का 3.41 प्रतिशत रह गया जबकि एक साल पहले यह 5.15 प्रतिशत था। इसी तरह शुद्ध एनपीए यानी फंसा हुआ कर्ज भी 1.16 प्रतिशत से घटकर 0.70 प्रतिशत पर आ गया। इसका असर फंसे कर्जों एवं आकस्मिक खर्चों के लिए किए जाने वाले वित्तीय प्रावधानों पर पड़ा। बैंक को पहली तिमाही में इनके लिए।,143.82 करोड़ रुपए का वित्तीय प्रावधान करना पड़ा जबकि पिछले साल की पहली तिमाही में यह राशि 2,851.69 करोड़ रुपए थी। समेकित आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत बढ़कर 7,385 करोड़ रुपए हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 4,616 करोड़ रुपए रहा था।

**पब्लिक नोटिस**
यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि श्री देवेश कुमार का एक आईडी कार्ड 2210165 आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी आईडी कार्ड नंबर 2210165 जो भी व्यक्ति उक्त आईडी कार्ड पाता है, उससे अनुरोध किया जाता है कि वह उक्त आईडी कार्ड को प्रबंधक ऋण सेवा एवं प्रबंधन समूह, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड प्लॉट नं.7,कम्युनिटी सेंटर, एस.डी. टॉवर, सेक्टर 8, नई दिल्ली, दिल्ली 110085 को लौटा दे। इसलिए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को इसके द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे उक्त आईडी कार्ड नंबर 2210165। कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम और जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा।
तिथिः 24-07-2022 आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थानः दिल्ली एस.डी. टॉवर

## सेक्रेटरियों के कलस्टर के नाम पर हुआ खूब खेल

# यहां भी सौदेबाजी और सेटिंग!

● मलाईदार कलस्टर पाने के लिए लगी अधिक बोली ● मनमाफिक फैसले के नाम पर भी सेक्रेटरियों ने लुटाया धन ● लेन-देन के खेल में 22 दिन से विकास कार्य बाधित

**संवाददाता।** बस्ती

**19 ग्राम** पंचायत अधिकारियों और 11 ग्राम विकास अधिकारियों का तबादला हुए लगभग 23 दिन हो रहे है। मगर इन्हें अभी कलस्टर अलाट नहीं किया गया, जिसके चलते एक तरह से अधिकांश ग्राम पंचायतों का विकास कार्य ठप्प पड़ा हुआ, सेक्रेटरियों के अभाव में गांव के लोगों के प्रमाण-पत्र सहित कई अन्य आवष्यक कार्य नहीं हो रहे है। इस मामले में ब्लॉक से लेकर जिला स्तरीय अधिकारी खामोश नजर आ रहे हैं।सूत्र बताते हैं, कि ज्वाइन तो सभी सेक्रेटरियों ने अपने-अपने ब्लाकों में कर लिया, मगर उन्हें अभी तक कलस्टर एलाट नहीं किया गया, यानि ग्राम पंचायत नहीं दिया गया। अभी तक यह तय नहीं हो पाया कि कौन से सेक्रेटरी को कौन सा कलस्टर मिला, प्रधान भी अंसमंजस में पड़े हुए है। वह अलग से अपने पसंद के सेक्रेटरी को लाना चाहते है। जो खबरें छन कर आ रही है, उसमें कलस्टर के नाम पर खूब सौदेबाजी हुई। मलाईदार कलस्टर के लिए सबसे अधिक बोली लगी। यहां तक अपना कलस्टर बचाने के लिए भी सेक्रेटरियों को जेबें ढीली करनी पड़ी। जो तबादला होकर ब्लॉकों में आएं और जो ब्लॉकों में बचे हुए हैं, उन्हें लेकर धन उगाही होने की बातें सामने आ रही है। इस खेल में चार्ज का आदान-प्रदान अभी तक नहीं हुआ। बड़ा कलस्टर यानि मलाईदार ग्राम पंचायतें पाने के लिए अधिक रकम खर्च करनी पड़ी। ब्लॉक से प्रस्ताव उन लोगों का देना था, जो कलस्टर खाली हुए थे।इसमें जो कलस्टर खाली हुआ उसके स्थान पर आने वाले सेक्रेटरी को वह कलस्टर एलाट करना है। इसमें जो कलस्टर खाली हुआ उसके स्थान पर आने वाले सेक्रेटरी को वह कलस्टर एलाट करना है। एक कलस्टर में कहीं चार ग्राम पंचायत तो कहीं पर पांच ग्राम पंचायतें षामिल होती है। डीएम का आदेष है, कि किसी भी सेक्रेटरी को दो कलस्टर से अधिक न एलाट किया जाए। उधर प्रभारी डीपीआरओ/जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने सभी बीडीओ को इस आषय का पत्र लिखा हैं, कि डीएम का आदेष है, कि किसी भी सचिव को दो अधिक कलस्टर न दिया जाए। विषेष/अपरिहार्य स्थित में ही अन्य कलस्टर के परिवर्तन का प्रस्ताव दिया जाए। साथ ही यह भी लिखा है, कि सभी बीडीओ इस आशय का प्रमाण-पत्र देगें कि उन्होंने एक सचिव को दो से अधिक कलस्टर आंवटित नहीं किया है, और स्थानातंरित एवं योगदान करने वाले ग्राम सचिव के कलस्टर के आंवटन के अतिरिक्त अन्य किसी कलस्टर के आंवटन का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है।

## चोर को रंगेहाथ ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

**श्रावस्ती, मल्हीपुर।** थाना मल्हीपुर अंतर्गत ग्राम भयापुरवा के पास नदी तटबन्ध पर रखी गुमटी का कुछ चोर चोरी की नियत से ताला तोड़ रहे थे इस दौरान आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भैया पुरवा गांव के कुछ लोग ककरदरी बूढ़ी राप्ती तटबन्ध पर गुमटी रखकर दुकान चलाते हैं। बीती रात कुछ चोर तीन गुमटियों का ताला तोड़कर परचून का सामान चुरा लिया। चौथी गुमटी का ताला तोड़ते समय आसपास के ग्रमीण पहुँच गए और घेरा बनाकर एक चोर को पकड़ लिया। तथा अन्य भागने में सफ्ल रहे। जिसकी पहचान मैनुद्दीन निवासी मंतुरी थाना मल्हीपुर के रूप में हुई। ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# थाना समाधान दिवस में आधा दर्जन शिकायतें आयीं

**संवाददाता।** जालौन (उरई)


थाना समाधान दिवस में शिकायत सुनते कोतवाल शैलेंद्र सिंह — पायनियर

**कोतवाली** में आयोजित थाना समाधान दिवस में आधा दर्जन शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों को सौंपा गया। कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम राजेश सिंह की अध्यक्षता एवं कोतवाल शैलेंद्र सिंह की उपस्थिति में किया गया। थाना समाधान दिवस में नगर क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी भगवानदीन दोहरे ने खेत की रजिस्ट्री कराने के बाद भी कुछ लोगों पर खेत पर कब्जा नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। छिरिया सलेमपुर निवासी चंद्रप्रकाश ने मौजा दमां में गाटा संख्या 104 खेत पर जाने के लिए बने चकरोड को कुछ किसानों द्वारा अतिक्रमणकर खेत में मिला लेने की शिकायत की। जिससे आगे के खेत के किसान खेतों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। सहाव निवासी संजय कुमार, सतीश कुमार, ओमकार, मनीष कुमार ने गांव के लोगों द्वारा खेत में लगे पत्थर को उखाड़ने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। थाना समाधान दिवस में 6 फरियादियों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंपकर तीन दिन में निस्तारण करने के निर्देश एसडीएम ने दिए।

## क्विक न्यूज

### युवक को गालियां देने से महिला ने रोका तो की मारपीट

**जालौन (उरई)।** घर के बाहर खड़े होकर गालियां दे रहे व्यक्ति को मना करने पर ग्रामीण ने महिला के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी ममता देवी पत्नी शिवनारायण ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही सरनाम उसके घर के बाहर खड़े होकर गाली, गलौज करने लगे। जब उसने बाहर आकर बताया कि घर में महिलाएं और बच्चे हैं इसलिए वह गाली, गलौज न करे। इस बात से नाराज होकर सरनाम ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसने बचाने के लिए चिल्लाया तो आसपास के लोगों का आता देख वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाजार के लिये निकला युवक दो दिनों से लापता

**जालौन (उरई)।** बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला युवक दो दिन से लापता है। दो दिन से लापता पुत्र को लेकर परिवार के लोग परेशान हैं। पीड़ित पिता ने पुत्र के लापता होने की सूचना पुलिस को दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी श्रीराम पांचाल ने पुलिस को बताया कि उनका 22 वर्षीय पुत्र महेश बीती 22 जून दिन शुक्रवार को घर पर था। दोपहर करीब 12 बजे वह घर से जालौन में बाजार जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह जब देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटा। तो उसके मोबाइल पर संपर्क करना चाहा लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफमिला। जिसके बाद उसकी तलाश शुरू की। लेकिन सभी जगहों और दोस्तों के यहां पता लगाने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित पिता ने पुलिस से उसके पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

### मकान के आगे चबूतरा निर्माण को लेकर दो पक्षों में टकराव

**जालौन (उरई)।** मकान के आगे चबूतरा बनाकर कब्जा करने से रास्ते की चौड़ाई कम हो गई है। चबूतरा हटाने की बात कहने पर आरोपी लड़ाई झगड़े पर आमादा है। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में देकर चबूतरा हटवाने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी कमला देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी ने अपने मकान के आगे चबूतरा बना लिया है। चबूतरा बनाए जाने से आम रास्ते पर अतिक्रमण हो गया है। जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कत होती है। जब उन्होंने पड़ोसी को चबूतरा हटाने के लिए कहा तो वह लड़ाई झगड़े पर आमादा हैं। गाली, गलौज कर मारपीट की धमकी देते हैं। पीड़िता का आरोप है कि पूर्व में भी उसने शिकायत की थी। जिस पर पड़ोसी को चबूतरा हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी वह चबूतरा नहीं हटा रहे हैं। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। पीड़िता ने पुलिस से चबूतरा हटवाने की मांग की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### समाधान दिवस में तीन थानों में आईं 21 शिकायतें

**कोंच (जालौन)।** आम लोगों की समस्याओं, खासतौर पर राजस्व से जुड़ीं समस्याओं और शिकायतों को प्रभावी ढंग से निपटाने के लिए चलाए जा रहे थाना समाधान दिवस में शनिवार को सर्किल के तीन थानों में 21 समस्याएं आईं जिनमें से कुछ ही शिकायतों का मौके पर समाधान हो सका जबकि शेष शिकायतों के निराकरण के लिए टीमों का गठन कर दिया गया जो मौकों पर जाकर उनका यथोचित निस्तारण करेंगी। कोतवाली में समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही ने अधीनस्थों को हिदायत दी कि लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समय के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में 13 शिकायतें आईं जिनमें कुछ शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह, एसएसआई आनंद कुमार, सदर लेखपाल अखिलेश कुशवाहा, लेखपाल नरेंद्र सिंह,आरती निरंजन,नगर पालिका लिपिक जीवनलाल, विधुत विभाग से महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। थाना कैलिया में थानाध्यक्ष रविन्द्र नाथ यादव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 2 शिकायतें आईं। उधर, नदीगांव थाने में थानाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार पटेल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 6 शिकायतें आईं।

### आज कोंच आएंगे विहिप के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व मंत्री

**कोंच (जालौन)।** विश्व हिंदू परिषद के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष महंत गुरुप्रसाद शर्मा और जिला मंत्री आचार्य तेजस आज 24 जुलाई रविवार को कोंच आकर संगठन के लोगों से बातचीत करेंगे। विहिप के निवर्तमान नगर अध्यक्ष साकेत शांडिल्य ने बताया कि चूंकि नियुक्ति के बाद दोनों पदाधिकारी पहली बार कोंच आ रहे हैं इसलिए संगठन के स्थानीय कार्यकर्ताओं की योजना उनका स्वागत सम्मान करने की है जिसके लिए माई होम स्कूल में रविवार शाम 3 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहां जिलाध्यक्ष व मंत्री पत्रकारों से वार्ता भी करेंगे।

### फोन पर अभद्रता किये जाने से परेशान महिला ने की शिकायत

**कोंच (जालौन)।** मोबाईल फोन पर कॉल कर अनजान युवक द्वारा लगातार अभद्रता किये जाने से परेशान महिला ने पुलिस से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। मुहल्ला आराजी लेन निवासी विधवा महिला हेमलता पत्नी स्व चंद्रशेखर जाटव ने शनिवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पति की मृत्यु हो जाने के चलते बच्चों को पालने के लिए वह नगर में स्थित कपड़ों की एक दुकान पर काम करती है।बीते कई दिनों से उसके मोबाइल फोन पर कोई अनजान व्यक्ति कॉल कर उसके साथ अभद्रता कर रहा है जिससे वह अपने बच्चों सहित काफी परेशान है और उसके जीवन को डर है। पीड़ित हेमलता ने उक्त अनजान व्यक्ति के खिलाफकार्यवाही किये जाने की गुहार पुलिस से लगाई है।

### ईश्वर प्राप्ति के लिये मन में विश्वास व लगन होनी चाहिए: अरविंद

**जालौन (उरई)।** ईश्वर को प्राप्ति करने के लिये मन में विश्वास और लगन होनी चाहिए। ऐसे भक्तों को निश्चित ही ईश्वर की कृपा प्राप्त होगी। यह बात क्षेत्रीय ग्राम उदोतपुरा में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन की कथा व्यास ने उपस्थित श्रोताओं के समक्ष कही। क्षेत्रीय ग्राम उदोतपुरा में हनुमानजी मंदिर श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित अरविंद ब्रह्मचारी ने श्रोताओं को ध्रुव और प्रहलाद की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि मन में विश्वास और मंजिल तक पहुचने की लगन हो तो मंजिल निश्चित ही प्राप्त होती है। जैसे प्रहलाद को ईश्वर से मिलने की लगन और विश्वास था उनके विश्वास ने ही प्रहलाद को ईश्वर की प्राप्ति करा दी।

### सनाढ्य सभा की कार्यकारिणी हुई गठित

**कोंच(जालौन)।** सनाढ्य सभा की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को अध्यक्ष और मंत्री ने कर दी है। उक्त कार्यकारिणी में ज्यादातर युवाओं को तरजीह दी गई है जबकि बुजुर्गों को संरक्षक मंडल में रखा गया है। सनाढ्य सभा के अध्यक्ष महेश तिवारी पिरौना व मंत्री गणेशप्रसाद बुधौलिया ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि उपाध्यक्ष गीतेश उदैनिया, उपमंत्री जितेंद्र भारद्वाज, कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर शुक्ला, ऑडीटर सुशील दूरवार मिरकू महाराज को बनाया गया है।

## फिर चला बीडीए के सचिव का चाबुक

**संवाददाता।** बस्ती

**दो दिन** पहले आठ अवैध निर्माण करने वाले भवन स्वामियों पर 50-50 हजार जुर्माना लगाने के बाद षनिवार को बीडीए के संचिव गुलाब चंद्र ने 14 अवैध भवनों को सील करने का निर्देष अधिषाषी अभियंता को दिया है। इनमें पटेल चौक के पास मनोज चौधरी, गदहाखोर राजन डिग्री कालेज के पास संजय, बरगदवा कृष्णा मिषन ढ़ोरिका प्रमोद त्रिपाठी, बड़ेबन चौराहा के पास अनीता, षक्तिनगर बादषाह टाकीज के पीछे तिलकराम गौतम, खीरीघाट में सत्येंद्र बहादुर पाल पुत्र ज्ञानेंद्र बहादुरपाल, अमहट उर्फ बैरिहवां में बृजलाल पुत्र जसई, बरगदवा श्रीकृषणा मिषन उमेषचंद्र पांडेय, मड़वानगर मीरा अस्पताल के पास दिनेष कुमार, हरदिया चौराहा बांसी रोड अमरेंद्र प्रताप सिंह, मड़वानगर मीरा अस्पताल के पास षिवपूजन पुत्र सर्वजीत चौधरी, मड़वानगर डिडौहा पिंटू, मड़वानगर मीरा अस्पताल के पास हरि प्रसाद षुक्ल एवं महर्षि स्कूल रोड मड़वानगर बाल मुकुंद का भवन षामिल है। लोगों का कहना हैं, कि जब से एसडीएम गुलाब चंद्र ने बीडीए के सचिव के रुप में कामकोज संभाला तब से कार्रवाई दिखने लगा। अवैध निर्माण को सील करने से लेकर जुर्माना लगाने तक के मामले बढ़ने लगे, जिसके चलते बीडीए की आय तो बड़ी ही साथ पुरानी साख वापस आ गई। सुस्त चाल से चल रहे बीडीए के लोग नए सचिव की तेजी और ईमानदारी को देख हैरान हैं। कईयों की तो दुकाने तक बंद हो चुकी। लूटखसोट बंद हो गया। सचिव ने बताया कि अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने आवासीय एवं व्यवासायिक भवन निर्माण कराने वालों को सलाह दी हैं, किवे किसी के बहकावे में न आए और बिना मानचित्र स्वीकृति कराए निर्माण न करें, नही तो कार्रवाई झेलनी पड़ेगी।

# डीएम व एसपी ने समाधान दिवस में आये फरियादियों की सुनीं शिकायतें

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**शासन** के मंशानुरूप समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और उसका समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर.उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उक्त विचार थाना मल्हीपुर में आयोजित समाधान दिवसध्थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त की उन्होंने कहा कि थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाएए ताकि फरियादियों को बार.बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर.उधर भटकना न इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी.बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय.सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाएए ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने पावे। इस अवसर पर प्रशिक्षु आई0ई0एस0 सुश्री आरूषी गुप्ताए तहसीलदार जमुनहा मोहम्मद अहमद फरीद खानए थानाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंहए राजस्व निरीक्षकगणए लेखपालगण सहित फरियादीगण उपस्थित रहे।

## लालापुर के जंगल से रैपुरा पुलिस को मिला युवक का शव

**चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थानांतर्गत लालापुर के जंगल मे बीती शाम पुलिस को एक युवक की क्षत-विक्षत लाश मिली। मौके पर मौजूद क्षेत्राधिकारी राजापुर शिवप्रकाश सोनकर और थानाध्यक्ष रैपुरा नागेंद्र नागर ने टीम समेत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। फिलहाल अभी तक शव की स्पष्ट शिनाख्त नहीं हो सकी। लाश के पास से मिले मोबाइल के आधार पर पुलिस शव की शिनाख्त करेगी। सूत्रों की माने तो शव राजापुर थानांतर्गत रगौली गांव के रहने वाले सुमेर निषाद (20) पुत्र बच्चा निषाद का है। जिसकी चार दिन पूर्व ही आशनाई के चक्कर मे हत्या कर दी गई हैं। बीते तीन दिनों से युवक के परिजन राजापुर थाने के चक्कर काट रहे थे तथा युवक के हत्या की आशंका जता रहे थे। सुमेर बीते सप्ताह परदेश से गांव लौटा था। जिसका मुहल्ले की ही एक अनुसूचित जाति की युवती से प्रेम सम्बन्ध था।

# डंपर की चपेट में आकर महिला की हुई मौत

**संवाददाता।** कोंच(जालौन)।

**अब जानलेवा साबित हो रही निर्माण होने से रुकी पड़ी सड़क**

**कोंच।** पंचानन चौराहे से जालौन जाने की मुख्य सड़क करीब आधा किमी गिट्टीयुक्त पड़ी हुई है जबकि इससे ठीक आगे की ओर करीब 3 से 4 किमी की सीसी सड़क एक साइड(लेन) ही बन सकी है जिसके चलते एक ही संकरी साइड से वाहनों का आना जाना बीते कई माह से जारी है जिसके चलते आये दिन जानलेवा दुर्घटनाएं घटित हो रहीं हैं।और इस महत्वपूर्ण समस्या पर किसी का कोई ध्यान नहीं जा रहा है जिससे लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

**नगर के** पंचानन चौराहे के समीप बेकाबू डम्फर की चपेट में आकर एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक व हेल्पर को हिरासत में ले लिया और मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद झाँसी के मोंठ थाना क्षेत्र के ग्राम पथर्रा निवासी ग्याप्रसाद कुशवाहा की 35 वर्षीय पत्नी दुर्गा देवी शनिवार को थाना पंडोखर के ग्राम लहार हवेली स्थित अपने मायके से अपने पिता मंगल सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर जालौन स्थित एक चिकित्सक से दवा लेने जा रही थी। बाइक गांव का ही युवक आलोक पुत्र रामदास चला रहा था। सुबह करीब 9 बजे कोंच नगर के पंचानन चौराहे से आगे सूरज ज्ञान कॉलिज के समीप जैसे ही उसकी बाइक पहुंची तभी सामने से जालौन के रास्ते आ रहे बेकाबू डम्फर यूपी 93 बीटी 5001 से बाइक की जोरदार भिंडन्त हो गई जिसके चलते सड़क पर गिरने से दुर्गा देवी का सिर फट गया और तीव्र रक्त स्त्राव होने लगा।सड़क पर गिरने से मंगल सिंह व आलोक भी चुटहिल हो गये। वहीं मौके से गुजर रहे तमाम राहगीरों की भीड़ लग गई और राहगीरों ने एम्बुलेंस को फोन लगाया लेकिन काफी देर के बाद भी एम्बुलेंस मौके नहीं पहुंची जिसके बाद पीआरबी 1603 के प्रभारी कमलेश पाल घटनास्थल पर पहुंचे और गंभीर हालत में सड़क पर पड़ी दुर्गा देवी सहित मंगल सिंह व आलोक को सीएचसी लेकर गये।सीएचसी में चिकित्सकों ने दुर्गा देवी को मृत घोषित कर दिया।क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह, एसएसआई आनंद कुमार, मंडी चौकी प्रभारी सर्वेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने डम्फर के चालक व हेल्पर को हिरासत में ले लिया जबकि डम्फर चौकी में खड़ा करा दिया।पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना देकर बुला लिया जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के 2 छोटे बच्चे हैं।

## शादी में लगवाये टेंट और सामान का किराया नहीं दिया

**जालौन ( उरई )।** शादी में टैंट का सामान लेने के बाद किराए के रुपये नहीं दे रहा है। कुछ सामान भी वापस नहीं लौटाया है। टैंट संचालक ने कोतवाली में तहरीर देकर सामान व रुपये वापस दिलाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरली मनोहर निवासी कौशल किशोर ने पुलिस को बताया कि वह तकिया मैदान के पास टैंट हाउस की दुकान किए है। बीती 9 मई को मोहल्ला खटीकान निवासी माखन के यहां शादी होने के चलते उन्होंने टैंट का सामान किराए पर लिया था। जिसका किराया 5000 रुपये तय हुआ था। जिसमें उसने पेशगी के तौर पर 500 रुपये दिए थे। शादी के बाद जब उसने माखन से बकाया 4500 रुपये मांगे तो उन्होंने शादी में रुपये खर्च होने के चलते कुछ दिन बाद रुपये देने की बात कही। तबसे वह कई बार बहाने बनाकर उन्हें एक दो दिन में रुपये देने की बात कहता रहा।

# शिक्षक संघ ने मीटिंग कर शिक्षकों की समस्याओं पर किया चिंतन

**कोंच ( जालौन )।** नदीगांव ब्लॉक शिक्षक संघ की बैठक में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत वाजपेयी ने कहा कि शिक्षक हित सर्वोपरि है लेकिन ऐसे विभागीय आदेश जिनमें छात्र का भविष्य सन्निहित है, को पहला कर्तव्य मानकर सभी शिक्षक साथी अनिवार्य रूप से अनुपालित करें जिससे शिक्षक और शिक्षा विभाग का तालमेल बना रहे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विकास खंड नदीगांव की आवश्यक बैठक बीआरसी कनासी पर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत वाजपेयी की अध्यक्षता एवं ब्लॉक मंत्री डॉक्टर हरपाल यादव के संचालन में संपन्न हुई। ब्लॉक अध्यक्ष वाजपेयी ने कहा, वर्तमान समय में जिन गतिविधियों को बेसिक शिक्षा का अंग बनाया गया है उनमें यदि एक दिन भी पिछड़े तो समझो बात हाथ से गई इसलिए आज की गतिविधि आज ही करो। बैठक में ब्लॉक इकाई नदीगांव द्वारा शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन अगस्त के प्रथम सप्ताह में होना तय हुआ जिसके लिए कार्यक्रम प्रभारी ओमप्रकाश पटेल, राजीव शुक्ला, नीरज अग्रवाल, रामराजा जादौन, अभिषेक, हर्षबर्धन गोस्वामी को बनाया गया। इसके साथ ही ब्लॉक शिक्षक संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेमचंद्र निरंजन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेशचंद्र निरंजन एवं ब्लॉक मंत्री डॉ. हरपाल यादव को अतिरिक्त कार्यों के निर्वहन की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक के बाद एक ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी नदीगांव को सौंपा गया जिसमें डीबीटी कार्य में किसी शिक्षक का वेतन न रोकने, निरीक्षण के समय अवकाश पर गए शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही न करने एवं महिला अध्यापिकाओं को बाल्यपाल अवकाश समय पर प्रदान करने का अनुरोध किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी को संगठन ने आश्वसन दिया कि विभागीय आदेशों के अनुपालन में आ रही समस्याओं के निराकरण में पूरा सहयोग किया जायेगा।

## 36.72 लाख पौध लगाने की निकली हवा

● कागजों में रोपित हो गए लाखों पौधह्य जीजीआईसी में दर्जनों सड़ रहे हैं

**संवाददाता।** बस्ती


जीजीआईसी कालेज में सूखते पौध

**हर** साल जिले में पौध रोपण के लिए बृहत्त अभियान चलाया जाता है। देखा जाए तो पौध लगाने का हर साल जिले में एक नया रिकार्ड बनाया जाता है। 22-23 में भी 36.72 लाख पौध रोपित करने की योजना बनी। इसकी षुरुआत मंडल प्रभारी मंत्री बेबीरानी मौर्या ने जिले में पांच जुलाई को एक साथ 26.26 लाख पौध रोपित करके किया। रिकार्ड के मुताबिक जिले के क्षेत्रफ्ल से अधिक कागजों में पौध रोपित किया जा चुका है। वन विभाग के मुताबिक 100 फीसद पौध जीवित है। यानि एक भी पौध मरा नहीं हैं, अगर नहीं मरा तो कहां हैं, पौधे। वैसे पर पौध रोपण के मामले में सरकार पर धन की बर्बादी करने का आरोप लगता रहा है। पौध रोपण के अभियान के सच को अगर देखना हो तो जीजीआईसी कालेज चले जाए, वहां पर सैकेड़ों की संख्या में सागौन के ऐसे पौध मिल जाएगें, जो सूख चुके हैं, जो रोपित होने से पहले ही मर चुका है, पत्तियां सूख चुकी है। इसे संरक्षित करने की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिले में जो 36.72 लाख पौध रोपण की योजना है, उनमें पांच जुलाई को एक ही दिन में 26.26 लाख, छह जुलाई को 2.62 लाख, सात जुलाई को 2.62 लाख सहित कुल अब तक 31.50 लाख पौध रोपित हो चुका है। अवषेष 5.22 लाख पौध 15 अगस्त के दिन होगा।

# सड़क निर्माण न होने पर होगा धरना-प्रदर्शन

**संवाददाता।** चित्रकूट



**कसहाई** के रामकृपाल पुरवा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया। बस्ती में बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पाती है। समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो पुरवा की डेढ़ सौ आबादी कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेगी। शनिवार को प्रदर्शन में बुधिया देवी ने बताया कि यह सड़क शासन द्वारा कई बार पास की जा चुकी है, लेकिन गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा इस रोड को नहीं बनने दिया जा रहा है। रोड न बनने से वहां के बच्चों को पढ़ने आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। माया देवी ने बताया कि इस समस्या के चलते कई बीमार लोगों की मौत हो चुकी है। उनको समय से इलाज नहीं मिला। यहां से ले जाने के लिए गांव तक साधन नहीं आ पाते। बीमार गांव में ही दम तोड़ देते हैं। इस संबंध में कई बार थाना दिवस तहसील दिवस में शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। वहां के ग्रामीणों ने कहा कि कुछ हमारे पुरवा के बच्चों की शादी तक नहीं हुई है। जो लोग देखने आते हैं। वह रोड की दशा देख वापस हो जाते हैं, कि हम अपनी लड़की की शादी यहां नहीं करेंगे जहां से आने जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। बस्ती के विजय कुमार ने कहा कि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो पुरवा की डेढ़ सौ आबादी कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेगी। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी कुं बहादुर सिंह ने कहा कि मामले की तफ्तीश कराकर सड़क निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लेखपाल-कानूनगो को आदेशित किया गया है। वह मौके में जाकर जांच कर आख्या प्रस्तुत करेंगे। इस मौके पर इंद्र कुमार, रामफ्ल, वीरेंद्र कुमार, दशरथ, हरिश्चंद्र, ओमप्रकाश, रामविशाल, सोनिया, बुधिया, चुनरी, किरण, ममता, प्रदीप, महेश, रमेश, राजरानी, बच्ची, राधेश्याम, कल्लू, जय आदि मौजूद रहे।

# नीरज की अगुआई में एथलीट सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करेंगे

## ● दिल्ली राष्ट्रमंडल के बाद फिर जोर दिखायेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल** खेलों में सभी की निगाहें ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा के प्रदर्शन पर लगी होंगी लेकिन मुरली श्रीशंकर और अविनाश साबले भी पदक के मजबूत दावेदारों में शामिल हैं जिससे भारतीय एथलेटिक्स टीम की निगाहें बर्मिंघम में आगामी चरण में घरेलू सरजमीं के बाहर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर लगी होंगी। महिला भाला फेंक एथलीट अनु रानी और 38 साल की अनुभवी चक्का फेंक एथलीट सीमा अंतिल (राष्ट्रमंडल खेलों में तीन रजत और एक कांस्य) पोडियम स्थान हासिल कर सकती हैं जबकि भारत के पुरूष त्रिकूद स्पर्धा में एक से ज्यादा पदक जीतने की उम्मीद है। कई विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के आने से भारत 28 जुलाई से आठ अगस्त तक चलने वाले खेलों में आधा दर्जन पदकों की उम्मीद लगाए होगा। देश का एथलेटिक्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिल्ली 2010 राष्ट्रमंडल खेलों में रहा है जिसमें दो स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा के खाते में रहे थे। उस प्रदर्शन की बराबरी करना हालांकि निश्चित रूप से मुश्किल होगा लेकिन भारतीय अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश में होंगे। अभी तक भारतीय एथलेटिक्स दल का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2014 और 2018 के चरण में रहा है जिसमें उन्होंने तीन पदक (एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य) जीते थे। अमेरिका के यूजीन में चल रही विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचे सभी छह भारतीय इसके बाद सीधे बर्मिंघम पहुंचेंगे। देश के नाम अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धा में 28 पदक (पांच स्वर्ण, 10 रजत और 13 कांस्य) हैं जिसमें महान एथलीट मिल्खा सिंह ने 1958 में पुरूषों की 440 यार्ड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। सेकर धनलक्ष्मी और ऐश्वर्या बाबू को डोपिंग जांच में विफल आने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। लेकिन धनलक्ष्मी की अनुपस्थिति से



महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम पर असर पड़ेगा, हालांकि इंग्लैंड, जमैका, कनाडा और आस्ट्रेलिया की मौजूदगी से भारत प्रबल दावेदारों में शामिल नहीं है। लंबी कूद की एथलीट ऐश्वर्या पदक (कांस्य पदक) दावेदारों में शामिल हो सकती थीं क्योंकि पिछले महीने राष्ट्रीय अंतरराज्ईय चैम्पियनशिप में उन्होंने 14.14 मीटर की कूद लगाई थी। गत चैम्पियन चोपड़ा को हालांकि स्वर्ण पदक के लिए निश्चित दावेदार नहीं हैं क्योंकि उन्हें पहले स्थान के लिए ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से चुनौती मिलेगी। पीटर्स 2018 गोल्ड कोस्ट खेलों में 82.20 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से तीसरे स्थान पर रहे थे जबकि चोपड़ा ने 86.47 मीटर से स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन इसके बाद पीटर्स ने 2019 विश्व चैम्पियनशिप जीती और इस साल तीन बार 90 से ज्यादा मीटर की दूरी के थ्रो कर चुके हैं। चोपड़ा ने दो बार पीटर्स को पछाड़ा है जबकि ग्रेनाडा का यह 24 साल का एथलीट इस साल तीन प्रतियोगिताओं में एक बार ही भारतीय पर भारी पड़ा है। भारत पुरूष भाला फेंक स्पर्धा में दो पदक जीत सकता है क्योंकि 2012 ओलंपिक चैम्पियन केशोर्ण वॉलकॉट इस सत्र में जूझ रहे हैं। भारत के डीपी मनु और रोहित यादव राष्ट्रमंडल एथलीटों में सत्र की सूची में अगले खिलाड़ी हैं। रोहित यादव तो चोपड़ा के साथ विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में भी पहुंचे हैं। मनु ने पिछले महीने 84.35 मीटर दूर भाला फेंककर राष्ट्रीय अंतरराज्ईय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था जबकि रोहित ने पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। श्रीशंकर बर्मिंघम में पदक जीतने के प्रबल दावेदार हैं जो विश्व चैम्पियनशिप में दावेदारों में शामिल थे लेकिन 7.99 मीटर की कूद से सातवें स्थान पर रहे। विश्व चैम्पियनशिप की निराशा उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने के लिए प्रेरित कर सकती है। अन्य लंबी कूद के भारतीय मोहम्मद अनीस याहिया भी पदक की दौड़ में हो सकते हैं, अगर वह 8 मीटर की कूद लगा लें जो वह इस सत्र में पांच बार कर चुके हैं जिसमें मार्च में उन्होंने 8.15 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई। वहीं साबले को 3000 मीटर स्टीपलचेज में शीर्ष स्थान के लिए फिर से कीनिया के विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता कोंसेसलस किप्रूतो और अब्राहम किबिवोट से चुनौती मिलेगी। भारत के तीन त्रिकूद एथलीट प्रवीण चित्रावेल, अब्दुल्ला अबूबाकर और एल्डोस पॉल भी इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अनु रानी लगातार दूसरी बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने के बाद बर्मिंघम में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आत्मविश्वास से भरी होंगी। महिला चक्का फेंक स्पर्धा से भी भारत को सीमा अंतिल और नवजीत कौर ढिल्लों से दो पदक मिल सकते हैं जो 2018 चरण में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीतने में सफल रही थीं। अंतिल अपने पांचवें पदक की ओर बढ़ रही हैं। वह राष्ट्रमंडल खेलों से कभी भी खाली हाथ नहीं आई हैं, हालांकि इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 57.09 मीटर का ही रहा है। नवजीत ने इस साल 60 मीटर दूरी तक चक्का नहीं फेंका है, उनका सर्वश्रेष्ठ 58.03 मीटर मई में आया था। मैराथन रेस में भारत के नितेंदर रावत हिस्सा लेंगे जो 30 जुलाई को होगी जबकि अन्य ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएं दो से सात अगस्त को होंगी।

### राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के दिलचस्प तथ्य

1. राष्ट्रमंडल खेलो मे भारत के पहले पदक विजेता पहलवान राशिद अनवर थे जिन्होंने लंदन मे 1934 चरण मे कांस्य पदक जीता था। भारत ने इन खेलों में पहली बार हिस्सा लिया था।
2. 1934 राष्ट्रमंडल खेलो में भारत के केवल छह खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया था।
3. भारत के छह सदस्ईय दल ने 1934 राष्ट्रमंडल खेलो की केवल एथलेटिक्स और कुश्ती स्पर्धा में हिस्सा लिया था।
4. आजादी के बाद भारत को राष्ट्रमंडल खेलो मे पहला स्वर्ण पदक जीतने के लिए 1958 तक इंतजार करना पड़ा था, तब महान एथलीट मिल्खा सिंह ने कार्डिफ मे पीला तमगा जीता था।
5. अमी घीया और कंवल ठाकर सिंह की जोड़ी राष्ट्रमंडल खेलो मे पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिलाएं बनी थी जिन्होने कनाडा के एडमंटन मे 1978 के चरण मे कांस्य पदक जीता था।
6. चक्का फेंक खिलाड़ी कृष्णा पूनिया ने मिल्खा सिंह की ऐतिहासिक उपलब्धि के 52 साल बाद दिल्ली में 2010 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को एथलेटिक्स में दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया था।
7. निशानेबाज रूपा उन्नीकृष्णन ने कुआलालंपुर में 1998 चरण के दौरान महिला 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रच दिया था।
8. अब तक भारत ने राष्ट्रमंडल खेलो के इतिहास में कुल 503 पदक जीते है।
9. भारत राष्ट्रमंडल खेलो में केवल दो बार खाली हाथ लौटा है जिसमें 1938 (सिडनी) और 1954 (वैंकुवर) खेल शामिल है।
10. दिल्ली ने एडमंटन को 46-22 के अंतर से हराकर 2010 राष्ट्रमंडल खेलो के मेजबानी अधिकार हासिल किए थे।
11. बीआर चोपड़ा की महाभारत में काम करने वाले दिवंगत अभिनेता प्रवीण कुमार सोबती ने जमैका के किंग्स्टन में 1966 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए पदक जीता था। उन्होंने पुरूष हैमर थ्रो मे रजत पदक जीता था।
12. भारत 2002 चरण के बाद से कभी भी पदक तालिका मे शीर्ष पांच से बाहर नही रहा।
13. चक्का फेंक एथलीट रंजीत कुमार 2006 चरण के दौरान कांस्य पदक जीतने से राष्ट्रमंडल खेलो का पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा एथलीट बन गए।
14. राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक के सबसे सफल भारतीय एथलीट निशानेबाज जसपाल राणा है जिन्होंने 15 पदक जीते है।
15. भारत का 322 सदस्ईय मजबूत दल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो मे हिस्सा लेगा। देश का सबसे बड़ा दल 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलो में था जिसमे कुल 495 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

### बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय ओलंपिक संघ का प्रतिनिधत्व करेंगे आनन्देश्वर

**लखनऊ।** भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव आनन्देश्वर पाण्डेय बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में भारतीय ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल होंगे। इसी के साथ डाॅआनन्देश्वर पाण्डेय कामनवेल्थ गेम्स फेडरेशन की बैठक में आईओए का प्रतिनिधित्व करेंगे। कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए रवानगी से पूर्व शनिवार को लखनऊ ओलंपिक संघ ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में पाण्डेय का अभिनंदन व विदाई समारोह आयोजित किया। लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में भाग ले रहे भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की।

### पेरा ने कोंटावेट को हराकर हैम्बर्ग ओपन जीता

**हैम्बर्ग (जर्मनी)।** अमेरिकी खिलाड़ी बर्नार्डा पेरा ने शीर्ष वरीय एनेट कोंटावेट को हराकर उलटफेर करते हुए हैम्बर्ग टेनिस ओपन खिताब अपने नाम किया जो उनकी सात दिन में दूसरी ट्राफी है। रैंकिंग में 81वें स्थान पर काबिज पेरा ने पिछले हफ्ते बुडापेस्ट में अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीता था। उन्होने फाइनल मे दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कोंटावेट को 6-2, 6-4 से हराकर खिताब जीता। पुरूषों के वर्ग के सेमीफाइनल मे लोरेंजो मुसेटी का सामना फ्रांसिस्को सेरूंडोलो से होगा जबकि कार्लोस अल्काराज की भिड़ंत एलेक्स मोलकान से होगी।

### सौ टेस्ट खेलने वाले छठे श्रीलंकाई खिलाड़ी बनेंगे मैथ्यूज

**गॉल।** पाकिस्तान के खिलाफ 22 वर्ष की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले एंजेलो मैथ्यूज तेरह साल बाद सौ टेस्ट खेलने वाले छठे श्रीलंकाई क्रिकेटर बनने जा रहे है। उन्होंने पहला टेस्ट भी इसी मैदान पर इसी टीम के खिलाफ खेला था। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट रविवार से शुरू होगा। पिछले दो साल में मैथ्यूज सीमित ओवरों की टीम में अपना स्थान खो चुके हैं लेकिन टेस्ट टीम में प्रमुख खिलाड़ी है।

### आईओए, गुजरात सरकार और राज्य ओलंपिक इकाई ने समझौता किया

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इस साल 36वें राष्ट्रीय खेलों के संयुक्त आयोजन के लिए गुजरात सरकार और राज्य ओलंपिक निकाय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस अवसर पर राज्य के दो गौरवपूर्ण प्रतीकों सरदार वल्लभभाई पटेल की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और गिर एशियाई शेर को दर्शाने वाला एक लोगो (प्रतीक चिन्ह) भी जारी किया गया। इस मौके पर आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना, महासचिव राजीव मेहता, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, राज्य के खेल मंत्री हर्ष सांघवी और गुजरात ओलंपिक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सोलंकी मौजूद थे।

### भारत ने सैफ अंडर–20 चैम्पियनशिप के लिए टीम की घोषणा की

**भुवनेश्वर।** भारतीय अंडर-20 फुटबॉल टीम के मुख्य कोच शनमुगम वेंकटेश ने शनिवार को यहां आगामी सैफ (दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ) अंडर-20 चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्ईय टीम की घोषणा की। टीम इस टूर्नामेंट में बुधवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

# धवन की नजर श्रृंखला में बढ़त लेने पर

## ● मध्यक्रम की समस्याओं का निदान कर वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा मैच जीतना चाहेगा भारत

**भाषा।** पोर्ट ऑफ स्पेन



**भारतीय टीम** रविवार को जब दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज से भिड़ेगी तो कार्यवाहक कप्तान शिखर धवन फिर दूसरी कतार में खड़े खिलाड़ियों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे ताकि तीन मैचों की श्रृंखला उनके नाम हो जाए। भारतीय टीम ने पहला वनडे तीन रन से जीता था और एक और जीत से भारत कैरेबियाई सरजमीं पर लगातार दूसरी वनडे श्रृंखला जीत लेगा।भारतीय टीम ने शुक्रवार को पहले वनडे में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया और तीन मैचों की श्रृंखला में।-0 से बढ़त बनाई जिसमें धवन और वापसी करने वाले शुभमन गिल के बीच आक्रामक सलामी साझेदारी तथा मोहम्मद सिराज का अनुभवी मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में गेंदबाजी आक्रमण की सुघड़ता से अगुआई करना शामिल हैं। गिल 19 से ज्यादा महीने के समय बाद वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं और उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाकर 64 रन से अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन पर तरजीह देकर चुने गए गिल जब क्वींस पार्क ओवल की पिच पर बल्लेबाजी कर रहे थे तो यह काफी आसान दिख रही थी जबकि ज्यादातर खिलाड़ी इस पर जूझते दिख रहे थे। पूरी पारी के दौरान उन्होंने जितनी गेंद खेलीं, उतने ही रन जुटाए और छह बाउंड्री के अलावा दो छक्के भी लगाए। पर उनकी पारी का अंत रन आउट से हुआ। अब गिल पर निर्भर करता है कि वह शानदार शुरूआत को बड़ी पारियों में बदल पाते हैं या नहीं। और वह टीम में अपना स्थान पक्का करने के लिए निश्चित रूप से ऐसा करना चाहेंगे। धवन ने भी दूसरे जोड़ीदार की भूमिका बेहतरीन ढंग से निभाई, उन्होंने और गिल ने 106 गेंद में 119 रन की साझेदारी बनाई। लेकिन सीनियर बल्लेबाज अपने 18वें शतक से चूक गया। श्रेयस अय्यर ने भी अर्धशतक जमाकर फॉर्म में वापसी की जिससे भारतीय टीम में शीर्ष तीन खिलाड़ियों ने परफेक्ट शुरूआत दिलाई। लेकिन मध्यक्रम के लड़खड़ाने से भारतीय टीम सात विकेट पर 308 रन ही बना सकी जबकि एक समय वह 350 रन से आगे पहुंचने की ओर बढ़ रही थी। मध्यक्रम में संजू सैमसन एक बार फिर इस स्तर पर मिले मौके का इस्तेमाल करने में विफल रहे, उन्होंने 18 गेंद में 12 रन बनाए।

### पहले वनडे में भारत ने रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज को तीन रन से हराया

**पोर्ट आफ स्पेन।** शुभमन गिल और शिखर धवन की शतकीय साझेदारी के बाद अपने गेंदबाजो के उम्दा प्रदर्शन के दम पर भारत ने आखिरी गेंद तक खिंचे बेहद रोमांचक पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच मे वेस्टइंडीज को तीन रन से हरा दिया। गिल के 64 और कप्तान धवन के 97 रन की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 308 रन बनाए। जवाब मे कैरेबियाई टीम ने 50 ओवर मे छह विकेट पर 305 रन बनाए। आखिरी ओवर मे उसे जीत के लिए 15 रन की जरूरत थी लेकिन वह तीन रन से चूक गई। पहला विकेट 16 रन पर गिरने के बाद वेस्टइंडीज के लिए शामार ब्रूक्स और काइल मायर्स ने 117 रन की साझेदारी की। दिसंबर 2020 के बाद पहला वनडे खेल रहे गिल ने 52 गेंद में 64 रन बनाए जबकि धवन ने 99 गेंद मे 97 रन की पारी खेली। मायर्स ने 68 गेंद मे 75 और ब्रूक्स ने 61 गेंद मे 48 रन बनाए। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने दोनो को पवेलियन भेजकर वेस्टइंडीज की राह मुश्किल की। ब्रेंडन किंग ने 54 रन की पारी खेली लेकिन कप्तान निकोलस पूरन 25 रन ही बना सको छह विकेट 252 रन पर गिरने के बाद सातवे विकेट की अटूट साझेदारी मे अकील हुसैन (32) और रोमारियो शेफर्ड (38) 53 रन जोड़े लेकिन टीम को जीत तक नही ले जा सको

# भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी विश्व चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रही



**भाषा।** यूजीन

**भारत की** अन्नू रानी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 61.12 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ शुक्रवार को यहां महिला भाला फेंक फाइनल में सातवें स्थान पर रही।इस स्पर्धा में लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रतिस्पर्धा करते हुए अन्नू ने अपने दूसरे प्रयास में दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन उनके अन्य पांच थ्रो 60 मीटर की दूरी को पार करने में विफल रहे। अन्नू ने अपने छह प्रयास में भाले को क्रमश: 56.18 मीटर, 61.12 मीटर, 59.27 मीटर, 58.14 मीटर, 59.98 मीटर और 58.70 मीटर दूर फेंका।इस 29 साल की खिलाड़ी का सत्र और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 63.82 मीटर (राष्ट्रीय रिकॉर्ड) हैं। अन्नु इस स्पर्धा में अगर अपने व्यक्तिगत रिकॉर्ड को हासिल करती तो उन्हें पदक मिल जाता लेकिन उन्होंने यहां अपने पूरे अभियान के दौरान संघर्ष किया।इस राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ने 59.60 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफिकेशन दौर में आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह पक्की की थी।गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की केल्सी-ली बार्बर ने 66.91 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। अमेरिका की कारा विंगर ने अंतिम प्रयास में 64.05 मीटर की दूरी के साथ रजत अपने नाम किया, जबकि जापान की हारुका कितागुची ने 63.27 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य जीता।ओलंपिक चैंपियन चीन की शियिंग लिउ 63.25 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ चौथे स्थान पर रही।वह 2019 में दोहा में पिछली विश्व चैंपियनशिप में 61.12 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ फाइनल में आठवें स्थान पर रही थी। लंदन 2017 में वह फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी।सभी की निगाहें अब सुपरस्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा पर होंगी जो पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में जीते गए स्वर्ण पदक के प्रदर्शन को विश्व चैंपियनशिप में दोहराना चाहेंगे। चौबीस बरस के चोपड़ा रविवार (भारतीय समयानुसार सुबह 07:05 बजे) को अगर फाइनल में जीत जाते हैं, तो वह नॉर्वे के एंड्रियास थोरकिल्डसन (2008-09) और विश्व रिकॉर्डधारी चेक गणराज्य के धारक यान जेलेजनी (2000-01 और 1992-93 में) के बाद ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण को एक साथ जीतने वाले भाला फेंक के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे।

# इंग्लिश क्रिकेटर सैम ने नाबाद 410 रन बनाकर इस सदी का सर्वोच्च स्कोर बनाया



**भाषा।** लीसेस्टर (इंग्लैंड)

**सैम नॉर्थईस्ट** शनिवार को इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप के मैच में ग्लेमोर्गन की ओर से नाबाद 410 रन बनाकर एक पारी में 400 से ज्यादा रन बनाने वाले क्रिकेटरों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गए। नॉर्थईस्ट को हालांकि ग्लेमोर्गन के लीसेस्टरशर के खिलाफ पांच विकेट पर 795 रन पर पारी घोषित करने से ब्रायन लारा के 501 रन के विश्व रिकॉर्ड व्यक्तिगत स्कोर को चुनौती देने का मौका नहीं मिला जो वेस्टइंडीज के इस स्टार ने 1994 में इंग्लिश काउंटी मैच में ही वारविकशर की ओर से खेलते हुए बनाया था। नॉर्थईस्ट ने अपनी पारी के दौरान 450 गेंद का सामना किया जिसमें 45 चौके और तीन छक्के शामिल थे। एलीट स्तर के क्रिकेट में यह इस सदी का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। इस 32 साल के खिलाड़ी ने 2004 में ब्रायन लारा के इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए नाबाद 400 रन के टेस्ट रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

# बीसीसीआई उम्र का पता लगाने वाले सॉफ्टवेयर का प्रयोग करेगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**बीसीसीआई** प्रायोगिक तौर पर उम्र धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए मौजूदा टीडब्ल्यूथ्री पद्धति के साथ एक सॉफ्टवेयर का उपयोग करेगा, जिसका उद्देश्य नतीजे को तुरंत प्राप्त करने के साथ लागत में 80 प्रतिशत तक की बचत करना है। आयु धोखाधड़ी के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने वाला बीसीसीआई फिलहाल उम्र निर्धारण के लिए टीडब्ल्यूथ्री पद्धति (बाएं हाथ और कलाई के एक्स-रे पर आधारित) का उपयोग करता है। वर्तमान पद्धति में हर परीक्षण की लागत 2400 रुपए है और इसके परिणाम आने में तीन से चार दिन का समय लगता है जबकि बोनएक्सपर्ट सॉफ्टवेयर का प्रस्तावित उपयोग तात्कालिक परिणाम देगा और लागत केवल 288 रुपए होगी। पूरी प्रक्रिया की व्याख्या करते हुए बीसीसीआई के नोट में कहा गया, आयु की पुष्टि के लिए बीसीसीआई पर्यवेक्षक की उपस्थिति में खिलाड़ियों की कलाई का एक्स-रे कराता है और फिर राज्य क्रिकेट संघ एक्स-रे कॉपी को बीसीसीआई एवीपी (आयु सत्यापन विभाग) के पास भेजता है।

# सिंधू और नीरज से मिलना चाहते हैं : भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रमेश पोवार

**बेंगलुरू।** राष्ट्रमंडल खेलो मे भाग लेने जा रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रमेश पोवार का कहना है कि अगर मौका मिला तो वे बर्मिंघम मे बैडमिंटन सुपरस्टार पीवी सिंधू और तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा से मिलना चाहेगे। महिला क्रिकेट राष्ट्रमंडल खेलो मे पदार्पण कर रहा है और बहु स्पर्धा प्रतियोगिता मे यह टीम का पहला अनुभव होगा। पोवार ने शनिवार को टीम की रवानगी से पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, अगर मौका मिलता है तो हम सभी पीवी सिंधू और नीरज चोपड़ा से मिलना चाहेगे क्योकि दोनो ने इतने ऊंचे मानक स्थापित किए है। साथ ही मै उनकी मजबूत मानसिकता को पढ़ना चाहूंगा और मै उनकी तैयारियो के बारे मे भी काफी उत्सुक हूं क्योकि वे जिस तरह से अरबो लोगो के दबाव से निपटते है, यह काबिले तारीफ है। हम बतौर ग्रुप इन शीर्ष स्तरीय खिलाड़ियो के साथ कुछ नोट साझा करना चाहेगे। वह बहु-स्पर्धा प्रतियोगिता का हिस्सा होने को लेकर भी रोमांचित है। यह पहली बार है जब हम इस तरह के बड़े टूर्नामेंट मे हिस्सा ले रहे है।

## पुलिस ब्वायज व न्यू ब्वायज जीते



**लखनऊ।** जिला फुटबाल लीम में पुलिस ब्वायज व न्यू ब्वायज ने अपने-अपने मैच जीत लिए। पहले मैच में पुलिस ब्वॉयज ने गोरखा क्लब को 2-0 से हराया। पुलिस ब्वॉयज क्लब की ओर से हर्ष वर्मा ने 17 वे मिनटए सोनू ने 42 वे मिनट में गोल किया। दूसरा मैच न्यू ब्वॉयज और पुलिस न्यू ब्वॉयज के बीच हुआ जिसमें यह मैच 1-1 ड्रा रहा । न्यू ब्वॉयज की ओर से अमन ने 19 वे मिनट में गोल किया। पुलिस न्यू ब्वॉयज की ओर से सुमित ने 45 वे मिनट में गोल किया। पहला मैच मिलनी क्लब और लखनऊ ब्वॉयज के बीच होगा। दूसरा मैच 11 स्टार और युवा क्लब के बीच

## जूनियर स्टेट टेटे में आगे बढ़े पैडलर

**लखनऊ।** 35वीं जूनियर स्टेट यूपी कप टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पैडलरों ने अपने-अपने मैच जीतकी अगले दौर में प्रवेश किया। जूनियर बॉयज़ अंडर 17 क्वार्टरफ़ाइनल में अर्चित जैन ने अभिवीर नंदा को,रौनक सिंह ने मौलिक चतुर्वेदी को ,अवि पाल ने अंकित पाल को, जीजेडबी ने अक्षित भाटिया को हराया। जूनियर गर्ल्स अंडर 17 क्वार्टरफ़ाइनल में सुहानी महाजन ने तनीषा मलानी को ,अनिका गुप्ता ने मीता दीक्षित को,अवनि त्रिपाठी ने वैष्णवी यादव को, दिशा ने सुहानी को हराया। सब जूनियर बॉयज-15 से कम क्वार्टर फ़ाइनल में मो हसन ने आर्यन कुमार को, पार्थ प्रभाकर ने आदित्य सिंह को,जीजेबी ने विख्यात कात्याल को,अर्णव पंवार ने अथर्व श्रीवास्तव को, सब-जूनियर गर्ल्स अंडर 15 क्वार्टरफाइनल में सुहानी महाजन ने श्रेया अग्रवाल को ,अनिका गुप्ता ने सारा ढींगरा को ,याशिका तिवारी ने अनोखी केशरी को , अवनि त्रिपाठी ने सुहानी को हराया। कैडेट बॉयज़ अंडर 13 क्वार्टर फ़ाइनल के पार्थ प्रभाकर ने दक्ष खंडेलवाल को,आर्यन कुमार ने केशव खंडेलवाल को वीर कुमार ने देव त्रिपाठी को ,विख्यात कात्याल ने प्रवर पांडे को हराया।

# ब्रिटेन में मौसम से सामंजस्य बैठाने पर ध्यानः मनप्रीत



**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने शनिवार को कहा कि ब्रिटेन पहुंचने कर मौसम के अनुकूल ढलने के बाद यह टीम राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने के लिए जी-जान लगा देगी। टीम 28 जुलाई से आठ अगस्त तक चलने वाले खेलों में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को बर्मिंघम रवाना हुई। उन्होंने रवानगी से पहले यहां कहा, हम इस आयोजन को लेकर काफी उत्साहित हैं क्योंकि हम पिछले कुछ समय से इस प्रतियोगिता को ध्यान में रखकर अभ्यास कर रहे हैं। हम दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रहे हैं। टीम ने पिछले कुछ महीनों में अपनी ताकत और कमजोरियों पर काम किया है और हम यहां पदक जीतने के लिए जो कुछ भी करना हो वह करेंगे। भारत को पूल बी में इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ है। टीम अपने अभियान की शुरुआत 31 जुलाई को घाना के खिलाफ करेगी। मनप्रीत का मानना है कि एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग के 20212022 सत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद भारत का तीसरा स्थान हासिल करना बर्मिंघम में मददगार होगा।

### राष्ट्रमंडल खेलों के पदार्पण पर हरमनप्रीत ने कहा, इन्हें देखते हुए बड़ी हुई हूं



**बेंगलुरू।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर राष्ट्रमंडल खेल जैसी बहु स्पर्धा प्रतियोगिताएं देखते हुए बड़ी हुई है और वह 28 जुलाई को देश के दल के साथ उतरने की बात सोचकर ही काफी उत्साहित है। महिला क्रिकेट राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण कर रहा है। हरमनप्रीत ने शनिवार को यहां बर्मिंघम रवानगी से पहले प्रेस कांफ्रेस मे कहा, यह टूर्नामेंट हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस बार हम पदक के लिए खेल रहे है। अगर मै खुद के बारे में बात करूं तो हम इस तरह के टूर्नामेंट देखते हुए बड़े हुए है और हम खुश है कि हमें भी एक मौका मिल रहा है, हम भी इस बड़ी प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे। मुझे लगता है कि अगर हमें इस तरह के मौके मिलते रहे तो यह भविष्य मे हमारे लिए शानदार होगा। हरमनप्रीत इससे पहले विश्व कप मे खेल चुकी है और वह इस अलग तरह के अनुभव के लिए तैयार है। अब इस प्रतियोगिता मे सिर्फ क्रिकेट पर ही चर्चा नही होगी बल्कि अन्य (स्पर्धा की) टीमो पर भी होगी और हम उनके लिए चीयर करेंगे। हम प्रत्एक पदक का जश्न मनाना चाहते है। यह अनुभव हमारे लिए पूरी तरह से अलग होगा, जिससे हम बहुत उत्साहित है।

### अखबार के लेख ने किस तरह बदली मुक्केबाज सागर अहलावत की जिंदगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय मुक्केबाजी दल के सदस्य सागर अहलावत का कहना है कि 2015 मे फ्लॉएड मेवेदर जूनियर और मैनी पैक्यिाओ के बीच फाइट ऑफ द सेंचुरी पर अखबार मे छपा लेख पढ़ने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई। यह लेख पढ़ने के सात साल बाद 20 साल का मुक्केबाज बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो मे पुरूषो की 92 किग्रा सुपर हैवीवेट स्पर्धा मे चुनौती पेश करने के लिए तैयार है जिसमें वह पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सागर ने पीटीआई से कहा, मै पढ़ाई में अच्छा नही था। मेरे से पढ़ाई नही होती थी।

# दक्षिण अफ्रीका 83 रन पर आउट, इंग्लैंड ने 118 रन से जीता मैच

**भाषा।** मैनचेस्टर

**सैम कुरेन** और लियाम लिविंगस्टोन की आतिशी पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय मैच में शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 118 रन से शिकस्त दी। इंग्लैंड की इस जीत से तीन मैचों की श्रृंखला को।-। से बराबर हो गई। बारिश के कारण मैच चार घंटे की विलंब से शुरू हुआ और इस 29-29 ओवर का कर दिया गया। मैन ऑफ द मैच कुरेन ने 18 गेंद में 35 और लिविंगस्टोन ने 26 गेंद में 38 रन बनाए। कुरेन ने दो ओवर में पांच रन देकर एक विकेट भी चटकाया। इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 28.1 ओवर में 201 रन पर आउट हो गई। टीम ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पारी को 20.4 ओवर में 83 रन पर समेट दिया।